वर्ष : 06 अंक : 290

बोकारो

पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया

शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024

RNI No. : JHAHIN/2018/76658

# हिन्दी दैनिक झारखंड दर्शन



Email : jharkhanddarshan405@gmail.com

Website: jharkhanddarshan.net

## एक नजर

### दो आईपीएस का तबादला, स्पेशल ब्रांच के एसपी बने चंदन झा



**रांची।** चुनाव आयोग की सहमति के बाद राज्य सरकार ने दो आईपीएस का तबादला किया है। जेएपीटीसी पदमा एसपी के पद पर पदस्थापित चंदन झा को स्पेशल ब्रांच का एसपी बनाया गया है, जबकि पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत अजीत पीटर डुंगडुंग को जैप-1 कमांडेंट बनाया गया है। इस संबंध में गुरुवार की देर शाम गृह, कारा एवं आपदा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### अधिवक्ता राजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**रांची।** कोलकाता कैश कांड में आरोपित झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को सुनवाई हुई।अदालत ने सुनवाई के बाद राजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। कैश कांड में सीबीआई की दिल्ली शाखा ने तीन फरवरी को कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल और राजीव कुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इस पर अदालत ने संज्ञान लेते हुए आरोपित को समन जारी किया है। इसपर अदालत ने संज्ञान लेते हुए आरोपित को समन जारी किया है। राजीव कुमार ने चार अप्रैल को राहत के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। इस मामले में अमित अग्रवाल जेल में है। राजीव कुमार को कोलकाता में 50 लाख रुपए नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था।

### यूट्यूबर मनीष कश्यप भाजपा में

**नई दिल्ली।** बिहार के चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी, पार्टी सांसद मनोज तिवारी, पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख संजय मयूख और अपनी मां की मौजूदगी में मनीष कश्यप ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मनीष कश्यप ने बिहार में पुल ढहने का यूट्यूब फुटेज बनाया था, जो काफी वायरल हुआ था। उसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कार्रवाई की थी।

## गांडेय विधानसभा से कल्पना सोरेन और जमशेदपुर लोस सीट से समीर मोहंती बने झामुमो के उम्मीदवार

संवाददाता

**रांची।** झारखंड के गांडेय विधानसभा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन उपचुनाव लड़ेंगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने उन्हें गांडेय विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है जबकि पार्टी ने जमशेदपुर लोकसभा सीट से बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंती को प्रत्याशी बनाया है। हेमंत सोरेन के जेल जाने से पहले ही कल्पना सोरेन के राजनीति में उतरने की बात सामने आई थी। इसलिए पिछले वर्ष गांडेय से जेएमएम विधायक सरफराज अहमद ने इस्तीफा दिया था और इसी को खाली कराया गया था। लोकसभा चुनाव के लिए महागठबंधन के निर्धारित फॉर्मूले के अनुसार जेएमएम के कोटे में पांच लोकसभा सीटें





आई हैं। पार्टी ने चार सीटों के लिए उम्मीदवार पहले ही घोषित कर दिया था और आज पांचवी सीट जमशेदपुर के लिए भी उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी।

झामुमो ने आरक्षित लोकसभा सीट राजमहल से विजय हांसदा और सिंहभूम से जोबा मांझी को उम्मीदवार बनाया है। वहीं दुमका से नलिन सोरेन को उम्मीदवार बनाया गया है तो गिरिडीह सीट से मथुरा प्रसाद महतो को प्रत्याशी बनाया गया है। लैंड स्कैम मामले में जब से हेमंत सोरेन पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी, तभी से बतौर सीएम कल्पना का नाम चल रहा था, लेकिन उनकी विधायकी को लेकर दिक्कतें आ रही थीं।जिस परेशानी का निदान सरफराज अहमद के गांडेय विधानसभा सीट छोड़ कर निकला। पार्टी ने उन्हें राज्यसभा भेजा है। जबकि रिक्त सीट पर कल्पना सोरेन चुनाव लड़ेंगी।

## राहुल को हाईकोर्ट से राहत

संवाददाता

**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को झारखंड हाई कोर्ट से गुरुवार को बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने चाईबासा सिविल कोर्ट द्वारा उनके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। साथ ही अदालत ने निचली अदालत में चल रही कार्यवाही पर भी रोक लगा दी है। वहीं न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट ने इस केस के सूचक को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

यह मामला भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में देश के गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने से जुड़ा है।

चाईबासा सिविल कोर्ट ने 27 फरवरी को अवमानना मामले में सुनवाई करते हुए राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। जिसके खिलाफ राहुल गांधी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। राहुल गांधी की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और दीपांकर राय ने बहस की।

### लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण : 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग आज

## राहुल गांधी, हेमा मालिनी समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग होनी है। 26 अप्रैल को केरल की सभी 20 सीटों पर, कर्नाटक की 28 में से 14 सीटों पर, राजस्थान की 13 सीटों पर, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की 8-8 सीटों पर, मध्य प्रदेश की 7 सीटों पर, असम और बिहार की 5-5 सीटों पर, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की 3-3 सीटों पर, जबकि मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर में 1-1 सीट पर मतदान होगा।

मालूम हो कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी। इसमें करीब 65.5 प्रतिशत मतदान हुआ था। दूसरे चरण में जिन सीटों पर वोटिंग होनी है, वहां से कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इसमें तिरुवनंतपुरम से केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, कर्नाटक से भाजपा नेता तेजस्वी सूर्या, मथुरा से हेमा मालिनी, मेरठ से अरुण गोविल, वायनाड से कांग्रेस नेता राहुल गांधी, तिरुवनंतपुरम से शशि थरूर, कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी (जेडीएस) शामिल हैं।



### यूपी की 8 सीटों पर होगा मतदान

दूसरे फेज में यूपी की जिन 8 लोकसभा सीटों पर 26 अप्रैल को वोटिंग होनी है, उनमें अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा शामिल हैं> दूसरे चरण के मतदान में 91 उम्मीदवारों का भविष्य तय होगा। इसमें मथुरा से तीसरी बार चुनाव लड़ रहीं हेमा मालिनी और मेरठ से चुनावी ताल ठोक रहे अरुण गोविल भी शामिल हैं। अमरोहा से कांग्रेस के दानिश अली, गाजियाबाद से भाजपा के अतुल गर्ग, गौतम बुद्ध नगर से महेश शर्मा भी चुनावी मैदान में हैं, और अपने क्षेत्रों का दौरा कर लोगों से लगातार समर्थन मांग रहे हैं।

### यूपी में होगा त्रिकोणीय मुकाबला

यूपी में एनडीए, इंडिया ब्लॉक और बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा। इसमें सभी राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता चुनाव प्रचार में उतर रहे हैं। एक ओर जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्तारूढ़ एनडीए के लिए प्रचार किया, तो वहीं समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, बसपा अध्यक्ष मायावती और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) प्रमुख जयंत सिंह ने अपनी पार्टी के कैंडिडेट के लिए चुनाव प्रचार किया।

### पिछली बार एनडीए ने 61 सीटों पर जमाया था कब्जा

दूसरे चरण की 88 सीटों में पिछली बार चुनाव में एनडीए ने 61 सीट जीती थी और यूपीए ने 24, जबकि अन्य को तीन सीट मिली थी। जनता दूसरे चरण में दो कैबिनेट और चार राज्यमंत्रियों की किस्मत का फैसला करेगी। इस चरण में 29 सीटें ऐसी हैं, जहां भाजपा ने कभी जीत हासिल नहीं की है। इनमें सबसे ज्यादा केरल की 20 सीटें हैं। उत्तर प्रदेश की बात करें तो दूसरे चरण में आठ सीटों पर वोटिंग है, जिनमें से 7 सीट पिछली बार 2019 में भाजपा के ही पास थी।

### चंपाई सोरेन ने भाजपा पर जमकर साधा निशाना, बोले

## भाजपा शासन में महंगाई चरम पर

संवाददाता

**गुमला/रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में महंगाई से जनता त्रस्त है। 2014 में महंगाई कम थी, सिलेंडर के दाम कम थे, युवाओं को रोजगार मिल रहा था लेकिन यह झूठे वादे कर महंगाई कम करने और हर साल दो करोड़ रोजगार देने के नाम पर सत्ता में आए और उस समय से जनता को ठगने का काम कर रहे हैं। सोरेन गुरुवार को लोहरदगा लोकसभा के कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत के नामांकन के अवसर पर टाउन हॉल में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने आवास योजना को भी पैसा देना बंद कर दिया तब हम लोगों ने अबुवा आवास योजना लाया। तीन कमरा का मकान देने का काम कर रहे हैं और छात्रवृत्ति भी हमारी सरकार दे रही हैं। साथ ही सर्वजन पेंशन भी हमारी सरकार दे रही है। आईएनडीआईए गठबंधन के प्रत्याशियों को झामुमो, राजद, कांग्रेस के कार्यकर्ता, नेता और विधायक सभी मिलकर 14 सीट पर विजयी बनायेंगे।

मौके पर कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा



कि इस बार के चुनाव में आपने अगर इंडिया गठबंधन के प्रतिनिधि को चुनकर लोकसभा में भेजने का काम किया तो अगले पांच वर्षों में आप देखेंगे कि इन्होंने आपके लिए क्या काम किया। मैं सभी विधायकों और नेताओं से कहता हूं कि आप अपने-अपने क्षेत्र में आईएनडीआईए गठबंधन के उम्मीदवार को मजबूती प्रदान करते हुए जीत दिलाने का काम करें।

कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस देश की अस्मिता को बचाए रखना हमारा आपका धर्म है ।आज भाजपा के कुकर्मों की वजह से इस देश में लोग एक दूसरे को शक की निगाह से देख रहे हैं। हिंदू -मुस्लिम को और मुस्लिम-हिंदू को शक की निगाह से देख रहा है। इनका काम यही है लेकिन हमें और आपको इस दौर में सावधान रहना है। ताकि इस देश में शांति कायम रहे। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे आरोपों में जेल भेज कर भाजपा अपनी मानसिकता दर्शा दी है कि यह अपने स्वार्थ में किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश के मुख्य मुद्दों पर बात करने की बजाय प्रधानमंत्री मंगलसूत्र,मटन,मछली और मुस्लिम के मामले में देश की जनता को उलझाने का काम कर रहे हैं। लेकिन इस बार आपको इस झांसे में नहीं आना है।

कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि भाजपा ने इस देश में बेरोजगारों की एक फौज खड़ी कर दी है। महंगाई की मार से देश का हर घर मे हाहाकार मचा हुआ है लेकिन चुनाव जीतने के लिए हर तरह के झूठ और पुनः जनता को बेवकूफ बनाने वाले वादों से प्रधानमंत्री मोदी चूक नहीं रहे हैं।

### मोदी और राहुल के बयान पर चुनाव आयोग सख्त

## भाजपा और कांग्रेस को भेजा नोटिस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए क्रमशः भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस को नोटिस जारी किया है। आयोग का कहना है कि स्टार कैंपनर के तौर पर नेताओं की अपनी जिम्मेदारी तो है ही लेकिन पार्टी की भी जिम्मेदारी बनती है।

चुनाव आयोग ने दोनों पार्टियों के अध्यक्ष भाजपा के जेपी नड्डा और कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस जारी कर 29 अप्रैल तक उनके स्टार कैंपनर के बयानों पर स्पष्टीकरण मांगा




है। साथ ही शिकायतों की प्रतिलिपि भी भेजी है। आयोग ने दोनों पार्टियों के अध्यक्षों से अपने स्टार कैंपनेर को आदर्श आचार संहिता संबंधित ध्यान कराने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने 21 अप्रैल को बांसवाड़ा में एक बयान दिया था। इसमें उन्होंने कहा था कि लोगों की कमाई का पैसा घुसपैठियों को दिया जाएगा। उधर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल के कोट्टायम में कहा था कि भाजपा एक देश, एक भाषा और एक धर्म की बात कर रही है।

### पटना जंक्शन के पास होटल में लगी भीषण आग, 20 झुलसे

## छह की मौत, तीन लोगों की हालत गंभीर

एजेंसी

**पटना।** राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित जंक्शन के पास गुरुवार को पाल होटल में भीषण आग लग गई। इस दुर्घटना में अबतक छह लोगों की मौत हो चुकी है। 20 लोग बुरी तरह से झुलस गए हैं, जबकि 45 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। आग में झुलसे लोगों को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि मृतकों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है।

गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे



पटना जंक्शन के पास स्थित पाल होटल में आग लगने के बाद चीख पुकार मच गई। देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई और दर्जनों लोग उसमें फंस गए। गर्म पछुआ हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बिल्डिंग के नीचे खड़ी कई गाड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने के बाद मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। सबसे पहले दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए आसपास के फायर स्टेशनों से दमकल की और गाड़ियां मंगाई गईं। करीब दो दर्जन से अधिक दमकल की गाड़ियों की मदद से फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। इस दौरान होटल में फंसे 30 से अधिक लोगों का रेस्क्यू किया गया। पुलिस ने आग में झुलसे लोगों को पीएमसीएच में भर्ती कराया है। पुलिस ने इस घटना में 6 लोगों के मौत की पुष्टि की है। पटना के सिटी एसपी सेंट्रल चंद्रप्रकाश ने 6 लोगों की मौत की जानकारी दी है।

### रक्षा सौदा | फ्रांस ने दिया स्कॉर्पीन का मॉडल

## कलवरी क्लास की 3 पनडुब्बियां खरीदेगा भारत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फ्रांस की यात्रा पर गए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने पेरिस में फ्रांसीसी नौसेना समूह मुख्यालय का दौरा किया। शीर्ष अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और स्कॉर्पीन मॉडल प्रस्तुत किया। सीडीएस ने अपनी इस यात्रा के दौरान कलवरी क्लास की 3 और पनडुब्बियां लेने के लिए फ्रांस के साथ बातचीत को अगले दौर में बढ़ाया है। फिलहाल प्रोजेक्ट-75 की पांच पनडुब्बियां भारतीय नौसेना की सेवा में हैं और छठी जल्दी ही कमीशन में आ जाएगी। तीन और पनडुब्बियों का सौदा 3-3.5 अरब डॉलर के बीच होने की उम्मीद है।



जनरल अनिल चौहान फ्रांस की आधिकारिक यात्रा पर 21 अप्रैल को रवाना हुए थे। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सशक्त रक्षा संबंधों को और भी सुदृढ़ करना है, जिनमें पिछले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण रूप से काफी तेजी आई है। यात्रा के दौरान सीडीएस ने सैन्य उपकरणों और उच्च प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए फ्रांस के आयुध महानिदेशालय के जनरल प्रतिनिधि इमैनुएल चिवा से मुलाकात की। उन्होंने फ्रांसीसी रक्षा

- सीडीएस ने पेरिस में फ्रांसीसी नौसेना समूह मुख्यालय का दौरा किया
- जनरल अनिल चौहान ने फ्रांस के साथ बातचीत को अगले दौर में बढ़ाया

उद्योग के शीर्ष नेतृत्व के साथ भी बातचीत की। उन्होंने सफ्रान समूह मुख्यालय, डसॉल्ट एविएशन और नौसेना समूह मुख्यालय सहित कुछ अन्य प्रतिष्ठित रक्षा उद्योग इकाइयों का दौरा किया। सीडीएस जनरल चौहान ने अपने फ्रांसीसी समकक्ष जनरल थिएरी बर्कहार्ट के साथ बातचीत की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग, आपसी सुरक्षा चिंताओं और दोनों देशों के बीच सैन्य आदान-प्रदान बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। सीडीएस को फ्रेंच रिपब्लिकन गार्ड ने गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया। जनरल चौहान ने नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर हायर डिफेंस स्टडीज के निदेशक और आयुध महानिदेशक से मुलाकात की। उन्होंने फ्रांस के वरिष्ठ सैन्य एवं नागरिक नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श किया। सीडीएस की यह यात्रा दोनों देशों के बीच मजबूत रक्षा संबंधों को और गहरा करने के लिए महत्वपूर्ण है, जिसमें पिछले कुछ वर्षों में काफी तेजी आई है।

## संवैधानिक प्रावधान के नाम पर निजी संपत्ति पर नहीं कर सकते हैं कब्जा : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि निजी संपत्ति का इस्तेमाल जरूरत पड़ने पर सार्वजनिक हित के लिए भी किया जा सकता है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 9 सदस्यीय बेंच ने ये टिप्पणी की है।

दरअसल, 9 सदस्यीय संविधान बेंच इस सवाल पर विचार कर रही है कि क्या किसी की निजी संपत्ति को संविधान के अनुच्छेद 39बी और 31सी के तहत सामुदायिक भौतिक संसाधन माना जा सकता है। क्या इसका इस्तेमाल सरकार सार्वजनिक हित के लिए किया जा सकता है। अनुच्छेद 39बी में कहा गया है कि सरकार अपनी नीति ऐसी बनाएगी

- जरूरत पड़ने पर सार्वजनिक हित के लिए भी इस्तेमाल की जा सकती है निजी संपत्ति



कि सामुदायिक भौतिक संसाधनों को वितरण ऐसे हो, जिससे आम जनता का हित सध सके।

कोर्ट में मुंबई के प्रोपटी ऑनर्स एसोसिएशन सहित अन्य पक्षकारों ने दलील दी है कि संवैधानिक प्रावधान के नाम पर राज्य के अधिकारी निजी संपत्ति पर कब्जा नहीं कर सकते हैं। एसोसिएशन का कहना है कि अनुच्छेद 39बी और 31सी की संवैधानिक योजनाओं के तहत संपत्ति पर कब्जा नहीं किया जा सकता है।

नौ सदस्यीय संविधान बेंच में चीफ जस्टिस के अलावा जस्टिस ऋषिकेश राय, जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस सुधांशु धुलिया, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस राजेश बिंदल, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस एजी मसीह हैं।

# मतदान दिवस के लिए वाहन प्रबंधन रखें सही नागरिकों को न हो कोई असुविधाः रवि कुमार

संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने परिवहन विभाग से कहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान वाहन प्रबंधन इस ढंग से करें कि मतदान दिवस के दिन माहौल कर्फ्यू जैसा न रहे। आम नागरिकों को आवागमन में कोई असुविधा न हो, इसका हर संभव ध्यान रखें। आम नागरिक सहित चुनाव कार्य से जुड़े मतदान कर्मियों एवं सुरक्षा बलों को चुनाव ड्यूटी के दौरान आवागमन में कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए।

इसके लिए असेसमेंट कर 26 अप्रैल तक वाहन प्रबंधन से संबंधित रिपोर्ट सौंपना सुनिश्चित करें।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार गुरुवार को निर्वाचन सदन से सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव, सभी जिलों के जिला परिवहन पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी संग वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वाहन प्रबंधन की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को लाने के लिए भी पुख्ता इंतजाम रखें, ताकि मतदान केन्द्र पर खुद चलकर आने में अक्षम मतदाताओं को सुविधा हो और वे उत्साहपूर्ण तरीके से मतदान केन्द्र तक पहुंचे और मतदान करें।

उन्होंने दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए स्थानीय स्तर पर छोटे वाहनों की उपलब्धता हेतु प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने वाहनों की एडवांस तैयारी करने और आवश्यकता के अनुरूप संबंधित नजदीकी जिलों से संपर्क स्थापित कर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

राज्य पुलिस के नोडल पदाधिकारी ए.वी होमकर ने कहा कि पुलिस जवानों को पहुंचाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की पूर्व तैयारी कर लें, ताकि पुलिस जवानों को कोई परेशानी न हो और वे ससमय संबंधित गंतव्य पर पहुंच सकें।

बैठक में निर्वाचन सदन से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, परिवहन सह कल्याण सचिव कृपानंद झा, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी के अलावा अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह एवं डॉ. नेहा अरोड़ा, एसटीएफ के डीआईजी इन्द्रजीत महथा, आईजी धनंजय कुमार सिंह, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-स्वीप के राज्यस्तरीय पदाधिकारी देवदास दत्ता एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## शातिर ठग गिरफ्तार, 1.74 लाख बरामद

संवाददाता

**रांची।** रांची की लालपुर थाना पुलिस ने एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। वह अपने आप को कृषि विभाग का पदाधिकारी बताकर लोगों से ठगी करता था। शातिर ठग का नाम दीपक कुमार श्रीवास्तव है। इसके पास से एक लाख 74 हजार 500 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। साथ ही इसके पास से तीन मोहर, जिस पर कृषि निदेशक झारखंड, जिला कोषागार पदाधिकारी धनबाद और जिला योजना पदाधिकारी धनबाद लिखा है, बरामद किया है। इसके अलावा अलग-अलग व्यक्ति का आधार कार्ड, सात पासबुक, 10 खाली चेक तथा चार मोबाइल फोन बरामद किया है।



एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि शातिर ठग दीपक कुमार श्रीवास्तव मोरहाबादी मैदान में आकर कृषि विभाग का पदाधिकारी बताकर ठगी कर रहा है। साथ ही सरकारी विभाग का स्टांप-मोहर भी रखे हुए है। वह कई थानों के दर्ज मामले में वांछित है। सूचना के बाद लालपुर थाना प्रभारी आदिकांत महतो के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने शातिर ठग को मोरहाबादी मैदान में पकड़ लिया। इसके बैग से ठगी किया हुआ पैसा सहित अन्य सामान बरामद किया है। पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि बरामद मोहर, पासबुक, चेक का उपयोग वह ठगी के लिए करता है।

एसएसपी ने बताया कि लालपुर थाना के एक पुराने मामले (कांड सं0-258/17) में विगत छह वर्षों से वह फरार था। इसका स्थायी पता उपलब्ध नहीं रहने के कारण पुलिस ठग को पकड़ नहीं पा रही थी। एसएसपी ने बताया कि इस मामले में कल्याण विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर कुल 155 लोगों से 75 लाख 65 हजार रुपये की ठगी की गई थी। आरोपित ने पैसे की लालच में ठगी करता था।

एसएसपी ने बताया कि कांके होचर के एक वकील से 12 लाख रुपये ठगी करने के मामले में आरोपित को पांच वर्ष की सजा भी हुई है। आरोपित पांच साल तक होटवार जेल में था। जेल से बाहर निकलने के बाद फिर से ठगी करने लगा।

## मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने के लिए आज तक का समय



संवाददाता

**रांची।** मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करने के लिए एक दिन 26 अप्रैल तक का समय दिया गया है। जिला प्रशासन की ओर से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार 26 अप्रैल को सुबह छह से नौ बजे तक ऑक्सीजन पार्क के सामने मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए कैंप का आयोजन किया जा रहा है। मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए एक दिन का समय है। गुरुवार सुबह छह से नौ बजे तक ऑक्सीजन पार्क के सामने मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें -118 नये मतदाता फॉर्म लेकर गए । शुक्रवार को भी सुबह छह से नौ बजे तक ऑक्सीजन पार्क के सामने भी कैंप लगेगा। जो लोग अपना नाम मतदाता सूची में नहीं जोड़ पाए हैं। वे आयु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, रंगीन पासपोर्ट की फोटो के साथ कल एक फॉर्म भर सकते हैं।

## हथियार के साथ दो गिरफ्तार

### पल्सर व मोबाइल जब्त
### ठाकुरगांव से प्रेमिका से मिलने पहुंचे थे बड़ागांई

संवाददाता

**रांची।** सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने अपने खबरी की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पल्सर मोटरसाइकिल से आये दो युवकों ठाकुरगांव के मनातु के रहने वाले मोईन अंसारी और गुलजार अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिले के पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा और शहर के एसपी राजकुमार मेहता ने संयुक्त रुप से बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपी ठाकुरगांव थाना के ग्राम मनातु के रहने वाले हैं, ये दोनों अपनी माशूका से मिलने बड़ागांई बस्ती आये हुए थे, जिसकी सूचना पुलिस को मिली उसके बाद थाना प्रभारी कुलदीप



कुमार के नेतृत्व में बनी टीम त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़ागांई छठ तालाब के पास इन्हें पकड़ लिया।

जांच करने पर इनके कमर से हथियार व गोलियां बरामद की गयी।

इनके पुराने अपराधिक इतिहास की जानकारी फिलहाल पुलिस को नहीं मिली है।

### ब्राउन शुगर खरीद बिक्री करते एक धराया

जिले के पुलिस आलाधिकारियों के निर्देश पर लोक सभा चुनाव को लेकर मादक पदार्थों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के दौरान सदर थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए बांधगाड़ी मंदिर के पीछे मिलन चौक के पास से ब्राउन शुगर बिक्री करते हुए एक आरोपी अभिषेक जायसवाल को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए एसएसपी व सिटी एसपी ने बताया कि आरोपी के पास से कई छोटे पुड़िया में बंद लगभग तीन ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है,आरोपी के मुताबिक वह इसे पांच से छह सौ रुपये में बाजार में बिक्री करता था।

## हाईकोर्ट के आदेश के बाद जागा नगर निगम और जिला प्रशासन

संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के आदेश के बाद रांची नगर निगम और जिला प्रशासन ने गुरुवार की सुबह अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इसमे शहर के कचहरी रोड, शहीद चौक, मेन रोड, लालपुर, कोकर, अरगोड़ा इलाके में टीम ने सड़क किनारे लगी दुकानों को हटाया।

साथ सड़क पर सजी दुकानों के सामान जब्त कर लिये गये। कई लोगो को हिदायत देकर छोड़ दिया गया। वहीं कई लोग अतिक्रमण हटाओ टीम को पहुंचते ही अपने सामानों को उठाकर इधर-उधर भाग खड़े हुए। टीम की ओर से सड़कों पर अतिक्रमण कर ठेला, गुमटी, तिरपाल नुमा दुकाने आरै फूट-पाथ पर लगी दुकानो को हटाया गया। सुबह अतिक्रमण हटाने के बाद दोपहर तक बाजार



में सन्नाटा पसरा रहा। लेकिन शाम होते ही सड़कों पर फिर से दुकानें सज गईं और बाजार गुलजार हो गए। सड़कों पर दुकानें लगीं, तो फिर जाम भी लगने लगा। इस पर न तो दूबारा निगम व जिला प्रशासन की टीम न यातायात पुलिस इस पर कोई कार्यवाही की। वहीं अपर बाजार के दीनबंधु लेन, सोनार पट्टी, पुस्तक पथ, महावीर चौक, श्रद्धानंद पथ में भी प्रत्तेक दिनों की तरह लोगों को जाम का दंश झेलना पड़ा। जहां लोग अपनी दुकानों का सामान, वाहन लगाकर अपने कार्य को अंजाम दे रहे हैं। इसपर प्रशासन की नजर नहीं पड़ती है।

## उमेश नजीर की तीसरी पुण्यतिथि मनी

**रांची।** कॉमरेड उमेश नजीर की तीसरी पुण्यतिथि सदर थाना क्षेत्र के शांति नगर गढ़ा टोली में मनाई गई। इस मौके पर कॉमरेड उमेश नजीर के जीवन पर संक्षिप्त जानकारी दी गई और उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन रखकर उनकी तस्वीर पर फूल अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर छोटे-छोटे बच्चों ने भी उमेश नजीर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर शांति नगर,गढ़ा टोली, कांटाटोली चौक, मुन्ना चौक आदि क्षेत्रों से महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। इसमें अग्ता पन्ना, शहजादी खातून, फरजाना फारुखी कशिश खातून, अफसाना बेगम, सरानी सोय, बाबी मुंडा, अशोक मुंडा, परवेज कुरैशी, सहित बच्चे उपस्थित थे।

## रांची में 30 अप्रैल से राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का आयोजन

संवाददाता

**रांची।** रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में 30 अप्रैल से देश की पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग (एनडब्ल्यूएचएल) का आयोजन होगा। यह नौ मई तक खेला जाएगा। इसमें युवा महिला खिलाड़ियों के हाथों हॉकी स्टिक का जादू देखने को मिलेगा।

हॉकी झारखंड के प्रमुख और हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि राष्ट्रीय



महिला हॉकी लीग हमारे महिला खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने और घरेलू स्तर पर उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। लीग का चरण-1 रांची में 30 अप्रैल से 9 मई 2024 तक आयोजित होगा जो देश में महिला हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा।

अपनी तरह का यह पहला घरेलू लीग टूर्नामेंट होगा। इसमें देश की शीर्ष महिला हॉकी प्रतिभाओं का रोमांचक प्रदर्शन दिखेगा। एनडब्ल्यूएचएल का लक्ष्य खेल को ऊपर उठाना और स्थापित तथा महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए एक मंच प्रदान करना भी है।

## स्वीप के तहत मतदान जागरुकता कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता

**रांची।** रांची के संत जेवियर्स कॉलेज में स्वीप के तहत गुरुवार को मतदान जागरुकता कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में युवाओं के साथ सभी स्टेक होल्डर्स की भागीदारी से मतदान प्रतिशत बेहतर हो सकता है, इलेक्शन मशीनरी के जरिये लगातार इस संबंध में प्रयास किये जा रहे हैं। सिन्हा ने



कहा कि रांची जिला में मतदान से पहले घर-घर तक वोटर स्लिप पहुंचाया जायेगा, वोटर लिस्ट में नाम होने पर मतदाता इपिक के अलावा अन्य 12 में से कोई भी दस्तावेज दिखाकर वोट कर सकते हैं। नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग-सह-उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने कार्यशाला के दौरान उपस्थित छात्रों को चुनाव से संबंधित विभिन्न ऐप्स एवं उनके उपयोग के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में सवैतनिक अवकाश होता है, लोगों को इस बारे में बताये और परिवार के साथ बूथ तक पहुंचकर वोट करें। अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार ने बताया कि रांची लोकसभा क्षेत्र के योग्य नागरिक अब 26 अप्रैल 2024 तक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। कॉलेज के छात्रों ने कार्यशाला के दौरान इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लव को प्रमोट करने के बारे अपने सुझाव दिये। छात्रों से चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सवाल भी पूछे गये और सही जवाब देनेवालों छात्रों को उपहार भी दिया गया। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से रांची वोटर्स ऐंथम बनाने वाली टीम के क्रिएटिव डॉयरेक्टर शादाब हसन, सिंगर नेहा कौर और लिरिसिस्ट अमित परिहार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मतदाता जागरुकता के लिए कला दल के जरिये नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया।

## एक नजर

### उर्दू विभाग में सेमिनार का हुआ आयोजन

**रांची।** उर्दू स्नातकोत्तर विभाग में झारखण्ड की हिन्द आर्याइ भाषाएं और उर्दू पृष्ठ भूमि और समानताएं विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता करते हुए बांग्ला विभाग की अध्यक्षता डॉक्टर निवेदिता सेन ने कहा कि बांग्ला भाषा में भी उर्दू शब्द घूल मिल गया है। उन्हों ने कहा कि सारी भाषाओं का काम समाज में संवाद स्थापित करना है और प्रेम भाव बढाना है। संस्कृत की विभागाध्यक्षा डॉक्टर उषा टोप्पो ने कहा कि उर्दू के मुहावरे जन मानस की भाषा का अभिन्न अंग बन गए हैं। उर्दू विभाग के डॉक्टर एजाज अहमद ने कहा कि उर्दू और हिन्दी विभाग में बहुत समानताएं हैं लेकिन लिपी के कारण जनता उर्दू के विशाल साहित्य से अनभिज्ञ हैं। उर्दू विभागाध्यक्ष डॉक्टर रिजवान अली ने विषय प्रवेश कराते हुए झारखण्ड की सभी भारोपीय भाषाओं जैसे, बांग्ला, नागपुरी, खोरठा,मगही, भोजपुरी ,उड़िया, तमड़िया, पंचपरगनिया, अंगिका, भोजपुरी,के साथ उर्दू भाषा को भी झारखंड की समृद्ध भाषा बताया और कहा कि लिपि से इतर व्याकरण और शब्दावली का वृहद शब्द कोष संस्कृत,पाली और प्राकृत के तदभव और तत्सम के योग से बना है। संगोष्ठी का संचालन इंतखाब अली और शम्सुल हक ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर हैदर अली ने किया।

### हनुमान जी की छठी 29 को, होगा महाभंडारा

**रांची।** सूरज संगम की ओर से 29 अप्रैल को हनुमान जी की छट्टी का कार्यक्रम होगा। इस मौके पर संध्या पांच बजे से महा भंडारा का आयोजन होगा। होगा सूरज संगम के संस्थापक शंकर प्रसाद ने कहा की सनातन धर्म के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने वाली कई संस्थाओं को सनातन रत्न से सम्मानित किया जाएगा इसमें श्री राधा कृष्ण मंदिर कृष्ण नगर कॉलोनी रातु रोड , शोभा समिति श्री काली मंदिर नीचे गुदरी, श्री महावीर मंडल मल्ल्हा टोली, श्री हनुमान मंदिर रांची, श्री महावीर मंडल माली टोला, शिव मंदिर चौक हिंदपीढ़ी, श्री महावीर मंडल गोपाल मार्ग बंशी चौक हिंदपीढ़ी का चयन किया गया है। सूरज संगम की ओर से इस वर्ष हीरक जयंती के रूप कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर ने 1925 में झारखंड श्री रामनवमी का शुभारंभ किया था उनके स्मृति में सभी श्री रामनवमी आयोजक समिति झांकी अखाड़ा वाले को पुरुष्कार दिया गया साथ ही कृष्ण लाल साहू 1929 श्री रामनवमी रांची के फाउंडर और स्वर्गीय चमरा राम संस्थापक श्री महावीर मंडल मल्हाह टोली रांची के स्मृति में बाल झाकी को पुरुस्कार दिया गया।

### डायवर्ट होकर चलेगी रांची-हावड़ा एक्सप्रेस

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे में आद्रा-खड़गपुर रेलखंड के पियारडोबा स्टेशन पर चलने वाले यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के कारण कई ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है। कुछ का आंशिक सपामन भी किया गया है। ट्रेन नंबर 18628 रांची-हावड़ा एक्सप्रेस, बोकारो-चंद्रपुरा-महुदा-भोजूडीह-आद्रा-बांकुड़ा की बजाय कोटशिला-पुरुलिया-चांडिल-टाटा-खड़गपुर होकर 28 और 29 अप्रैल व ट्रेन नंबर 18627 हावड़ा-रांची एक्सप्रेस वापसी में खड़गपुर-टाटा-चांडिल- पुरुलिया-कोटशिला होकर चलेगी। वहीं दूसरी ओर गोमो-खड़गपुर एक्सप्रेस बांकुड़ा तक ही चलेगी। फिर वहीं से वापस गोमो आ जाएगी। ट्रेन नंबर 18024 गोमो-खड़गपुर एक्सप्रेस 26, 27, 28, 29 अप्रैल और ट्रेन नंबर 18023 खड़गपुर-गोमो एक्सप्रेस, बांकुड़ा से ही पांच दिन वापस गोमो के लिए चलेगी। वहीं यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन का 30 जून तक विस्तार किया है। ट्रेन नंबर 02831 धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल एक मई से 30 जून व ट्रेन नंबर 02832 भुवनेश्वर-धनबाद स्पेशल ट्रेन का 30 अप्रैल से 29 जून तक विस्तार किया गया है।

### दो आरोपित साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को दस साल पुराने एचईसी में हुए टेंडर घोटाले से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए एचईसी के पूर्व सीनियर डीजीएम (सिविल एवं स्ट्रक्चरल डिजाइन) अनिल कुमार सिंह और कोलकाता की कंपनी मेसर्स कंसल्टिंग डिजाइन इंजीनियरिंग सेंट्रल प्रा. लिमिटेड के संचालक पार्थ चक्रवर्ती को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। यह मामला 20 जून 2012 में हुए टेंडर घोटाले को लेकर सीबीआई ने नवंबर 2014 में अनिल कुमार सिंह, सीनियर डीजीएम प्रोजेक्ट डिवीजन बंधु तिग्गा और कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। सुनवाई के दौरान बंधु तिग्गा की मौत हो गई थी। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार कंठ ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा। इस कारण सीबीआई ने घोटाले को साबित करने के लिए अदालत के समक्ष 17 गवाहों को प्रस्तुत किया था।

### छोटू कुजूर की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** अपर न्यायायुक्त मनोज चंद्र झा की अदालत ने गुरुवार को बिल्डर सह जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले के मुख्य आरोपित छोटू कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। छोटू कुजूर जमीन कारोबारी कमल भूषण और उनके एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले में आरोपित है। कमल भूषण की हत्याकांड के बाद लगभग डेढ़ साल तक वह फरार था। कोर्ट के आदेश पर जब पुलिस छोटू कुजूर के घर कुर्की जब्ती करने पहुंची तभी गुप्त सूचना के आधार पर गुमला से उसे गिरफ्तार किया गया था। हत्याकांड मामले में छोटू कुजूर के भाई डब्लू कुजूर और और भतीजा राहुल कुजूर की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है छोटू कुजूर, डब्लू और राहुल कुजूर के इशारे पर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार ऑफिस से अपने घर लौट रहे थे उसी दौरान रातू रोड काली मंदिर के पास गोली मार कर उसकी हत्या कर दी गयी थी।

### बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन अलर्ट

**रांची।** क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के कुक्कुटों (मुर्गा) के जांच किये गये नमूनों में 5.1 एवियन इन्फ्लुएंजा की पृष्टि हो गयी है। इसके बाद होटवार सहित प्रभावित क्षेत्र के 01 किलोमीटर के दायरे में शेष बचे कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण एवं संक्रमित क्षेत्र का वैज्ञानिक विधि से संपूर्ण डिसइन्फेक्शन का कार्य गुरुवार से कर दिया गया। रांची जिला प्रशासन द्वारा द्वारा बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम एक्शन प्लान के तहत कार्य के लिए बनाए गए रैपिड रिस्पांस टीम द्वारा संक्रमित क्षेत्र के 01 किलोमीटर के दायरे में कुक्कुट की कलिंग वैज्ञानिक विधि से निस्तारण और संक्रमित क्षेत्र का क्लीजिंग एंड डिसइन्फेक्शन का कार्य किया जाने लगा है। संक्रमित क्षेत्र के 1 किलोमीटर के दायरे में टीम द्वारा चिकन, ऐग शॉप एवं आसपास के क्षेत्र में मुर्गियों, अंडे आदि की उपलब्धता की जांच की जा रही है एवं बर्ड फ्लू के प्रसार के रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। आईसीएआर-एनआईएचएसएडी भोपाल में क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, रांची के कुक्कुटों के जांच के क्रम में ल्5ठ1 एवियन इन्फ्लुएंजा की पृष्टि हुई है।

# जेईई मेन-2 में भी डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों का दमखम बरकरार

## 99.92 परसेंटाइल के साथ रक्षित बना टॉपर, रयान दूसरे व अवंतिका तीसरे स्थान पर

## 17 विद्यार्थियों को 99 और 40 को 95 पर्सेंटाइल से अधिक मिले अंक

संवाददाता

**बोकारो :** इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित देश की सबसे प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) के दूसरे व अंतिम सत्र का परिणाम भी गुरुवार को जारी कर दिया गया। इसमें भी विद्यालय के होनहार छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दमखम बरकरार रखा।

60 से अधिक विद्यार्थियों ने इसमें शानदार कामयाबी पाई। विद्यालय के छात्र रक्षित राज ने सर्वाधिक 99.92 पर्सेंटाइल अंक पाकर विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है। जबकि, रेयान सिंह 99.91 पर्सेंटाइल लाकर दूसरे स्थान पर रहे, तो अवंतिका गुप्ता ने 99.84 पसंर्टाइल के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। समाचार लिखे जाने तक कुल 17 विद्यार्थियों को 99 और 43 को 95 पर्सेंटाइल से अधिक अंक मिले।

समाचार लिखे जाने तक सफल विद्यार्थियों की फेहरिस्त में रक्षित राज - 99.92, रेयान सिंह - 99.91, अवंतिका गुप्ता - 99.84, विशाल मेहता - 99.82, मो. अम्मार - 99.80, दिव्यांशु जायसवाल - 99.64, स्पर्श कुमार - 99.64, स्पर्श राज - 99.56, उत्कर्ष कुमार - 99.52, नमन जैन - 99.45, तरुण गुप्ता - 99.45, मानव राज- 99.44, ऋषव कुमार - 99.4, आशुतोष सिंह- 99.34, मोहित कुमार - 99.20, आकाश महता - 99.06, सौम्यदीप मंडल - 99.00, आशुतोष सिंह - 98.94, मानव राज - 98.92, बख्तावर जावेद - 98.82, पुष्पित किसलय - 98.6, आर्यन रंजन सिंह - 98.5, जानवी कुमारी - 98.48, साक्षी प्रिया - 98.47, अंशु राज - 97.90, सैयद अशदुल्लाह - 97.56,



विचांशु राज - 97.43, विक्रांत कुमार - 97.38, श्रेयांशु घोष - 96.65, आयुष्मान दत्ता - 96.64, ऋषव कुमार - 96.62, दिव्य प्रकाश सिंह - 96.49, पौलम कुंडू - 96.42, कमरीन फातिमा - 96.39, कृष शांडिल्य - 96.34, अजितेश आनंद - 96.32, सिद्धांत वैभव - 96.32, आर्यन राज - 95.73, विवेक आनंद - 95.73, आर्यन कुमार - 95.52, हर्षवर्धन - 95.41, रितिका साहा - 95.36, अंशल कुमार - 95.12, अधृत सिंह - 94.24, श्रेया सुमन - 94.09, कार्तिक राज - 94.04, सिल्वी सृष्टि - 93.91, तेजस अग्रवाल - 93.83, आयुष राज - 93.52, आदर्श कुमार मिश्रा - 93.50, राधिका अग्रवाल, समर सिंह, ऋषभ रंजन, अभिनव राज आदि के नाम शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) की ओर से जेईई मेन दो सत्रों में आयोजित किया गया था। परीक्षा का पहला सत्र 24 जनवरी से 01 फरवरी के बीच हुआ था, जबकि दूसरा सत्र 4 से 12 अप्रैल की अवधि में आयोजित किया गया था। बोकारो जिले में 3569 विद्यार्थी जेईई मेन 2 की परीक्षा में शामिल हुए थे। सफल हुए विद्यार्थियों ने आगामी 26 मई को होनेवाली जेईई एडवांस्ड की परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया है। डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं की इस अच्छी सफलता पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए जेईई एडवांस्ड में भी उनके बेहतर परिणाम की उम्मीद जताई और इसके लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं।

## रक्षित ने पेंटिंग और फोटोग्राफी के अपने शौक को किनारे कर रोजाना 9 घंटे की पढ़ाई



जेईई मेन के दूसरे सत्र में अपने विद्यालय डीपीएस बोकारो में सर्वाधिक 99.92 परसेंटाइल हासिल करने वाले मेधावी विद्यार्थी रक्षित राज ने इस सफलता के लिए कड़ी मेहनत की। एक खास बातचीत में उसने बताया कि उसे पढ़ाई के साथ-साथ फोटोग्राफी का खास शौक है। चित्रांकन में भी उसकी रुचि है, लेकिन 11वीं और 12वीं में पढ़ाई के इन दो वर्षों में उसने अपने इन दोनों शौक को किनारे कर दिया और रोजाना 7 से लेकर 9 घंटे तक पढ़ाई की। तब कहीं जाकर यह अंक वह प्राप्त कर सका। उसने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता, अपने विद्यालय एवं उन सभी शिक्षकों को दिया है जिन्होंने उसे सही रास्ता दिखाया। बोकारो जिले के गोमिया में बतौर सरकारी शिक्षक पदस्थापित राजेश तिवारी के पुत्र रक्षित की दिली ख्वाहिश आगे चलकर कंप्यूटर साइंस में एक सफल इंजीनियर बनने की है। उसने नर्सरी से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई डीपीएस बोकारो से ही है। 10वीं में उसने 97.6% अंक प्राप्त किए थे। उसकी छोटी बहन रिया राज इसी विद्यालय में आठवीं कक्षा की छात्रा है। उसकी कामयाबी पर उसके पिता राजेश तिवारी और माता गृहिणी रजनी तिवारी काफी प्रसन्न हैं। वे आगे भी उसकी सफलता को लेकर आशान्वित हैं। जेईई मेन सेशन 2 में रक्षित ने मैथमेटिक्स में 99.86, फिजिक्स में 99.93 और केमिस्ट्री में 99. 71 परसेंटाइल हासिल किया। फाइनल एनटीए स्कोर के आधार पर उसने अखिल भारतीय स्तर पर सीआरएल 1388 रैंक प्राप्त की है।

## एक नजर

### महागठबंधन प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए बैठक



**बोकारो /सीवान :** जीरादेई में महागठबंधन के प्रत्याशी अवध विहारी चौधरी के पक्ष में महा गठबंधन के कार्यकताओं के साथ बैठक कर जनता को गठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील की गयी। बैठक में महागठबंधन के प्रत्याशी अवधबिहारी चौधरी ने कहा कि उन्होंने हमेशा हीं जनता के हित में कार्य किया है। आज भी वे निरतंर जनता की सेवा में लगे रहते हैं और जनता का आशीर्वाद उन्हें प्राप्त हो रहा है।वीआईपी पार्टी के जिलाध्यक्ष श्रीनिवास यादव ने बताया की मह गठबंधन इस बार रिकॉर्ड मतो से विजयी होगा। इस बार देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। जिरादेई विधायक अमरजीत कुशवाहा ने कहा कि देश मे लोकतंत्र एव संविधान को बचाने की लड़ाई है। इस मौके पर पूर्व विधायक अमर नाथ यादव, दरौली विधायक सत्यदेव राम, बड़हरिया विधायक बच्चा पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में महागठबंधन के लोग उपस्थित थे।

### सुदी में भोक्ता पर्व पर छऊ नृत्य का आयोजन



**बोकारो :** कसमार प्रखंड के सूदी में भोक्ता पर्व के अवसर पर बुधवार की रात को छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक डॉ० लंबोदर महतो ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। बड़ी संख्या में लोग छऊ नृत्य देखने पहुंचे। पूर्वी सिंहभूम के सनत कुमार महतो तथा पुरुलिया स्थित कोटिशिला के वृंदा कुमार की टीम ने छऊ नृत्य की शानदार प्रस्तुति कर रात भर दशकों को बांधे रखा। इससे पहले बुधवार को सूदी स्थित शिवालय में मुरहुलसूदी समेत आसपास के गांवों के हजारों श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। मौके पर विधायक की धर्मपत्नी कौशल्या देवी, शशि रंजन, आजसू के प्रखंड अध्यक्ष महेंद्रनाथ महतो, मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार महतो, पंसस प्रतिनिधि वीरेंद्र महतो, पूर्व मुखिया पटेल राम महतो, वार्ड मेंबर मणिलाल मुंडा, डॉ जीतलाल महतो के अलावा आयोजन समिति के रमेश मुर्मू, देवकी मुंडा, मनोज ठाकुर, शास्त्री मुर्मू, रोहित कुमार महतो, मुकेश कुमार महतो, जगन्नाथ महतो, युगल किशोर महतो, मेहीलाल महतो, भोला महतो, रवींद्र मुंडा, कृष्णा महतो आदि मौजूद थे।

## चिन्मया विद्यालय के विद्यार्थियों का जेईई मेन में शानदार प्रदर्शन, अनिमेष बना स्कूल टॉपर



संवाददाता

**बोकारो :** चिन्मय विद्यालय के विद्यार्थियों ने जेईई मेन -2 में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्र अनिमेष राय 99.802 परसेंटाइल के साथ स्कूल में अव्वल रहे।

आयुष कुमार 99.733 परसेंटाइल लाकर दूसरे स्थान पर और ऋषभ कुमार 99.7211 तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय का दावा है कि 108 विद्यार्थियों ने कामयाबी पाई है। इस बेहतरीन प्रदर्शन पर चिन्मय मिशन बोकारो की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती, विद्यालय के अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय, कोषाध्यक्ष आरएन मल्लिक (कोषाध्यक्ष), विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा एवं उपप्राचार्य नरमेंद्र कुमार ने सभी सफल बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई तथा एडवांस्ड के लिए शुभकामनाएं दीं।

मौके पर विद्यालय के वरीय शिक्षक, शंभुनाथ झा, चंदन कुमार सिंह, पीके सिंह, अमरेन्द्र नारायण उपाध्याय, अशोक चौबे, कुमोद रंजन सिंह, अजय कुमार सिंह , आर एल महतो, उत्पल मित्रा, सुब्रतो गुप्ता आदि मौजूद थे। बेहतर परिणाम लान वालों में अनिमेष रॉय (99.802), आयुष कुमार (99.735), ऋषव कुमार (99.721) शुभम आनंद (99.6809), प्रियांशु पीयूष (99.314), देव संगम (99.041) के अलावा कृष कुमार, आर्यन कुमार, निलेश कुमार, सचिन राय, प्रियांशु रंजन, रूशिल सिंहा, सयन मुखर्जी, उत्कर्ष कुमार, आकर्ष कुमार, प्रिंस राज, सौम्या ज्योति सेन, राजा कुमार, सिंह, शुभ बनर्जी, मयूरेश भारती, प्रियांशु राज, शोर्या कुमार, वंशिका वानया, विशाल कुमार महथा,विवेक कुमार, विश्वनाथ मुखर्जी, श्रेया स्नेहा, विवेक कुमार मौर्या, शाश्वत कुमार झा, अनीश रंजंन, कुमार किसलय तेजस्वी, सूरज कुमार, प्राकृत प्रसून, निखिल कुमार, सौरभ कुमार कुमार वर्मा आदि के नाम शामिल हैं।

## राष्ट्र के नवनिर्माण की लड़ाई :भाजपा सांसद



### 4 मई को करेंगे नामांकन

संवाददाता

**बोकारो /महाराजगंज :** अनुमंडल मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में स्थानीय भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि यह चुनाव राष्ट्र के नव निर्माण के लिये है। यहां महाराजगंज की जनता लोकसभा चुनाव लड़ रही है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर पूरे देश में चल रही है। सांसद ने कहा कि अबकी बार भारतीय जनता पार्टी के सांसदों की संख्या 400 पार जाएगी। जनता ने जो भाजपा पर अपना भरोसा रखा है, उस भरोसे पर पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता जनता के लिए समर्पित है। सिग्रीवाल ने कहा कि मैं जब तक जीवित रहूंगा आपके मान सम्मान की रक्षा करूंगा। आपके सुख-दुख का साथी बनकर एक सिपाही के रूप में हमेशा खड़ा रहूंगा। सांसद ने 4 मई को नामांकन सभा मे चलने का आह्वाहन किया। उन्होंने कहा कि नामांकन सभा मे बिहार के द्वय उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिंहा, पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, लोजपा सांसद चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा, गिरिराज सिंह व मंगल पांडेय भाग लेंगे।

## दो प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारियों का तबादला



**बोकारो :** बोकारो में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी समीरा खान एवं रश्मि चंदेल को इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स की ओर से एसोसिएशन के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि समेत अन्य अधिवक्ताओं ने गुरुवार को गुलदस्ता देकर विदाई दी। ज्ञात हो कि दोनों पदाधिकारियों का बोकारो जिले से डाल्टनगंज जिले में तबादला हो गया है। गुरुवार को दोनों न्यायिक पदाधिकारी नअपना अपना पदभार सौंपकर बोकारो से डाल्टनगंज के लिए रवाना हो गई। अधिवक्ताओं ने उनसे मिल कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना और बधाई दी। इस अवसर पर सोमनाथ शेखर, अतुल कुमार, संजीत सिंह, दीपिका सिंह व अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

## श्री श्री 1008 मारुतिनंदन प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ के यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी



संवाददाता

**चन्द्रपुरा :** चन्द्रपुरा प्रखंड के कुरुंबा पंचायत के हरधौवा गांव के आम बगीचा स्थित बजरंग बली मंदिर में आयोजित श्री श्री 1008 मारुतिनंदन प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ के दूसरे दिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।यज्ञाचार्य मितेश्वर पांडेय ने अपने सहयोगियों के साथ यज्ञ में शामिल यजमानों को स्थापित देवी-देवताओं का पूजन पाठ, नगर भर्मण, अधिवास, हवन, संध्या आरती अनुष्ठान संपन्न करवाया।अहले सुबह से हीं यज्ञ मंडप की परीक्रमा करने के लिए सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।यहां मुख्य यजमान के रूप में डेगलाल यादव, अशोक यादव, उमाशंकर यादव, सीताराम यादव सपत्निक बैठे हुए है।वहीं संध्या 8 बजे से रामचरित मानस पाठ तथा रात को मिथिलेश्वरी जी के द्वारा प्रवचन किया जा रहा है। जिसे सुनने के लिए आस पास के सैकड़ों ग्रामीण महिला-पुरूष जुट रहे हैं। यज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष टेकलाल यादव, बासुदेव नारायण रजक, सूरज यादव, दिनेश यादव, महेश यादव, बैजनाथ यादव, मनोज यादव, सन्तोष यादव, नरेश रजक सहित ग्रामीण लगे हुए हैं।

## एसजीएफआई राष्ट्रीय बास्केटबाल में झारखंड की ओर से दम दिखाएंगे डीपीएस के मृदुल अमन



संवाददाता

**बोकारो :** हरियाणा के गुड़गांव में 27 से 30 अप्रैल तक एसजीएफआई अंडर 17 राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल सेक्टर चार के दसवीं के छात्र मृदुल अमन अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

राज्य स्तरीय बास्केटबाल ओपन चयन परीक्षण शिविर में इनका चयन झारखंड अंडर 17 बास्केटबाल टीम के लिए किया गया है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी मृदुल अमन बास्केट बॉल के नेशनल गेम में झारखंड का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। मृदुल अमन बोकारो के वरीय अधिवक्ता रणजीत गिरि एवम शिक्षिका रिंकू गिरि के पुत्र हैं। डी पी एस के प्राचार्य डॉ ए एस गंगवार ने कहा कि विद्यार्थियों को खेलकूद में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थी राज्य व राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी का नतीजा है कि मृदुल अमन का चयन झारखंड के लिए हुआ है। झारखंड राज्य के विभिन्न स्कूलों से 12 छात्रों का चयन किया गया है। आज राजधानी एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए झारखंड के बारह सदस्यीय टीम रवाना हो गई।

# सीसीएल के ढोरी एरिया में डीजल टैंकर में आग से हड़कंप

## घटना में जान बचाकर किसी तरह भागे लोग

## लापरवाही या हादसा यह एक बड़ा सवाल



संवाददाता

**बोकारो :** बेरमो के सीसीएल ढोरी एरिया के एसडीओ सीएम परियोजना के कारीपानी में गुरुवार शाम एक बड़ा हादसा टल गया। एक डीजल टैंकर में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। गनीमत यह रही कि इस घटना में कई लोग बाल बाल बच गए। वे लोग किसी तरह से जान बचाकर भागे। आग की लपटें इतनी खतरनाक थी कि इसकी जद में आने से कोई भी इंसान जलकर खाक हो जाता। टैंकर के जलने का वीडियो इसकी साफ साफ तस्दीक करता है। यहां सवाल है कि क्या यह वाकई एक हादसा था, या फिर लापरवाही के चलते आग लगी।

सवाल यह भी है कि आखिर क्या वजह हैं कि ऐसे हादसे होते रहते हैं ? दो साल पहले इसी तरह की घटना में एसडीओसीएम परियोजना में एक व्यक्ति की जलकर मौत हो गई थी। सवाल बीएलए कंपनी के साथ सीसीएल प्रबंधन पर भी है कि आखिर इन चीजों पर ध्यान क्यों नहीं देती, क्योंकि बार बार इस तरह के हादसे एक अनदेखी और गाफिल भरे रवैये की तरफ इशारा करती है। जिसकी जिम्मेदारी कोल इंडिया पर भी बनती है।

## वेदांता इलेक्ट्रो स्टील ने सुरक्षा सर्कल में जीता स्वर्ण पदक

बोकारो : वेदांता समूह की कंपनी ईएसएल स्टील लिमिटेड को प्रतिष्ठित 5 वीं सीआईआई राष्ट्रीय ईएचएस सर्कल प्रतियोगिता में गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है, जिसे देश भर के संगठनों से 7 श्रेणियों में 59 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई थीं। यह वार्षिक प्रतियोगिता सीआईआई नेशनल ईएचएस सर्कल प्रतियोगिता भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित की जाती है। जो पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर केंद्रित है। अनुकरणीय सुरक्षा प्रथाओं को अपनाने वाले सर्वश्रेष्ठ संगठन के तहत एआई एन्हांस्ड कैमरा डिटेक्शन के साथ सुरक्षा में सुधार प्रोजेक्ट में ईएसएल स्टील लिमिटेड ने गोल्ड अवार्ड जीता। परियोजना के अलावा ईएसएल स्टील लिमिटेड ने ऑनलाइन प्रतियोगिता में डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी के सर्वोत्तम अनुप्रयोग और उपयोग के लिए भी खुद को नामांकित किया। ईएसएल टीम में के संदीप, अभिषेक पॉल और जवेरिया मजहर सहित सुरक्षा और डिजिटल कर्मी शामिल रहे। इसका नेतृत्व समीर दास ने किया। इस अवसर पर ईएसएल स्टील लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी रवीश शर्मा ने कहा कि इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित होने से वेदांता ईएसएल पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा के मामले में विनिर्माण उद्योग में एक उल्लेखनीय नाम बन गया है। यह एक राष्ट्रीय मंच पर हमारी अनुकरणीय सुरक्षा और पर्यावरण प्रथाओं को प्रदर्शित करता है, हमारे संगठन के भीतर सुरक्षा और स्थिरता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता पर जोर देता है और नवाचार, सहयोग और समर्पण द्वारा चिह्नित है। मीनाक्षी सभरवाल के नेतृत्व में ईएसएल स्टील लिमिटेड की बिजनेस उत्कृष्टता टीम और विनय भूषण कुमार और शालू प्रिया की सहायता से ईएसएल स्टील में अपनाई गई प्रगति, नवाचार और उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं।

## मेसर्स श्री भोले मिनरल्स चैनपुर में शत प्रतिशत मतदान के लिए दिलाया गया संकल्प



संवाददाता

**बोकारो :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह के निर्देश पर चैनपुर स्थित मेसर्स श्री भोले मिनरल्स स्टोन चिप्स क्रेशर में स्वीप कोषांग के तहत प्रोपराइटर राजेश कुमार सिंह ने क्रेशर में काम कर रहे कर्मियों के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगो को शत प्रतिशत मतदान के महत्व को बताते हुए आगामी 25 मई को अपने अपने मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान करने का संकल्प दिलवाया।

इस दौरान समाजसेवी हरप्रीत सिंह (बिक्की सरदार) ने क्रेशर में कार्यरत सभी कर्मियों से स्वयं व अपने आस पड़ोस के लोगो को भी शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। मौके पर राजेश कुमार सिंह, सुनील सिंह, हरप्रीत सिंह (बिक्की सरदार), राकेश सिंह, मदन महतो, भोला करमाली, सागर मांझी, दशरथ मांझी, निर्मला देवी, नूनीबाला देवी,सुकरमणि देवी, टीपू महतो, वासिफ करीम, मुर्शिद खान, आरिफ अहमद, रामु मांझी, धनेश्वर मांझी, जगेश्वर मांझी सहित कर्मी मौजूद रहे।

## एक नजर

### बीएनएस डीएवी के खिलाड़ियों को डीएवी सीएमसी द्वारा किया गया पुरस्कृत



**गिरिडीह।** बीएनएस डीएवी पब्लिक स्कूल में क्षेत्रीय निदेशक सह प्राचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड जोन-एच डॉ० पी हाजरा की उपस्थिति में उप प्राचार्य योगेश शर्मा के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक विजेता सुमित कुमार एथलेटिक्स एवं हर्ष कुमार सिंह ताइक्वांडो को 5100 रुपए का चेक देकर सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय निदेशक सह प्राचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड जोन एच डॉ पी हाजरा ने बताया कि हमारे विद्यालय के छात्रों ने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2023 की राष्ट्रीय स्तर की अंडर 19 ताइक्वांडो प्रतियोगिता में हर्ष कुमार सिंह एवं अंडर 14 एथलेटिक्स में सुमित कुमार ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक का खिताब जीता। जिन्हें महात्मा हंसराज जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में 20 अप्रैल को डी ए वी थर्मल कॉलोनी पानीपत हरियाणा में डीएवी सीएमसी द्वारा पुरस्कृत किया गया। डी ए वी नेशनल स्पोर्ट्स एसजीएफआई द्वारा मान्यता प्राप्त है। जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतना बड़ी बात होती है। विद्यार्थियों ने यह बता दिया कि कोशिश करने से बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। हम दोनों छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। मौके पर विद्यालय के पी टी आई एसके पटनायक बीके सिंह मौजूद रहे।

### निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. उषा सिंह पूर्व शिक्षा मंत्री से मिली



**बेरमो।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी डॉ० उषा सिंह ने अपने दौरे के क्रम में बुधवार को सूबे के पूर्व शिक्षा मंत्री चंद्रमोहन प्रसाद से उनके आवास में मिलकर आशीर्वाद ली। पूर्व मंत्री श्री प्रसाद ने कहा कि समाज में पढ़े-लिखे लोगों की आवश्यकता है, पढ़े-लिखे लोग हीं समाज और देश का भविष्य तय करेंगे। इसलिए ऐसे शिक्षित लोगों को नेतृत्व करने का मौका मिलना चाहिए।

# सभी कोषांग निर्वाचन से संबंधित सभी आवश्यक कार्यों को पूर्ण कर लें : डीसी

संवाददाता

**गिरिडीह।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन एवं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित गठित किए गए विभिन्न कोषांगों के कार्यों के अलावा अन्य बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समीक्षा करते हुए विभिन्न कोषांगों के कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रतिनियुक्त किए गए पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। साथ हीं कलस्टर, मतदान केन्द्रवार मूलभत सुविधाएं, मतदान केन्द्रवार रूट चार्ट व मैप, वाहनों की उपलब्धता,



कम्युनिकेशन प्लान, मतदान कर्मियों की रहने की सुविधा से जुड़े बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

समीक्षा के क्रम में सी विजिल कोषांग, ट्रेनिंग कोषांग, लॉ एंड ऑर्डर, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल, आईटी सेल, पोस्टल बैलट, मेटेरियल डिस्ट्रीब्यूशन सेल, कंट्रोल रूम व हेल्पलाइन सेल, ऑब्जर्वर सेल, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सेल, स्ट्राँग रूम आदि कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग से उनके कोषांग से संबंधित जारी किए गए मैन्युअल को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं कार्यों के दौरान निर्वाचन आयोग से जारी सभी दिशा निर्देशों के अनुपालन का निर्देश दिया। साथ हीं उन्होंने सभी अधिकारियों को किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर अपने वरीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के उपरांत हीं कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने लोकसभा आम निर्वाचन एवं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कही। इस दौरान उप विकास आयुक्त, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, उप नगर आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी संबंधित कोषांग के नोडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## संसाद प्रत्याशी अनुपमा सिंह का जगह-जगह भव्य स्वागत

संवाददाता

**सिंदरी।** इंडिया गठबंधन के सांसद प्रत्याशी के रूप में कांग्रेस की ओर से अनुपमा सिंह को धनबाद जिला से उतरा गया है। जब से अनुपमा का नाम प्रत्याशी के रूप में आया, तब से महिला समाज में एक खुशी की लहर दौड़ रही है, जो सिंदरी के राँगामाटी में देखने को मिला। राँगामाटी में कांग्रेस के जिला सचिव संतोष चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने पानी टंकी से ढ़ोल, नगाड़ा एवं पठाको के साथ स्वागत किया।

मंचासीन होने से पूर्व अनुपमा सिंह को विशाल गेंदा के फूलों का माला पहनाकर अपने आवासीय कार्यालय में अभिनन्दन किया। मंचासीन लोगों ने सिंदरी की मुख्य समस्याओ से अवगत कराया, जिसमें आवास, स्वास्थ्य व रोजगार को रेखांकित किया गया। संतोष चौधरी ने अपने अभिभाषण में सांसद प्रत्याशी से कहा कि आपके सांसद बनने के बाद सिंदरी के



लोगों को उपरोक्त समस्याओं से निजात दिलवाना होगा, जिसे प्रत्याशी श्रीमती सिंह ने सहर्ष स्वीकार करते हुए हामी भरी। उसके बाद मौके पर आए लोगों ने अनुपमा सिंह जिंदाबाद, संतोष चौधरी जिंदाबाद के नारों से स्थान को गुंजायमान कर दिया। उसके बाद मंचासीन लोगों ने भी अनुपमा सिंह को जिताने के लिए कहा। जेएमएम के जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह ने अपने वक्तब्य में युवा बेरोजगारों के लिए रोजगार एवं दसकों से स्वास्थ्य लाभ से मरहूम सिंदरीवाशियों को हॉस्पिटल खुलवाने की बात पर प्रमुखता दी।

## बीएंडके जीएम कार्यालय के कैंटीन का यूनियन नेताओं ने किया निरीक्षण

संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल बीएंडके जीएम कार्यालय स्थित कैंटीन का यूनियन नेताओं ने गुरुवार को निरीक्षण किया। यूनियन नेताओं ने कर्मचारी कैंटीन का निरीक्षण स्टाफ से चर्चा खान पान सामग्री की गुणवत्ता की जानकारी ली और कैंटीन में बने भोजन को ग्रहण किया। यूनियन नेताओं ने बाथरूम, किचेन और कमरे में लगे एसी, पंखा, पानी की व्यवस्था की जांच के साथ-साथ कैंटीन में काम कर रहे कर्मचारियों से ड्रेस की भी जानकारी ली। उन्होंने कैंटीन के सादे भोजन की प्रशंसा की और कहा कि साफ सफाई और सर्विस में सुधार की



आवश्यकता है। यूनियन नेताओं ने कार्मिक प्रबंधक के सामने उक्त समस्याओं को रखा। सीसीएल कर्मचारियों ने मजदूर नेताओं की भूरि भूरि प्रशंसा की और बताया कि कर्मचारियों द्वारा रोज ग्रहण किए जा रहे भोजन के गुणवत्ता की परख करने से हम लोगों का उत्साह वर्धन हुआ है। मौके पर कार्मिक प्रबंधक पीएन सिंह, सिविल ओवरसीयर राहुल कुमार, यूनियन नेता गजेंद्र प्रसाद सिंह, विजय कुमार भोई, राज कुमार ठाकुर, आभाष चंद्र गांगुली, नागेंद्र गुप्ता, आलोक कुमार अकेला, शंकर नायक आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## वरीय पदाधिकारी व उप नगर आयुक्त ने मीडिया कोषांग की बैठक आयोजित

संवाददाता

**गिरिडीह।** लोकसभा आम निर्वाचन एवं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त वरीय पदाधिकारी, मीडिया कोषांग सह उप नगर आयुक्त की अध्यक्षता में मीडिया कोषांग व एमसीएमसी कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरीय पदाधिकारी मीडिया कोषांग द्वारा मीडिया व एमसीएमसी कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों के कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ हीं उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक कार्यों को ससमय पूर्ण कर लें। उन्होंने सभी को बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि 26 मई से नाम निर्देशन का कार्य शुरू हो जाएगा, उसी के निमित्त प्रेस कॉन्फ्रेंस किया जाना है। उसे लेकर सारी तैयारियों को पूरा कर लें। साथ हीं उन्होंने



नोडल पदाधिकारी, मीडिया कोषांग को निर्देश दिया कि एमसीएमसी कोषांग द्वारा पेड न्यूज का नियमित अनुश्रवण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में नोडल पदाधिकारी, मीडिया कोषांग, सहयोगी पदाधिकारी, मीडिया कोषांग समेत मीडिया कोषांग के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

विदित हो कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 05 कोडरमा लोकसभा का मतदान 20 मई तथा 06 गिरिडीह लोकसभा आम चुनाव का मतदान 25 मई 2024 को होना है। इसके साथ हीं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव की मतदान तिथि 20 मई है। इसी के निमित्त सभी आवश्यक तैयारियां को सुदृढ़ किया गया है। ताकि अधिकाधिक संख्या में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया जा सके।

# सिविल सर्जन की अध्यक्षता में विश्व मलेरिया दिवस को लेकर कार्यशाला आयोजित

संवाददाता

**गिरिडीह।** विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य में सिविल सर्जन की अध्यक्षता में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन ने सभी अधिकारियों को शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। विश्व मलेरिया दिवस का उद्देश्य जनसमुदाय को मलेरिया सुरक्षा एवं बचाव के प्रति जागरूक करना एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए उनका व्यवहार परिवर्तन किया जाना है। इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस का थीम स्वास्थ्य समानता, लैगिंक समानता एवं मानव अधिकार है। अब हमें मलेरिया उन्मूलन के लिए कार्य करना है। जिससे ग्राम स्तर पर मलेरिया मुक्त किया जा सके विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व में मलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य 2030 तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस मलेरिया दिवस में हम संकल्प लें कि मलेरिया



समाप्ति के लिए सकारात्मक एवं सशक्त पहल का आरंभ हम करेंगे। मलेरिया रोगी संख्या में कमी एवं मलेरिया से होनेवाले मुत्यु को रोकने हेतु भारत सरकार के द्वारा डायग्नोस्टिक टुल-वाईभेलेन्ट कीट, पी०एफ० रोगियों के उपचार हेतु कारगर दवा आर०टी०सू०ने८० पैक एवं पी०भी० रोगियों के उपचार हेतु क्लोरोक्वीन एवं प्रईमाक्यून उपलब्ध करवाई गई है। मलेरिया से बचाव एवं सुरक्षा हेतु किटनाशी युक्त मच्छरदानी उपलब्ध करवाई गई है। साथ हीं मच्छरो के बचाव हेतु घरो के अन्दर कीटनाशी छिड़काव भी कराया जाता है। मेलरिया प्रभावित क्षेत्रों में कीटनाशीयुक्त मच्छरदानी का समुचित प्रयोग एवं आई०आर०एस० की स्वीकार्यता, घर के आस-पास में साफ-सफाई रखने एवं जल जमाव से बचने तथा सभी सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य कार्यकताओं के पास मलेरिया जॉच एवं उपचार हेतु निःशुल्क व्यवस्था का लाभ उठाने संबंधित जनजागरूकता किया जाना अत्यंत आवश्यक है। सभी विभागों के समन्वय एवं समुहिक भागीदारी एवं प्रत्येक व्यक्ति के प्रयास से हीं मलेरिया उन्मूलन कार्य किया जा सकता है। हमारा लक्ष्य मलेरिया परजीवी को नस्ट करना है। इस कार्य हेतु सभी मलेरिया रोगियों का प्रबंधन, कीटनाशीयुक्त मच्छरदानी की उपयोगिता निगरानी कार्य एवं जॉच तथा उपचार ग्राम स्तर पर सुनिश्चित किया जाना है। उन्होंने कहा कि आपलोगों से आग्रह है कि मलेरिया उन्मून कार्य में जन भागीदारी बने, अपने प्रयास से मलेरिया उन्मूलन हेतु कुशल प्रबंधन में अहम योगदान दें। अपने जिले को मलेरिया मुक्त बनाने का संकल्प लें एवं भविष्य को मलेरिया से सुरक्षित बनायें। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर प्रखण्ड स्तर पर ग्राम सभा, विद्यालय जगरूकता कार्यक्रम एवं प्रभात फेरी आयोजित की जा रही है। प्रखण्ड एवं जिला स्तर पर कार्यशाला एवं मलेरिया समाप्ति हेतू शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

### क्रेसर मजदूरों को मतदान करने के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान

**दुग्दा।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला खनन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार गुरुवार को अंजनी पांडेय स्टोन क्रेशर घुटवे परिसर में क्रेशर में कार्यरत मजदूरों के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मतदाता जागरूकता अभियान का नेतृत्व जिप सदस्य सह क्रेशर संचालन संतोष कुमार पांडेय कर रहे थे। पांडेय ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर व्यक्ति को मतदान करना अतिवाश्यक है। लोकतंत्र में जनता को सबसे बड़ा अधिकार मतदान का मिला है। कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने में किसी भी क्षेत्र के मजदूरों की अहम्‍ भूमिका होती है। इसलिए क्रेशर में कार्यरत महिला-पुरुष मजदूर पहले मतदान करें उसके बाद काम करें। आप सभी मजदूरों का एक-एक वोट कीमती है। इससे लोकतंत्र में अच्छा संदेश जाएगा।

## नप प्रशासक ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



संवाददाता

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के बंधुबेडा एवं ताराबेडा में गुरुवार को लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने एवं छूटे हुए मतदाता का नाम जोड़ने हेतु फुसरो नगर परिषद प्रशासक द्वारा अपनी उपस्थिति में लोगों को मतदान करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया एवं लोगों से अपील की कि 25 मई को होने वाले चुनाव में अपने मतदान केंद्र पर जाकर अवश्य मतदान करें। इस मौके पर नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक, नगर परिषद कर्मी सहित बीएलओ एवं एनयूएलएम के सीआरपी उपस्थित थे।

### दिवंगत विनोद गिरि के परिजनों से मिले भाजपा नेता

**फुसरो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 20 निवासी दिवंगत विनोद गिरि के आवास पर जाकर गुरुवार को उनके परिजनों से भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह मिले और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने विनोद गिरि के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया और ईश्वर से उनकी आत्म शांति के लिए प्रार्थना की और कहा कि इस दुनिया में जो भी जन्म लिया है उसे एक दिन जाना ही होगा। लेकिन आकस्मिक निधन से परिजनों को परेशानी होती है।

# मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर गिरिडीह जिला प्रशासन ने किया रन फॉर वोट व रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन

संवाददाता

**गिरिडीह।** आगामी लोकसभा चुनाव और गांडेय विधानसभा उपचुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से लगातार जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है और शत प्रतिशत मतदान की अपील की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को जिला प्रशासन की ओर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत शहर के झंडा मैदान में सुबह रन फॉर वोट, रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। रन फॉर वोट कार्यक्रम के तहत झंडा मैदान स्टेशन रोड होते हुए बड़ा चौक, नगर भवन, नया सर्किट हाउस के रास्ते वापस झंडा मैदान तक दौड़ लगाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं



को चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित किया गया। उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। ताकि लोग लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और मतदान करें। उपायुक्त ने कहा गिरिडीह जिला में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों से मतदान की अपील की जा रही है।

उन्होंने कहा कि मतदान सबका अधिकार है और हम सबको लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए और अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वीप एक्टिविटी के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों/कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में भी व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य यही है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेने हेतु ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक और प्रोत्साहित किया जा सकें और उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाय। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस बार दिन भर मतदान रखा गया है। कोडरमा लोकसभा और 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के लिए 20 मई तथा गिरिडीह लोकसभा के लिए 25 मई मतदान की तिथि घोषित की गई है। साथ ही मतदान का समय सुबह 07:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस बार दिन भर मतदान के उद्देश्य को चरितार्थ करते हुए आप सभी अपने घरों से बाहर निकल कर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। आपका एक वोट अमूल्य है और मजबूत लोकतंत्र में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करता है, इसलिए अपने मताधिकार को व्यर्थ न करें, उसका उपयोग देश के लिए जरूर करें।

इसके अलावा रन फॉर डेमोक्रेसी को संबोधित करते हुए नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, श्रीमती स्नेह कश्यप ने कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर जिला प्रशासन, सभी प्लस टू उच्च विद्यालयों, स्वीप कोषांग की टीम, सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि समेत सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वीप एक्टिविटी के तहत मतदाता जागरूकता को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ताकि शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जा सकें। इसके अलावा उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान की तिथि घोषित कर दी गई है, जिसके अनुसार कोडरमा लोकसभा व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव दिनांक 20.05.24 तथा गिरिडीह लोकसभा के लिए 25 मई को चुनाव कराया जाना है।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत अमलो परियोजना में मतदाता जागरूकता प्रशिक्षण कार्यशाला

संवाददाता

**बेरमो।** आगामी लोक सभा आम चुनाव 2024 के स्वीप एक्टिविटीज के तहत गुरुवार को मतदादता जागरूकता अभियान हेतु सीसीएल ढोरी के एएडीओसीएम( अमलो) परियोजना के 12 नंबर स्थित काली मंदिर में बैठक आयोजित की गई। इसमें मुख्य रूप से नोडल अधिकारी एलआर डीसी चास प्रभास दत्ता, नोडल अधिकारी सीएसआर एवं जिला आपदा अधिकारी शक्ति कुमार, जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार, अंचल अधिकारी बेरमो संजीत कुमार सिंह, नगर परिषद फुसरो के कार्यपालक पदाधिकारी गोपेश कुंभकार, सीसीएल ढोरी के जीएम मनोज कुमार अग्रवाल सहित तमाम अधिकारी मौजूद थे। संचालन सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार ने किया। इस अवसर पर तमाम अधिकारी, कर्मी तथा यूनियन प्रतिनिधि ने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान करने की शपथ ली।



एलआर डीसी प्रभास कुमार ने कहा कि मतदान करना हर किसी का मौलिक अधिकार है। 25 मई को गिरिडीह लोकसभा का चुनाव है। उस दिन पहले मतदान करें उसके बाद अन्य कार्य करे। सीएसआर एवं जिला आपदा अधिकारी शक्ति कुमार ने बताया कि जिनका मतदाता सूची में नाम है और वोटर कार्ड नहीं है। वो 12 तरह के पहचान पत्र ड्राइविंग लाइसेंस, पास्टपोर्ट, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटो युक्त पासबुक, पेंशन दस्तावेज, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सेवा पहचान पत्र, अधिकारी पहचान पत्र, दिव्यांग पहचान पत्र से अपना वोट दे सकते हैं। जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य अधिक से अधिक लोग मताधिकार का उपयोग करें। 26 तारीख को मतदाता सूची में एंट्री कराने का लास्ट डेट है। इसके लिए मतदाताओं को जागरूक किया गया है। सभी से आग्रह है कि मतदान के दिन अवकाश के रूप में नहीं इसे पर्व के रूप में ले। हमें पूर्ण विश्वास है कि इस क्षेत्र से शत प्रतिशत मतदान होगा। सीसीएल ढोरी के जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि प्रण लेना है कि आगामी 25 मई को चाहे कोई भी परस्थिति आ जाय सबों कोई अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

## एक नजर

### स्वास्थ्य विभाग ने निकाली जागरूकता रैली



**धनबाद।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता रैली निकाली। जागरूकता रैली सदर अस्पताल से सिटी सेंटर होते हुए रणधीर वर्मा चौक पर समाप्त हुई। रैली में बड़ी संख्या में प्रशिक्षु एएनएम, सेविका, सहिया व एनसीसी के छात्र मौजूद थे। इस संबंध में वीबीडी पदाधिकारी डॉ० सुनील कुमार ने बताया कि रैली के माध्यम से लोगों को बताया कि जन जागरूकता और जन भागीदारी हीं मलेरिया के रोकथाम का सबसे कारगर उपाय है। साथ हीं लोगों को अपने आस पास साफ सफाई रखने के साथ खाली स्थानों पर बेवजह पानी के जलजमाव की रोकथाम की अपील की गई। बुखार होने पर मलेरिया जांच करवाने की सलाह दी गई। वहीं एक अन्य कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग ने कोला कुसमा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासी विद्यालय में जागरूकता सह प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ० सुनील कुमार, वी.बी.डी. सलाहकार रमेश कुमार सिंह, एमओआईसी सदर सीएचसी डॉ० राजीव कुमार व अन्य लोग मौजूद थे।

### अपनी जीत दर्ज कराने को लेकर प्रत्याशी बहा रहे हैं पसीना



**कुमारधुबी।** लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी प्रत्याशी पूरे दम खम के साथ मैदान में उतर चुके हैं। इस भीषण गर्मी में डोर टू डोर प्रचार कर खूब पसीना बहा रहे हैं और अपनी अपनी जीत का दावा भी कर रहे हैं।
इसी कड़ी में गुरुवार दोपहर धनबाद लोकसभा से इंडिया गठबंधन सह कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने चिरकुंडा के शहीद चौक पर पहुंच कर जन संपर्क अभियान चलाया और डोर टू डोर जाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान उनके साथ इंडिया गठबंधन के साथी सदस्य झामुमो और राजद के कार्यकर्ता नजर आए। राजद नेत्री सुनीता सिंह और झामुमो नेता रंजीत बाउरी ने अपने प्रत्याशी अनुपमा सिंह का माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। वही इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने शहीद चौक पहुंचकर शहीदों की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देने का काम किया। साथ हीं वहां से पैदल मार्च कर अंबेडकर चौक पहुंची, जहां संविधान निमार्ता बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर संविधान पर चलने और उसे बचाए रखने का संकल्प लिया। बाद में अनुपमा सिंह विभिन्न मंदिरों और गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेकने का काम किया और आशीर्वाद लिया। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे कार्यकताओं ने उनका स्वागत कर नारेबाजी करते हुए उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की। इधर इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वो बाबा का आशीर्वाद लेने पहुंची हैं और बाबा से यही प्रार्थना करती हैं कि यहां के वोटर जब अपना मत देने पहुंचे तो एक बार जरूर सोच ले कि कैसे प्रत्याशी का चयन करना है। साथ हीं उन्होंने सभी कार्यकताओं और क्षेत्र की जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वो धन्यवाद देना चाहेंगी ऐसे सभी लोगो को जो पिछले तीन चार घंटा से इस कड़ी धूप में उनका साथ देने का काम कर रहे हैं।

# उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर के लिए चिन्हित कमरों का किया निरीक्षण

संवाददाता



**धनबाद।** आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने आईटीआई धनबाद एवं राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद स्थित डिस्पैच सेंटर के लिए चिन्हित कमरों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां मटेरियल डिस्पैच, ईवीएम डिस्पैच, बूथवार मार्किंग, पोलिंग पार्टियों के बैठने हेतु व्यवस्था, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिटिंग अरेंजमेंट, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा, समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से चर्चा की। उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, बिजली की निरंतर उपलब्धता व मतदान से जुड़े कर्मियों की सुविधा को लेकर किए जाने वाले संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावे आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त अधिकारी, मतदान कर्मी की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल चंदन कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

**राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खुला ईवीएम वेयरहाउस**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचनपदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के नेतृत्व में तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयरहाउस को खोला गया। इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के निदेर्शानुसार बुधवार को राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम, वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ था। जिसके बाद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभी विधानसभा की एक-एक प्रति उपलब्ध कराई गई थी। इसी कड़ी में बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट की छंटनी के लिए ईवीएम वेयरहाउस को खोला गया। इस अवसर पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता के अलावा इंडियन नेशनल कांग्रेस के मिथिलेश तिवारी, भारतीय जनता पार्टी के नरेंद्र त्रिवेदी, आजसू के रतीलाल महतो, व अन्य लोग उपस्थित थे।

### मतदाता जागरूकता से संबंधित अभिभावक संघ व शिक्षकों की बैठक



संवाददाता

**कुमारधुबी।** हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए। मतदान भविष्य का विधाता होता है।उक्त बातें मध्य विद्यालय एगयारकुंड निरसा 3 परिसर में गुरुवार को अभिभावक शिक्षक की बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक -सह- निर्वाचन नोडल पदाधिकारी एगयारकुंड प्रमोद कुमार झा ने कही। बैठक में वोटर रजिस्ट्रेशन ,वोटर हेल्पलाइन ऐप, अभिभावकों एवं उनके परिवार के सदस्यों का नाम मतदाता सूची में है या नहीं, मतदान के दिन से परिवार उपस्थित होकर अपने मताधिकार के प्रयोग करने आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। श्री झा ने कहा कि कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका व पत्रकारिता चारों स्तंभ हमारे लोकतंत्र को मजबूती प्रदान किए हुए हैं। हमें गर्व है हमारे लोकतंत्र पर। हमारे लोकतांत्रिक मूल्यो पर हमारे संविधान निमार्ता पर हमें गर्व है। उन्होंने कहा कि अपना मत गुप्त रखें। ईवीएम में बटन दबाने के बाद रुक कर बीबीपेट में देखें कि आपने अपना मतदान जिसे दिया है, उसी की पर्ची दिख रही है या नहीं। वही बैठक में विदन मंडल, कुमारी सोना दास, पंपी खां,ज्योति कुमारी, प्रमोद कुमार झा ,सीमा देवी, गुड़िया देवी ,बिंदु बाउरी, जमुना बाउरी, मारुति बाउरी, हेमलाल बाउरी आदि लोग उपस्थित थे।

### पूर्व पत्रकार मुकेश कुमार यादव भी चतरा लोकसभा से करेंगे नामांकन

**चतरा।** चतरा संसदीय क्षेत्र से चतरा जिले के पूर्व पत्रकार मुकेश कुमार यादव भी चुनाव लड़ेंगे। उन्होने बताया कि जय महाभारत पार्टी से टिकट मिला है। मै चतरा जिले का स्थानीय व खतयानी भी हूं। चतरा संसदीय क्षेत्र में हमेशा बाहरी लोग चुनाव जीतते आए हैं और अपने पेट भरने का काम किया है। वहीं आज स्थिति ऐसी बन गई है कि कई प्रत्याशी स्थानीय साबित करने में जुटे हैं। जबकि इसी लोकसभा के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के निवासी अरुण कुमार यादव भाजपा समर्थित जदयू पार्टी से वर्ष 2009 में चुनाव लड़े थे। लेकिन उस समय बाहरी निर्दलीय प्रत्याशी को जीता कर लोकसभा भेजा गया। आज पुनः स्थानीय के नाम पर बाहरी सत्ता में काबिज होने की तयारी में हैं। लेकिन सच पूछा जाए तो एक वर्ग स्थानीय व पीछड़ों को आगे देखना नही चाहते हैं।

### कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं संग की बैठक



संवाददाता

**इटखोरी(चतरा)।** इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचवटी प्लाजा होटल में महागठबंधन कार्यकताओं की बैठक हुई। जिसमें विशेष रुप से महागठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी श्री त्रिपाठी उपस्थित थे। इस दौरान कार्यकताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी को जीत दिलाने की बात कही। वहीं पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा ने कहा कि श्री त्रिपाठी एक योग्य एवं स्थानीय उम्मीदवार हैं। इनकी जीत सुनिश्चित है, यहां की जनता स्थानीयता की मांग को लेकर श्री त्रिपाठी के पक्ष में मतदान कर भारी मतों से जीत दर्ज कराएगी। साथ ही उन्होंने भाजपा उम्मीदवार को अपना खतियान दिखाने का बात कही। तभी पता चल जाएगा कि कौन उम्मीदवार यहां का स्थानीय है। जबकी कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि आज के समय में भाजपा वाशिंग पाउडर बन गई है, कोई भी दोषी अन्य पार्टी से भाजपा में आ जाए वह गंगा नहा लेता है और पार्टी में जाते ही शुद्ध हो जाता है। मैं विकास करने के लिए आया हूं राज करने के लिए नहीं। मौके पर बाल गोविंद राम, राम अधिन यादव, जागेश्वर यादव, अनिल सिंह, मोहम्मद गुलाम समेत भारी संख्या में गठबंधन के नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### राइजिंग पाइप के फटने से लगभग 50 हजार की आबादी एक बूंद पानी के लिए तरसी

संवाददाता



**कुमारधुबी।** भीषण गर्मी में चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र की लगभग 50 हजार की आबादी एक बूंद पानी के लिए तरस रही है। लगातार आ रही पाइप में खराबी के कारण पानी से प्रभावित आम जनता का आक्रोश सातवें आसमान पर है। लेकिन नगर परिषद चिरकुंडा द्वारा कोई ठोस पहल नही किया जा रहा है।

दरअसल नगर परिषद क्षेत्र के समीप राइजिंग पाइप के फट जाने से इलाके के लोगों को पानी नसीब नहीं हो रहा है। इधर भीषण गर्मी को देखते हुए नगर परिषद के पदाधिकारी पाइपलाइन के काम कराने को लेकर युद्ध स्तर पर जुट गए हैं और शुक्रवार तक पानी पहुंचाने की बात कही जा रही है।

अब देखना यह होगा कि पिछले दो दिनों से एक अदद पानी के लिए तरस रही आम जनता के सूखे कंठ को विभाग शुक्रवार तक गीला कर पाती है या नही। इधर विभाग के कर्मी अनूप कुमार ने बताया कि कल से पाइप फट जाने के कारण क्षेत्र के लोगों को पानी नही मिल पा रहा है। काम जारी है शाम तक पानी लोगो को मिलने की उम्मीद है। वहीं नगर परिषद के सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने इस बात को माना कि लगभग 50 हजार की आबादी पाइप फट जाने के कारण प्रभावित है ।युद्ध स्तर पर कार्य जारी है। शुक्रवार तक पाइपलाइन का काम पूरा हो जाएगा और क्षेत्र के लोगो को पानी मिलना शुरू हो जाएगा।

# रागिनी सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल बीसीसीएल के सीएमडी से मिला

संवाददाता



**धनबाद।** झरिया कतरास समेत पूरे कोयलांचल में कोलियरी क्षेत्रों में ग्रामीणों और मजदूरों की विभिन्न समस्याओं एवं मुद्दो को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह जनता श्रमिक संघ की महामंत्री श्रीमती रागिनी सिंह ने अपने संगठन के विशेष प्रतिनिधिमंडल के साथ बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता से कोयला भवन स्थित बीसीसीएल मुख्यालय में मुलाकात की। जहां कोलियरी क्षेत्र में पानी, बिजली ,स्वास्थ्य ,शिक्षा, सड़क समेत कई गंभीर विषयों पर वार्ता हुई। जिसमें झरिया कोलफील्ड क्षेत्रों में उत्खनन स्थलों के गढ़ों में जल जमाव को शुद्ध कर ग्रामीणों के लिए पानी की व्यवस्था करने को लेकर वार्ता हुई। उन्होंने कहा कि झरिया से बेलगढिया में विस्थापित लोगों को रोजगार की समस्या हो जाने से भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ऐसे में उन्हें जब तक रोजगार नहीं मिल जाता, उन्हे झरिया में हीं रोजगार उपलब्ध कराई जाय। साथ हीं बेलगढ़िया में रोजगार की समुचित व्यवस्था कराई जाय। वहीं कतरास सिजूआ एरिया 5 के नगरीजोर नदी में ओबी डंप करने के कारण नदी का अस्तित्व खत्म हो गया है। जिससे वहां के स्थानीय ग्रामीणों को पानी की घोर समस्या से जूझना पड़ रहा है। इसके लिए प्रबंधन वैकल्पिक व्यवस्था कर लोगों को पानी की व्यवस्था करे। जहां सीएमडी समीरन दत्ता ने सभी मुद्दों और मांगो पर विचार कर जल्द से जल्द सभी मांगों को पूरा करने का आश्वाशन दिया।

### चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस कर रही तुष्टिकरण की राजनीति : अविनेश सिंह

**रामगढ़।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह गुरुवार को रामगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने कांग्रेस पर चुनाव जीतने के लिए तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की यह राजनीति नई नहीं है। 60 के दशक से भाजपा इसका विरोध करते आ रही है। भाजपा नेता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवास पर पहुंचे भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने यहां आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि कांग्रेस द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर जो घोषणा पत्र जारी किया गया है वह न ही राष्ट्रहित में है, न समाजहित में और ना ही लोकहित में है। कांग्रेस पार्टी ने तुष्टिकरण को हमेशा वोट बैंक के रूप में प्रयोग करने का प्रयास किया है।

# अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक ली ईवीएम की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग

संवाददाता



**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को सफलतापूर्वक, त्रुटि रहित संपन्न कराने तथा वोटर टर्नआउट बढ़ाने के उद्देश्य से श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय में सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी कार्यपालक दंडाधिकारी को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर हैंड्स ऑन ट्रेनिंग तथा मॉक पॉल सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया।

इसमें सभी पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।वहीं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण ले रहे सभी अधिकारियों को उनके नेतृत्व में चुनाव कराना है। इस दौरान जो भी समस्या आएगी उसका समाधान भी उनको करना है।

इसलिए आज सभी पदाधिकारी को ईवीएम का थ्योरेटिकल एवं प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया गया। वे खुद ईवीएम की तकनिकों को जान लेंगे तो चुनाव के दौरान कोई परेशानी नहीं होगी। इससे वोटर टर्नआउट बढ़ेगा, वोटर्स को अधिक फैसिलिटी मिलेगी।

साथ ही पोलिंग पार्टी, पोलिंग स्टाफ किसी को चुनाव में कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम के ट्रबल शूटिंग पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

साथ ही एरर, एरर का कारण और एरर का निराकरण करने की एक-एक कॉपी सभी सेक्टर पदाधिकारी, प्रीसाइडिंग ऑफिसर, एआरओ, एईआरओ एवं प्रखंड की टीम को उपलब्ध कराया जाएगा। इस दौरान सभी पदाधिकारियों को ईवीएम कमिशिनंग, मॉक पोल प्रोटोकॉल, मॉक पोल के बाद की प्रक्रिया, वीवीपैट को अत्यधिक गर्मी से बचाना, चुनाव संपन्न होने के बाद वीवीपैट से पावर बैकअप निकाल लेना, ईवीएम के रिसीविंग इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर डीसीएलआर संतोष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार कर्ण व राजकुमार वर्मा के अलावा सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी कार्यपालक दंडाधिकारी मौजूद थे।

## भीषण गर्मी को देखते हुए धनबाद, गोमो और कोडरमा तीनों स्टेशनों पर जल वितरण

# अधिकारी के नेतृत्व में जल वितरण का कार्य किया गया

संवाददाता



**धनबाद।** इस भीषण गर्मी को देखते हुए माननीय मंडल रेल प्रबंधक के.के.सिन्हा सह अध्यक्ष भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के निदेर्शानुसार एवं वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजित कुमार सह जिला आयुक्त स्काउट के नेतृत्व में धनबाद गोमो और कोडरमा स्टेशन पर शीतल जल वितरण करने का संकल्प लिया गया। जिसको पूरा करने के लिए भारत स्काउट्स एंड गाइड्स धनबाद मंडल के सीनियर स्काउट्स गाइड्स,रोवर,रेंजर्स,एवं लीडर्स ने मिलकर इसे सफलतापूर्वक सफल बनाने में हर सम्भव अपना अपना योगदान दिया। बीते एक हफ्ते से धनबाद स्टेशन, गोमो स्टेशन एवं कोडरमा स्टेशन पर आने जाने वाले द्वितीय श्रेणी के रेल यात्रियों को शीतल पेय जल यात्रियों तक पंहुचाया जा रहा है। यात्रियों द्वारा हमारी संस्था भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के इस कार्य को सराहा गया। उनका कहना है कि इस चिलचिलाती गर्मी में आप सबों के द्वारा लिया गया संकल्प बहुत हीं नेक है, जिससे हमलोगों को शीतल पेय जल का लाभ प्राप्त हो रहा है। जिससे हमारी आत्म संतुष्टि हो पा रही है। क्योंकि इस भीड़ से निकलकर पानी लेना युद्ध लड़ने के बराबर है। आप लोग अच्छे कार्य कर रहे हैं। यूँ ही करते रहें हम सब की दुआ आप सबों के साथ है। यह सिर्फ हमारी संगठन की ताकत और सकारात्मक पहल है, जिससे हमलोग यात्रियों तक पहुँचकर उनकी मदद कर पा रहे हैं। लोगो का कहना था कि इस पहल के लिए आपके मंडल रेल प्रबंधक एवं वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी को आभार एवं साधुवाद।

# डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

संवाददाता




**धनबाद।** अखिल भारतीय किन्नर समाज, झारखंड प्रदेश एवं डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के ध्येय को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली सुबह 9 से रंगतांड चौक से निकल कर धनबाद रेलवे स्टेशन होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंचकर समाप्त हुई।

इस दौरान सकड़ों किन्नर मौजूद रहें। रैली के दौरान वहां के मतदाताओं को 25 मई को धनबाद लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करने हेतु प्रेरित किया। साथ हीं स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी अनीता कुजूर के द्वारा रैली में मौजूद सभी को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। रैली के दौरान डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर ने आम मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान के दिन अपने अपने मत का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया।

## सुभाषितम्

**आशा कभी आपको छोड़कर नहीं जाती है, आप इसे छोड़ते है। - जॉर्ज वीनवर्ग**

## भारत में पूंजीवाद बढ़ा है

भारतीय जनता पार्टी ने 80-20 का जो नारा दिया था, अर्थात भारत में 80 फीसदी आबादी हिंदू है और 20 फीसदी आबादी में मुस्लिम और अल्पसंख्यक वर्ग आता है। भारतीय जनता पार्टी ने बहुसंख्यक आबादी को अपने पक्ष में करके लोकसभा और विधानसभा चुनाव जीतने के लिए गुजरात के बाद अन्य राज्यों के लिए जो रणनीति बनाई थी, उत्तर भारत के राज्यों में भाजपा की यह रणनीति काफी सफल रही। पिछले 10 साल में उत्तर भारत के सभी राज्यों में डबल और ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने में भाजपा को सफलता मिली। केंद्र, राज्य और स्थानीय संस्थाओं पर भाजपा ने चुनाव जीतकर, सत्ता पर एकाधिकार बनाया। 80-20 की तोड़ इस चुनाव में कांग्रेस ने निकाली है। कांग्रेस ने 90-10 का जो फार्मूला तैयार किया है। उसके बाद से भाजपा का 80-20 का गढ़ दरकता हुआ नजर आ रहा है। कांग्रेस ने सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से सामाजिक न्याय के नाम से 90 फीसदी लोगों के लिए घोषणा पत्र तैयार किया है। पिछले 10 वर्ष में भारत में पूंजीवाद बड़ी तेजी के साथ बढ़ा है। अमीर और अमीर होते चले गए, गरीब और गरीब होता चला गया। 45 फीसदी संपत्ति एक फीसदी लोगों के पास पहुंच गई है। बाकी 9 फीसदी अति धनाड्य और धनाड्य हो सकते हैं। 90 फीसदी भारत की आबादी आर्थिक एवं सामाजिक रूप से बहुत कमजोर है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में इन्हीं 90 फीसदी लोगों के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोकसभा चुनाव 2024 में प्रवेश किया है। 90 फीसदी लोगों की आर्थिक और सामाजिक उन्नति, जाति और समुदाय के अनुसार गरीबी और पिछड़े वर्ग को देने की घोषणा की है। आरक्षण, शिक्षा एवं नौकरी में आर्थिक आधार पर आरक्षण, बिना किसी भेदभाव की सामाजिक व्यवस्था, केंद्र एवं राज्य सरकार की करोड़ों नौकरियां, जो पिछले, 10 वर्षों में नहीं भरी गई हैं, उनको भरने, संविदा कर्मियों को नियमित करने, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों को, पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति, निजी शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण, केंद्र सरकार के बजट का उपयोग 90 फीसदी समुदाय की आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए वितरण करने आदिवासियों को वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत जल, जंगल और जमीन के अधिकार, ग्राम और जिला सरकार का सशक्तिकरण, मुफ्त शिक्षा, भारत में पैदा हुए सभी लोगों के लिए समान अवसर, सभी धर्म के लोगों के लिए समान मानव अधिकार और धार्मिक स्वतंत्रता, अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकारों को बरकरार रखना। भाषा के आधार पर संरक्षण, वरिष्ठ नागरिकों विधवाओं और दिव्यांगों के लिए ?1000 प्रति माह की पेंशन, वरिष्ठ नागरिकों को विशेष अधिकार, बिना किसी भेदभाव के स्वास्थ्य व्यवस्था, गंभीर बीमारियों में 25 लाख रुपए तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा, बेरोजगारों के लिए 1 लाख रुपए का स्टाइपेंड, प्रत्येक परिवार की गरीब महिला को 100000 सालाना की आर्थिक मदद, किसानो और गरीबों की कर्ज माफी, जैसे कई प्रावधान कांग्रेस ने घोषणा पत्र में किए हैं। किसानों की कर्ज माफी और कृषि उत्पादन की एमएसपी तय करने का प्रावधान घोषणा पत्र में किया है।

भारतीय जनता पार्टी ने पिछले 10 साल से हिंदुत्व और धार्मिक ध्रुवीकरण के सहारे चुनाव जीतने का काम किया है। आर्थिक दृष्टि से 90 फीसदी आबादी 2014 की तुलना में और गरीब हुई है। केंद्र सरकार को 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देना पड़ रहा है। लोगों की क्रय शक्ति कम हो रही है। बेरोजगारी दिनों-दिन बढ़ रही है। सरकारी नौकरी के स्थान पर संविदा नियुक्ति पिछले 10 सालों में दी जा रही है। सेना, रेलवे और बैंक की भर्ती बंद है। केंद्र एवं राज्य सरकारों के रिक्त पद खाली पड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में कांग्रेस ने 80-20 का मुकाबला अब 90-10 से करने की रणनीति तैयार की है। इसमें कांग्रेस सफल होती हुई नजर आ रही है। पहली बार भाजपा को कांग्रेस की बिछाई गई बिसात पर चुनाव लड़ना पड़ रहा है। 2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा ने जो वादे किए थे, वे वादे पूरे नहीं हुए।

## चिंतन-मनन

### भावना भी समझें

**एक आदमी बस में रोजाना ही यात्रा करता था। वह बस में केले खाता और छिलके को खिड़की से फेंक देता। एक दिन एक भाई ने कहा, भाई! सड़क पर छिलके डालना उचित नहीं है। दूसरे फिसलकर गिर पड़ते हैं। छिलकों को एक ओर डालना चाहिए। उसने कहा, अच्छी बात है। दूसरे दिन की बात है। पूर्व दिन वाले दोनों यात्री एक ही बस में बैठे हुए थे। एक ने केले छीले, खाए और छिलके डाल दिए। सड़क पर नहीं, अन्यत्र कहीं। साथी ने कहा, धन्यवाद! कल जो मैंने कहा, उसे तुमने मान लिया। आज छिलके सड़क पर नहीं फेंके। उसने कहा, सड़क पर तो नहीं फेंके, पर मेरे पास जो दूसरा यात्री बैठा था, उसकी जेब में चुपके से छिलके डाल दिए। सड़क पर उन्हें डालने की नौबत ही नहीं आई। हर आदमी से ही समस्या को दूसरों की जेब में डालता जाता है और यह मान लेता है कि समस्या का समाधान हो गया। समस्या सुलझती नहीं। एक समस्या सुलझती है, तो दूसरी उलझ जाती है। समस्या के समाधान का सही मार्ग है-भावनाओं पर ध्यान देना। जो भी काम किया जाता है, उसको करने से पूर्व यह सोचना होगा कि मैं यह काम शरीर की सुविधा के लिए कर रहा हूं, पर इससे कहीं मन की समस्या उलझ तो नहीं रही है? कहीं भावना की समस्या गहरी तो नहीं होती जा रही है? हम तीनों समस्याओं पर एक साथ ध्यान दें। जब तक शरीर की समस्या, मन की समस्या और भावना की समस्या पर समवेत रूप में ध्यान नहीं देंगे, तब तक समाधान नहीं मिलेगा।**

## आज का राशिफल

**मेष :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।
**वृष :** स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग हैं।
**मिथुन :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।
**कर्क :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।
**सिंह :** शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।
**कन्या :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।
**तुला :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।
**वृश्चिक :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।
**धनु :** जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा।
**मकर :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।
**कुंभ :** किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी।
**मीन :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

# हमारी आंखों के सामने भारत के रूप में वैश्विक केंद्र का उदय



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के गुरु और जिन्हें रुस के वर्तमान दृष्टिकोण का प्रणेता माना जाता है वे 'अलेक्जेंडर दुगिन' भारत को इसी सदी में दुनिया की महाशक्ति बनता हुआ देख रहे हैं और इसके लिए केंद्र की मोदी सरकार और उसकी नीतियों को जिम्मेदार मान रहे हैं । वस्तुतः किसी भी बात के कहने का महत्व इससे अधिक होता है कि उसे कह कौन रहा है, इस मामले में 'अलेक्जेंडर दुगिन' बहुत भाग्यशाली है कि उन्हें आज के रशिया को अपने मन के मुताबिक बनाने का श्रेय दिया जाता है और उनकी कही बातों को पूरे विश्व का बौद्धिक जगत प्रमुखता से लेता है।

यह कहना गलत न होगा कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन खुद अपने को जो मानते हैं और रूस के लिए जो भी नीति निर्धारित करते हैं, उसके पीछे दिमाग समाजशास्त्र और राजनीति विज्ञान के विशेषज्ञ, रूसी भू-राजनीतिक स्कूल, यूरेशियन आंदोलन के संस्थापक, दर्शनशास्त्री 'दुगिन' का होता है, यह आज दुनिया भी स्वीकारती है। अतः जब भारत के संदर्भ में 'अलेक्सांद्र गेलीविच दुगिन' एक लम्बा लेख लिखते हैं और यह घोषणा करते हैं, हम एक पूरी तरह से नई घटना देख रहे हैं। हमारी आंखों के सामने एक नए वैश्विक केंद्र भारत का उदय हो रहा है और इस सफलता का श्रेय काफी हद तक नीति में परिवर्तन, भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने के साथ नरेंद्र मोदी के मेल से है। तब आज के हालातों को देखते हुए उनकी कही इस बात में पूरी सत्यता नजर आती है।

वैसे 'दुगिन' की कही इन बातों का आज सबसे अधिक महत्व इसलिए दिखता है, क्योंकि विश्व में एक अलग प्रकार की उथल-पुथम मची हुई है। भू-राजनीति स्तर पर दुनिया कई खेमों में बंटी दिखती है। इजराइल-गाजा के बीच हमास आतंकवादी संगठन को लेकर चले लम्बे युद्ध का अब तक पूरी तरह अंत नहीं हो पाया और इजराइल-ईरान के बीच युद्ध का नया संकट खड़ा है। चीन की अपनी अधिनायक राजनीति है, जिससे उसके आसपास के सभी देश परेशान हैं। अफ्रिका के ज्यादातर राष्ट्र आंतरिक संकट से जूझ रहे हैं, वहां गृहयुद्ध जैसे हालात हैं। युरोप के अधिकांश देश आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं, जीडीपी गिरी हुई है, यहां के आम जीवन में बहुत उत्साह नजर नहीं आता। भारत के पड़ौसी मुल्क पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार, बांग्लादेश, अफगानिस्तान किसी न किसी संकट से जूझते दिखते हैं, जिसमें कि सबसे बड़ा संकट आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सत्ता से जुड़ा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद यूक्रेन युद्ध को रुकवाने के लिए कुछ नहीं कर पा रही है। ऐसे में निश्चित ही यह बहुत बड़ी बात है कि भारत तमाम असहमतियों के बीच सहमति बनाने में कामयाब होता दिखता है।

'अलेक्सांद्र गेलीविच दुगिन' ने भारत की अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार को लेकर खुशी जताई है। उन्होंने लिखा, कई लोगों को आश्चर्य होगा कि भारत वर्तमान में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। 2023 में देश की जीडीपी 8.4 प्रतिशत बढ़ी। 2027 तक इसके वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान है। यदि यह प्रवृत्ति जारी रहती है, तो भारत 2030 के दशक में संयुक्त राज्य अमेरिका और यहां तक कि चीन को भी पीछे छोड़ सकता है। भारत जनस-ांख्यिकी और आईटी क्षेत्र में भी अग्रणी है। भारतीय प्रवासी अब सिलिकॉन वैली के एक महत्वपूर्ण हिस्से को नियंत्रित करते हैं और यूके के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक हैं, जो उदार-वैश्विक विचारों के साथ जातीय रूप से भारतीय हैं। दिलचस्प बात यह है कि रिपब्लिकन पार्टी में एक प्रमुख रूढ़िवादी राजनेता, भारतीय मूल के एक कट्टर ट्रम्प समर्थक, विवेक रामास्वामी हैं। कोई भी क्षेत्र हो भारतीय आगे बढ़ रहे हैं।

दुगिन साथ ही यह भी घोषणा करते हैं कि भारत वर्तमान में आईटी में वैश्विक नेताओं में से एक है और वित्तीय क्षेत्र एक नया वैचारिक वैश्विक आयाम प्राप्त करेगा । वे लिखते हैं कि हम एक पूरी तरह से नई घटना देख रहे हैं, हमारी आँखों के सामने एक नए वैश्विक केंद्र भारत का उदय हो रहा है । निश्चित तौर पर इन सफलताओं का श्रेय काफी हद तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को जाता है। भारतीय जनता पार्टी के शासन और मोदी के व्यक्तिगत राजनीतिक करिश्मे ने भारत को मौलिक रूप से बदल दिया है। दिलचस्प बात यह है कि मोदी के शासन में इंडिया का आधिकारिक नाम बदलकर उसका प्राचीन संस्कृत नाम 'भारत' कर दिया गया। आज यह निर्णय दशार्ता है कि नरेंद्र मोदी कांग्रेस की तुलना में पूरी तरह से अलग एवं हर क्षेत्र में भारत को श्रेष्ठ के साथ आगे बढ़ाए जाने की विचारधारा पर कार्य कर रहे हैं।

'दुगिन' ने बहुत स्पष्ट तरीके से लिखा है कि नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हमारे सामने एक ऐसा भारत उभर रहा है जिसे हम शायद ही जानते हों-एक सही परंपरागत भारत, एक वैदिक सभ्यता को आचरण में लेकर आनेवाला राज्य और पूर्ण संप्रभुता के मार्ग पर एक महान भारत हमें दिखाई देता है। कहना होगा कि मोदी का प्रशासन भारत को एक वैदिक सभ्यता के रूप में बढ़ावा दे रहा है। अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक स्तर पर भारत भू-राजनीतिक रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका और इजराइल के साथ अधिक संरेखित हो रहा है। चीन विरोधी गुट क्वाड में भागीदारी कर रहा है। साथ ही इस्लामी दुनिया के साथ भारत के संबंध प्रगाढ़ हो रहे हैं । जिस तरह चीन ने अपने उद्देश्यों के लिए वैश्वीकरण का इस्तेमाल किया, अपनी संप्रभुता को खोने के बजाय मजबूत किया, उसी तरह ग्रेटर इंडिया भी ऐसा करने का इरादा रखता है।

शुरू में, अंतरराष्ट्रीय राजनीति की वस्तुगत वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए, अपनी शक्ति को मजबूत करने, अपनी विशाल आबादी के कल्याण को बढ़ाने, घरेलू बाजार की मात्रा, सैन्य शक्ति और तकनीकी क्षमता का विस्तार करने के लिए और फिर उपयुक्त समय पर, एक पूरी तरह से स्वतंत्र और संप्रभु ध्रुव के रूप में उभरने के लिए भारत आज तैयार दिखता है। 'दुगिन' आज यह भी बता देते हैं कि जॉर्ज सोरोस और उनके ओपन सोसाइटी फाउंडेशन ने नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के साथ युद्ध की घोषणा की है। उसने भारत में सामाजिक और जातीय संघर्ष को भी सक्रिय रूप से भड़काया है।

# जाति के इर्द-गिर्द घूमती भारतीय राजनीति

**अरुण कुमार दीक्षित**

भारतीय राजनीति में जाति की बड़ी अहमियत है। हालांकि अधिकांश महापुरुष जाति विहीन भारत के निर्माण के पक्ष में थे। वे जातिवाद को बेहद खतरनाक मानते थे और कई मौकों पर यह बात उन्होंने कही भी। जाति तोड़ो अभियानों में वे निरंतर जुटे रहे लेकिन जाति की जड़ों को हिला नहीं पाए। इसकी वजह यह रही कि उस समय जातियों का उभार तत्कालीन राजनीति कर रही थी। धीरे-धीरे यह जातीय उभार राजनीतिक गुटों, गिरोहों और वर्गों की शक्ल लेता गया और गांधी, लोहिया तथा अंबेडकर के सपने धराशायी हो गए। आज भारत की राजनीति में जाति सम्मेलनों की बहुलता बढ़ी है। वर्गों का आधिपत्य बढ़ा है। सभी जातियों-वर्गों के अपने नेता हैं। वह जातीय सम्मेलन करते हैं। सत्तारूढ़ दलों के नेता भी अपने स्तर पर जातीय उभार को मजबूती देते हैं। राजनीति दलों के बॉयलॉज की बात करें तो उसमें एक बात समान होती है कि राजनीतिक दल सर्व समाज के लिए बिना किसी भेदभाव के समान अवसर उपलब्ध कराने के काम करेंगे। जाति नहीं देखेंगे। चुनाव में जाति की बात नहीं करेंगे, मगर विधानसभाओं, विधान परिषद, राज्यसभा के चुनाव में जाति वर्ग के कई चरण मंथन- चिंतन की जातीय इंजीनियरिंग को प्राथमिकता दी जाती है। बात यहीं नही समाप्त होती, यह धर्म और पंथ तक जाती है। समता मूलक समाज की स्थापना की नकली रस्मों ने भी भारत का बड़ा अहित किया है। यहां वोट का गणित है। योग्यता-मेधा नहीं है। जातियों के नाम पर पार्टियां हैं। सभी जातियों की अपनी अपनी पार्टियां हैं। अपने-अपने महापुरुष हैं। उनकी मूर्तियों को लगाने की होड़ है। पार्कों को बनवाने के लिए प्रबल मांगें हैं। इतना ही नहीं, प्राचीन भारत के गौरवशाली इतिहास पुरुषों, शासकों को अपनी जाति बताने में गर्व होता है। राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों के पोस्टर बैनर, लेटर हेड में अपनी जाति के महापुरुषों के चित्रों को लगाने का फैशन बढ़ा है।

सरकारों के बदलने पर अपनी जाति वर्ग के विचारों वाले महापुरुषों व्यक्तियों की मूर्तियां लगाने, पार्क बनाने का काम पहले से ही जोरों पर है। इसमें खास बात यह है कि यह मूर्तियां लगाने और पार्क बनाने का काम जनता के धन से ही बड़ी सरलता से संपन्न होता है। देश में लोकसभा चुनाव का तापमान मौसम के साथ बढ़ता जा रहा है। गांव-गांव, नगर-नगर जातियों के नेता सक्रिय हैं। दलों के प्रभारी भी जाति देखकर राष्ट्रीय, प्रदेशीय व जनपदों में बनाए जा जाते हैं। टिकट बंटवारे में राजनीति का मूल तत्व जाति ही है। टीवी पर भारी बहसें होती हैं। जाति के इस व्यक्ति या उस व्यक्ति के टिकट मिलने या मिलने पर, ऐसे में जाति विहीन राजनीति की बातें बेमानी है। समता, ममता और सामाजिक एकता के दावे भी फर्जी हैं। सबको साथ लेकर चलने की पंचायतें हैं, मगर जातियों की पंचायतें तय कर रही हैं कि मेरी जाति का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाए। लोकसभा चुनाव में टिकट वितरण में सभी राजनीतिक दलों में जातियों को लेकर गला काट प्रतिस्पर्धा है। जातिवादी, गुटों वर्गों द्वारा लगातार दलों को धमकी दी जा रही है। जातियों के अति सक्रिय होने से वे जातियां भी पीड़ित अपमानित महसूस करती हैं जिनकी संख्या कम है। वहीं अनेक जातियां उल्लसित हैं कि मेरी जाति की संख्या ज्यादा है। टीवी चैनल भी दलों के पक्ष में जाति आधारित वक्तव्य झगड़े की स्थिति तक दोहराते नहीं थकते हैं लेकिन मूल प्रश्न अनुत्तरित है कि क्या भारत में अति सक्रिय जातिवादी ही सबसे बड़े लोकतंत्र के ठेकेदार हैं? तब उनका क्या होगा जो जातिवादी नहीं हैं।

डॉ. राम मनोहर लोहिया ने जाति तोड़ो अभियान चलाया था। डॉक्टर लोहिया मानते थे कि जाति प्रथा के ऊपर सांस्कृतिक, राजनीतिक व आर्थिक हमला होना चाहिए, जिससे एक दृढ़ समाज बने। दृढ़ और मजबूत समाज के लिए जनता की उदासीनता देश के प्रति खत्म होनी चाहिए। महात्मा गांधी के बाद देश में जाति तोड़ो अभियान की अगुवाई डॉ. लोहिया ही कर रहे थे। डॉ. लोहिया के विचार खासकर आज के राजनीतिक वातावरण में विशेषतः प्रासंगिक हैं। लोहिया ने कहा कि राजनीति बुराई से लड़ती है इसलिए लड़ो। गांधी ने अपनी पुस्तक सत्य के प्रयोग अथवा आत्मकथा के अध्याय 12 के पेज नंबर 35पर लिखा कि मेरे विलायत जाने की बात पर जाति में खलबली मच गई। कहा कि अभी तक कोई मोढ़ बनिया विलायत नहीं गया। जातीय सभा बुलाई गई। मुझे जाति सभा में बुलाया गया। कहा गया कि जाति का ख्याल है कि विलायत (विदेश) जाना ठीक नहीं। हमारे धर्म में समुद्र पार करने की मनाही है। गांधी ने कहा कि मैंने माताजी और भाई से अनुमति प्राप्त की है। सरपंच ने कहा तू जाति का हुक्म नहीं मानेगा। गांधी ने कहा जाति को दखल नहीं देनी चाहिए। सरपंच गुस्सा गए। सरपंच ने आदेश दिया कि यह लड़का 'गांधी' आज से जाति च्युत माना जाएगा। महात्मा गांधी पर जाति के निर्णय थोपने के प्रयास हुए। गांधी को भी जाति के खांचे में रखने के प्रयास हुए। बाद में वे विदेश जा पाए।

डॉ आंबेडकर का विचार था कि जाति प्रथा से लड़ने के लिए चारों तरफ से प्रहार करना होगा। यह ईंट की दीवार जैसी कोई भौतिक वस्तु नहीं है। यह एक विचार है। अंबेडकर ने सवाल उठाया कि हमारे देश को बार-बार आजादी क्यों खोनी पड़ी। क्यों हम इतनी बार विदेशियों के अधीन हुए। कारण यह था कि हमारा सारा देश हमले के खिलाफ खड़ा नहीं हो सका। हमेशा एक छोटे से वर्ग ने मुकाबला किया और यह पराजित हो गया तो सारा देश विजेता के कदमों पर झुक गया। यह मुख्यतः हिंदुओं की जाति प्रथा के कारण हुआ है। बाबा साहब अंबेडकर एक चिंतन (मधु लिमये) की पुस्तक पृष्ठ संख्या 31 । स्वामी दयानंद ने जाति प्रथा की विकृति छुआछूत या अस्पृश्यता की प्रथा पर तीखा प्रहार किया। कहा कि यह प्रथा अनुचित और अमानवीय है, बल्कि यह वैदिक धर्म के विरुद्ध भी है।

स्वामी दयानंद ने जिस राज्य व्यवस्था का समर्थन किया है, वह धर्म तंत्र नहीं है। वह कल्याणकारी राज्य है। इसमें धर्म और नैतिकता की रक्षा के साथ सार्वजनिक शिक्षा के प्रबंध आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि न्याय सत्य पर आधारित राजनीति के प्रति गहरा लगाव मूल्यवान है। लोकमान्य तिलक ने अस्पृश्यता की अमानवीय प्रथा का विरोध किया। जात-पांत पर आधारित भेदभाव की निंदा की। वे भारत में सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप सच्चा समाज सुधार लाना चाहते थे। भारतीय समाज में परिवर्तन चाहते थे। जिस समय भारत के यह सभी महापुरुष जाति उन्मूलन के लिए लगातार आंदोलनरत थे उस समय आधुनिक भारत उदय हो रहा था। गांधी, अंबेडकर, लोहिया, अरविंद घोष, लाला लाजपत राय, सुभाषचन्द्र बोस ने यह न सोचा होगा कि हमारा भारत अगले कुछ दशकों में राजनीति का संचालन जाति को प्राथमिकता देकर करेगा।

# लोकसभा चुनाव : आओ मतदान करें



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

18 वीं लोकसभा के लिए पहले चरण का 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों के लिए मतदान संपन्न हो चुका है। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को देश के 13 राज्यों की 89 लोकसभा सीटों के लिए होने जा रहा है। पहले चरण का मतदान 2019 की तुलना में कम हुआ है। यह अपने आप में चिंतनीय हो जाता है। मतदान कम होने के कारणों का विश्लेषण करने का ना तो यह सही समय है और ना ही यह विश्लेषण का समय है कि मतदान कम होने से किसे लाभ होगा या किसे हानि होगी। लाभ-हानि का आकलन करना राजनीतिक दलों का विषय हो सकता है। पर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिकों द्वारा मताधिकार का उपयोग नहीं करना अपने आप में गंभीर हो जाता है। एक ओर हम निर्वाचित सरकार से अपेक्षाएं रखते हैं और रखनी भी चाहिए, वहीं हम अपनी सरकार चुनने के लिए घर से मतदान करने के लिए भी निकलना अपनी तौहीन समझने लगते हैं। आखिर इतने गैर जिम्मेदार नागरिक हम कैसे हो सकते हैं? यहां बरबस देश की सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी पर ध्यान चला जाता है कि जब हम मतदान के दायित्व को पूरा नहीं कर सकते तो फिर चुनी हुई सरकार से सवाल करने या उससे किसी तरह की अपेक्षा रखने का हक भी हमें नहीं होना चाहिए। एक एनजीओ द्वारा दायर पीएल को इसी भावार्थ के साथ खारिज कर दिया गया था। वैसे भी हमारा दायित्व हो जाता है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम समय निकाल कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पांच साल में एक बार मिलने वाले अवसर को नकारात्मक सोच या गैर जिम्मेदारी से खो देना किसी भी हालात में उचित नहीं माना जा सकता।

लोकतंत्र के महायज्ञ में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करके अपनी आहुति देने का अवसर मिलता है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या फिर लापरवाही के कारण मतदान नहीं करना किसी अक्षम्य अपराध से कम नहीं कहा जा सकता है। वर्तमान परिदृश्य में नोटा प्रयोग भी मंथन का विषय होना चाहिए। नोटा के प्रावधान को लेकर पक्ष-विपक्ष में अनेक तर्क दिए जा सकते हैं पर समय आ गया है कि उस पर बड़ी बहस हो और उसको अधिक प्रभावी या कारगर बनाने के प्रावधान किये जाये। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मतदान को लेकर की गई टिप्पणी भी इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि यदि हम मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं तो फिर सरकार के खिलाफ किसी तरह की ग्रिवेंस करना उचित नहीं ठहराया जा सकता। सजग व जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रत्येक मतदाता का दायित्व हो जाता है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करे। अब तो निर्वाचन आयोग ने मतदान सुविधाजनक भी बना दिया है। बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान का अवसर प्रदान कर दिया हैं वहीं, मतदाताओं के लिए जागरुकता अभियान से लेकर निष्पक्ष चुनाव के लिए कारगर कदम उठाये जाने लगे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव तिथियों की घोषणा करते समय साफ कर दिया कि आयोग चार एम पर प्रभावी कार्यवाही करने को प्रतिबद्ध है और उसकी सूक्ष्म निगरानी की जा रही है। भले ही सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद ईवीएम में नोटा यानी कि नन ऑफ द अवोव का प्रावधान कर दिया गया हो पर एक जागरूक व जिम्मेदार मतदाता के लिए नोटा के प्रयोग को समझदारी भरा निर्णय नही माना जा सकता। कारण साफ है नोटा का बटन दबाकर अपनी भावना तो व्यक्त कर सकते हैं पर उसका इस मायने में कोई अर्थ नहीं रहता कि किसी की जीत-हार में उसका असर नहीं पड़ता। नोटा के प्रयोग के स्थान पर उपलब्ध विकल्पों में से ही किसी एक को चुनना ज्यादा बेहतर माना जा सकता है। हालांकि एक समय था जब कई बूथों पर विरोध स्वरूप मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय कर लिया जाता था या फिर लोगों द्वारा उपलब्ध उम्मीदवारों में किसी को भी मत देने योग्य नहीं समझने के कारण विरोध का मत यानी नोटा के प्रयोग की मांग की जाती रही। नोटा का परिणाम प्रभावी तरीके से राइट टू रिजेक्ट होता तो अधिक कारगर होता।

तस्वीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि अमेरिका सहित दुनिया के कई देशों में नोटा के प्रावधान को हटाया जा चुका है। यों कहें कि कई देशों में नोटा के प्रावधानों को कारगर नहीं पाने के कारण हटा दिया गया है। अमेरिका की ही बात करें तो वहां नोटा का प्रावधान रहा है पर 2000 आते-आते उसे हटा दिया गया। इसी तरह से रूस ने 2006 और पाकिस्तान में 2013 में नोटा प्रावधान को हटाया जा चुका है। देश के प्रबुद्ध नागरिकों, बुद्धिजीवियों, राजनीतिक विश्लेषकों, कानूनविद् को नोटा को लेकर गंभीर बहस छेड़नी होगी जिससे नोटा को वास्तव में चुनावों में हथियार के रूप में उपयोग किया जा सके। आज की तारीख में बात करें तो नोटा केवल और केवल आपके विरोध को दर्ज कराने तक ही सीमित माना जा सकता है। पहले चरण के मतदान के दौरान देश के कई हिस्सों में कई मतदान केन्द्रों पर मतदान का बहिष्कार के समाचार भी देखने सुनने को मिले।

## दैनिक पंचांग

**26 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.36 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मिथुन | 08.34 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.47 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.03 बजे से |
| गुरु | मेष में | कन्या | 15.15 बजे से |
| शुक्र | मेष में | तुला | 17.26 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 19.41 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.57 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 00.02 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | कुंभ | 01.48 बजे से |
| | | मीन | 03.21 बजे से |
| | | मेष | 04.52 बजे से |

**शुक्रवार** 2024 वर्ष का 117 वां दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** द्वितीया 07.47 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** अनुराधा 03.40 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** वरीयान 04.19 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** गर 07.47 बजे तदनन्तर वणिज 20.06 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 17.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 13° 36'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871961
**जूलियन दिन** 2460426.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** सव्वाल **तारीख** 16

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 | बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 | बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 | बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 | बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 | बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 | बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 | बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 | बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 | बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 | बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 | बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 | बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 | बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 | बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 | बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ-** शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर हैं अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# नदी में डूबने से दो सगी बहनों की मौत

संवाददाता

**पलामू।** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के अर्जुनडीह गांव के नजदीक सुखनदिया (मंदेया) नदी में डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गई। दोनों महुआ चुनने के लिए गयी थीं। नदी में नहाने के दौरान दोनों डूब गईं। लड़कियों की पहचान अर्जुनडीह निवासी राशीद अंसारी की पुत्री 10 वर्षीय आपदा खातून एवं 8 वर्षीय आजरा खातून के रूप में हुई है। दोनों के शव नदी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



बताया जाता है कि गुरुवार दोपहर लगभग 12 बजे दोनों बहनें गांव के पास में महुआ चुनने गई थीं। आपदा एवं आजरा के साथ गांव की तीन बच्ची भी साथ में महुआ चुनने गयी थीं। इसी क्रम में पांचों बच्चियां सुखनदिया (मंदेया) नदी में उतरकर नहाने चली गईं। आपदा नहाते के दौरान आगे बढ़ गई और बीच में बने 10 फीट गहरे गड्ढे में समा गयी। उसके पीछे उसकी छोटी बहन आजरा भी चली गई। जब दोनों नदी से बाहर नहीं निकलीं तो अन्य तीनों बच्चियों ने गांव में जाकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। गांव के लोग बच्चियों के साथ नदी के पास में गए और नदी में खोजने के लिए उतरे। काफी मशक्कत के बाद दोनों बच्चियों के शव बाहर निकाले गए।

**अब्दुल जलील ने कहा सुखनदिया में बालू उठाव के दौरान अगर गड्ढा नहीं बना होता तो दोनों मासूम बच्चों की जान नहीं जाती**

गांव के लोगों में इस घटना से काफी आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि बालू माफिया द्वारा जेसीबी से बालू निकाला जाता है और जगह-जगह पर दस-दस फीट के गड्ढे बना दिए हैं। इन गड्ढों में पानी जमा हुआ था। बालू माफिया की वजह से दोनों बच्चियों की जान चली गई है। कउवल पंचायत के पूर्व मुखिया अब्दुल जलील ने कहा कि सुखनदिया में बालू उठाव के दौरान अगर गड्ढा नहीं बना होता तो दोनों मासूम बच्चों की जान नहीं जाती। उन्होंने छत्तरपुर के पदाधिकारियों से मांग की कि इस घटना पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई की जाए, ताकि दोबारा ऐसी घटना ना हो।

# 490 ग्राम अफीम के साथ यूपी का तस्कर समेत दो गिरफ्तार

संवाददाता

**पलामू।** नशीले पदार्थों की खरीद बिक्री और तस्करी रोकने को लेकर की जा रही कार्रवाई में मेदिनीनगर सदर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई कर रजवाड़ीह बाइपास रोड से दो लोगों को 490 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। उनके पास से 27570 नगद, क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड, मोबाइल फोन आदि बरामद किए गए हैं। एक की पहचान उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के मिजार्पुर थाना क्षेत्र के चितरउ गांव के रहने वाले अनिल राजपूत (उम्र 23 वर्ष) पिता जयराखन राजपूत एवं पांकी थाना क्षेत्र के बरवैया ग्राम के संजय कुमार (32) पिता भरोसा यादव के रूप में हुई है।



सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने जानकारी दी की गुप्त सूचना मिलने पर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि उतरप्रदेश का युवक अफीम लेने के लिए यहां आया था, जबकि पांकी का युवक उसे अफीम देकर टेज्न या बस पकड़वाने के लिए उसके साथ मौजूद था। सदर अंचल अधिकारी की उपस्थिति में दोनों को गिरफ्तार किया गया। कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## एक नजर

### पंचमुखी हनुमान मंदिर के रखरखाव को लेकर बैठक 28 को

**मेदिनीनगर (पलामू)।** वृहस्पतिवार को बारालोटा वार्ड नंबर छह स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में प्रातः 7 बजे बैठक हुई । इसमें निर्णय लिया गया कि हनुमान मंदिर के रखरखाव व स्वच्छता के जिम्मेवारी प्रदान करने को ले आगामी 28 अप्रैल दिन रविवार को सुबह 8 बजे मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों व वार्डवासियों की बैठक होगी। बैठक में पंचमुखी हनुमान मंदिर के रखरखाव स्वच्छता व पंडित जी की मंदिर सेवा हेतू मासिक खर्च देने पर चर्चा होगी। इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर चर्चा करने में लिए जाएंगे। बैठक में सभी वार्डवासियों से आग्रह किया गया है कि सभी समयानुसार बैठक में शामिल होकर अपने विचार को रखें। बैठक में पंचमुखी हनुमान मंदिर के अध्यक्ष सत्येंद्र तिवारी ,कोषाध्यक्ष संतोष तिवारी, उपाध्यक्ष श्रीकान्त तिवारी, उपकोषाध्यक्ष मनोज तिवारी, सचिव योगेन्द्र दुबे, मीडिया प्रभारी सह संचालक रविन्द्र कुमार तिवारी, संरक्षक चन्दन तिवारी, भूदानकर्ता अरूण तिवारी उर्फ अकलू तिवारी सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

### नावा बाजार थाना प्रभारी ने एक वारंटी को भेजा न्यायिक हिरासत में

**नावा बाजार (पलामू)।** कई वर्षो से फरार चल रहे स्थाई वारंटी गोपाल यादव, पिता रामकरण यादव ग्राम ताली निवासी को नावा बाजर थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने गिरफ्तार कर मेदिनीनगर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



### सड़क हादसे में वृद्ध महिला की मौत

**हरिहरगंज (पलामू)।** पिपरा थाना क्षेत्र के एनएच 98 दुबटिया मोड़ पर गुरुवार की सुबह एक 64 वषीर्या वृद्ध महिला हादसे का शिकार हो गईं । महिला एक ओर से दूसरी ओर सड़क पार कर रही थी इसी बीच वह अज्ञात वाहन के चपेट में आकर महिला की मौत हो गई। उसकी पहचान बिहार राज्य के औरंगाबाद जिले के सिमरा थाना क्षेत्र के तेतराई ग्राम निवासी रामकली देवी पति शिव प्रसाद ठाकुर के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामकली अपने पति के साथ बिहार से दुबटिया मोड़ पर किसी वाहन से उतरी थी और फिर अपने मायके बभंडी जाने के लिए सड़क पार कर रही थी।

### सरकारी चापाकल में सबमर्सिबल लगा कर किया जा रहा निजी उपयोग

**नावाबाजार(पलामू)।** नावाबाजार प्रखंड में रजदिरीया मल्लाहटोली गांव निवासी सत्येन्द्र चौधरी व अशोक यादव के द्वारा सरकारी चापाकल में निजी सबमर्सिबल लगाया गया है। जिसका निजी उपयोग किया जा रहा है। इस बावत स्थानीय लोगों के द्वारा नावाबाजार थाना सहित प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर दोनों पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की है। लोगों का आरोप है कि सबमर्सिबल लगाए जाने से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यदा कदा स्थानीय लोगों के द्वारा विरोध किया जाता रहा है, लेकिन पावर व पहुंच के बल पर वे गुंडागर्दी पर उतर आते हैं।

# सीपीआई के घोषणा पत्र में युवाओं को रोजगार, पलामू को विशेष पैकेज : रूचिर

● तालाबों नदियों का अतिक्रमण मुक्त कर जल स्रोतों को बचाने का प्रयास किया जाएगा

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह, सीपीआई के पलामू लोकसभा उम्मीदवार अभय कुमार भूइंया, सच्चिदानंद सिंह , उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी, सोहैल अख्तर ने कचहरी परिसर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया एवं घोषणा पत्र के माध्यम से पलामू लोकसभा के क्षेत्र में सभी खेतों में सिंचाई हेतु पानी की व्यवस्था करना, पलामू जिला में नए उद्योग लगाकर नौजवानों के लिए रोजगार सृजित करना, बच्चों के पढ़ाई के लिए स्कूल एवं अस्पतालों पर्याप्त दवाई की व्यवस्था करवाना, एवं समाज के अंतिम पायदान पर रह रहे गरीब मेहनतकश मजदूर वर्ग आदिम जनजातियों शोषित वंचितों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराकर पलामू के लिए विशेष पैकेज की मांग करना, एवं सभी प्रखंडों में व्याप्त घूसखोरी एवं भ्रष्टाचार पर रोक लगाना भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की पहली प्राथमिकता होगी। वही निगम क्षेत्र सहित पूरे जिले में व्याप्त जल संकट को दूर कर सभी तालाबों नदियों का अतिक्रमण मुक्त कर जल स्रोतों को बचाने का प्रयास किया जाएगा।



पलामू जिला के नौजवानों पर विशेष रूप से ख्याल किया जाएगा एवं बंद पड़े खदानों को चालू कर कर स्थानीय युवाओं को रोजगार दिया जाएगा ताकि पलायन पर रोक लग सके। एवं माता शबरी को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए संसद में कानून लाने का प्रयास करूंगा तथा 24 फरवरी शबरी माता के जयंती एवं 1मई को विश्व मजदूर दिवस , परशुराम जयंती, एवं वीर कुंवर सिंह जयंती को राष्ट्रीय छुट्टी घोषित करवाने का प्रयास करूंगा।

# टैंपो पलटने से महिला की मौत, दस अन्य घायल

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के आजादनगर सूदना में गुरुवार की दोपहर 3:30 बजे दो टेंपो की टक्कर में एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें टेंपो पर सवार 11 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी व्यक्ति एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। वही इस घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही टीओपी 3 प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह, टाइगर मोबाइल के जवान पंचम तिवारी, परवेज खान घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के क्रम में पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम छापर गांव निवासी अर्जुन सिंह की पत्नी राजधानी देवी उम्र 35 वर्ष की मौत हो गई। वहीं, घायलों में कविता देवी उम्र 40, अर्जुन सिंह 42,मनीषा कुमारी, 11,लक्ष्मी कुमारी 6, ममता 15,सुजीत कुमार उम्र14 वर्ष सहित अन्य चार व्यक्ति का नाम शामिल है।सभी घायलों का इलाज मेदिनीनगर सदर अस्पताल में चल रहा है। इस घटना के बारे में घायल अर्जुन सिंह ने बताया कि गुरुवार को परिवार के सभी सदस्य टेंपो पर सवार होकर छतरपुर थाना क्षेत्र के लर्मी गांव से अपने घर पांकी जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में आजाद नगर सुदना में उनकी टेंपो की टक्कर दूसरे टेपों से हो गई। जिसमें सभी व्यक्ति घायल हो गए हैं और एक की मौत हो गई।




# पलामू लोकसभा क्षेत्र से कुल 11 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

● गुरुवार को तीन प्रत्याशियों ने किया नामांकन

संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू लोकसभा चुनाव को ले नामांकन के सातवें व अंतिम दिन तीन प्रत्याशियों ने निर्वाचित पदाधिकारी सह पलामू के उपायुक्त के समक्ष पर्चा दाखिल किया। गुरुवार को पर्चा दाखिल करने वालों में बहुजन मुक्ति पार्टी के रामवचन राम, स्वतंत्र रूप से निर्दलीय गणेश रवि व राष्ट्रीय समानता दल के ब्रजेश कुमार तुरी ने नामांकन किया है। इस तरह नामांकन प्रक्रिया की समाप्ति तक कुल 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया।



पलामू लोकसभा क्षेत्र के हर हाथ को काम व मिलेगा सम्मान गणेश रवि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन के अंतिम दिन स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में गणेश रवि ने नामांकन किया। नामांकन दाखिल करने के बाद गणेश रवि ने कहा कि पलामू लोकसभा क्षेत्र के हर हाथ को काम व हर लोगों को सम्मान देना प्राथमिकता होगी। कहा कि उनका लक्ष्य सकारात्मक रहेगा। पलामू लोकसभा क्षेत्र में क्या होगा व क्या होना चाहिए इस पर ज्यादा फोकस होगा। पलामू लोकसभा क्षेत्र गरीबी व भुखमरी के लिए चर्चित रहा है। पलायन, भुखमरी व बेरोजगारी आज भी जारी है।

इस कलंक को समाप्त कर विकसित पलामू लोकसभा क्षेत्र बनाना मेरा पहला लक्ष्य होगा। जल, जंगल, जमीन व खनिज संपदा प्रचुर मात्रा में है। इसका सही उपयोग कर हर हाथ को काम देंगे। वे पलामू के बेटा हैं। पलामू के हर एक दुख व दर्द को अच्छी तरह से समझते हैं। कोशिश होगी कि इस दुख व दर्द को समाप्त करें।

# स्कूली बच्चों को मतदान केंद्र पर भोलेंटियर के लिए दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता

**नावा बाजार (पलामू)।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन कुमार के निर्देश के आलोक में बृहस्पतिवार को नावा बाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी विजय प्रकाश मरांडी ने प्रखंड क्षेत्र के स्कूली बच्चों को दिव्यांग असहाय वृद्ध लोगों को मतदान के लिए जागरूकता एवं केंद्र पर सहयोग देने के लिए प्रशिक्षण दियापर प्रशिक्षण के दौरान पहले मतदान फिर जलपान, चुनाव है। लोकतंत्र की शान बहुत डालकर करो सम्मान, चुनाव में वोट डालना है। अपना फर्ज निभाना है, आदि स्लोगन के साथ बच्चों को प्रशिक्षित किया गया। जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्र पर दिव्यांग, वृद्ध के लिए मतदान करने हेतु पलामू उपायुक्त शशि रंजन कुमार ने केंद्र पर सुविधा बहाल के लिए क्षेत्र के स्कूली बच्चे, बिएलो, रोजगार सेवक को मतदाता के सुविधा एवं जागरूकता के लिए जिम्मेदारी सौंपी है।



मतदान केंद्र पर दिव्यांग को मतदान करने के लिए व्हीलचेयर के व्यवस्था के साथ स्कूली बच्चे भोलिंटियर्स के रूप में कार्य का निर्वहन करेंगे मालूम हो की 15 वर्ष के ऊपर एवं 18 वर्ष के नीचे वह सभी बच्चा पहचान पत्र के साथ सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 तक मतदान केंद्र पर रहेंगे। उक्त मौके पर कनिय अभियंता ,पंचायत सेवक शिवकुमार यादव अंचल उप निरीक्षक कुंदन कुमार रोजगार सेवक अमित कुमार विद्यापति राम रमाकांत तिवारी प्रमोद यादव सानिया कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# केएन त्रिपाठी हैं चतरा से गठबंधन के उम्मीदवार : सत्यानंद भोक्ता

संवाददाता

**मेदनीनगर (पलामू)।** चतरा संसदीय क्षेत्र से आईएनडीआईए के उम्मीदवार पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी हैं। कांग्रेस पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल व झारखंड मुक्ति मोर्चा समेत आईएनडीआईए गठबंधन के सभी दल गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को भारी मतों से विजयी बनाएंगे। उक्त बातें झारखंड के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कही। वे पलामू जिला समाहरणालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। चुनाव के दिन गठबंधन दलों के एक-एक कार्यकर्ता बूथ पर मुस्तैदी से खड़ा रहेगा। पार्टी के नेता व कार्यकर्ता चुनाव के पूर्व अपनी पार्टी की नीतियों व सिद्धांतों को बताकर जनता को जागरूक करेगा। कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र की जनता पूरे बदलाव के मूड में है। केएन त्रिपाठी के पक्ष में आंधी चल रही है। क्षेत्र के लोगों को चुनाव के दिन का इंतजार है। मंत्री भोक्ता ने कहा कि वे स्वयं क्षेत्र में डटे रहेंगे व केएन त्रिपाठी को जीताने के लिए एड़ी- चोटी एक कर देंगे। कहा कि स्थानीय सांसद ने चतरा संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए एक भी कार्य नहीं किया है।



चतरा के विकास के लिए सही मायने में इस बार पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी जैसा विजन वाला नेता चुनाव मैदान में खड़ा हुए हैं। केएन त्रिपाठी के चुनाव जीतने पर चतरा संसदीय क्षेत्र की तकदीर व तस्वीर बदल जाएगी। भोक्ता ने कहा कि केएन त्रिपाठी गठबंधन के एक योग्य व कर्मठ प्रत्याशी हैं। केएन त्रिपाठी की जीत ऐतिहासिक होगी। कहा कि मोदी का एक भी वायदा पूरा नहीं हुआ। 15 लाख खाता में नहीं आए। विदेश से काला धन नहीं लाया गया । महंगाई कम नहीं हुई। युवकों को रोजगार नहीं मिला। झारखंड में अधिक्तर कच्चे मकान हैं। लेकिन प्रधानमंत्री पक्का मकान नहीं दे पाएं। प्रधानमंत्री का वादा पूरी तरह झूठा निकला।

# जपला ए.के. सिंह कालेज में मतदाता जागरूकता अभियान रैली का आयोजन

संवाददाता

**हुसैनाबाद/पलामू।** राष्ट्रीय सेवा योजना ए. के. सिंह कॉलेज, जपला एवं स्वीप कोषांग, हुसैनाबाद के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली महाविद्यालय परिसर से चलकर गोद लिए हुए गांव कोइरियाडीह (देवरी कला पंचायत) में समापन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य यह है कि 13 मई 2024 को पलामू संसदीय क्षेत्र में होने वाले आम चुनाव को एक - एक मतदाता सुबह सात बजे से लेकर शाम पांच बजे तक अपने मत का प्रयोग करें।



कोई मतदाता छुटे नहीं। उक्त अवसर पर एल आरडीसी हुसैनाबाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी हुसैनाबाद, अंचल पदाधिकारी हुसैनाबाद, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी -सह- नोडल पदाधिकारी प्रो० राजेश कुमार सिंह, शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. आनंद कुमार सिंह, प्रो. सुनील कुमार सिंह, डॉ. अजय कुमार सिंह, प्रो. जयशंकर प्रसाद सिंह, प्रो. सुदीप कुमार सिंह, प्रो. हरेन्द्र कुमार सिंह, प्रो. अभिषेक कुमार, प्रो. राहुल कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह (अकाउंटेंट), धनंजय कुमार सिंह (सहायक) सहित एनएसएस स्वयंसेवकों, अन्य छात्र- छात्राएं, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने सहभागिता की। एनएसएस स्वयंसेवक शशि रंजन और शुभम प्रकाश एवं प्रखंड स्टाप अंजनी कुमार ने मतदाता जागरूकता हेतु स्लोगन का उद्घोष कर रहे थे। रैली का संचालन प्रो. राजेश कुमार सिंह ने किया।

समापन में अंचल पदाधिकारी हुसैनाबाद ने कहा कि आगामी 13 मई को सभी लोग घर से निकलकर पहले मतदान करें फिर अन्य कार्य करें। मतदान प्रतिशत हर हाल में बढे।कोई मतदाता छुटे नहीं।

### सड़क दुर्घटना में मृत्युंजय कुमार सिंह की मौत

**हुसैनाबाद /पलामू।** पीपरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कलीपुर गांव से जपला थाना क्षेत्र के एक युवक को विक्षिप्त हालत में 108 एंबुलेंस से गुरुवार को हरिहरगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान जपला थाना क्षेत्र के लंगर कोट निवासी स्वर्गीय गणेश सिंह के 35 वर्षीय पुत्र मृत्युंजय कुमार सिंह के रूप में हुई है। इस संबंध में सीएससी प्रभारी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि युवक फारका का मरीज था और तपती धूप में चलने के वजह से अचानक फारका आने से वह विक्षिप्त हो गया।उसे हॉस्पिटल लाने से पहले ही उसकी मौत हो गई थी। उधर कलीपुर गांव के ग्रामीणों ने बताया कि गांव से पश्चिम दिशा की ओर से मृतक गिरते पटकाते किसी तरह कलीपुर गांव पहुंचा था। जिसके बाद ग्रामीणों ने अंजान व्यक्ति समझ कर पूछ ताछ कर पानी और खाना दिया।इस दौरान मृतक खाना पानी फेकते हुए जमीन पर गिर गया और पांव घिसटते हुए उसकी मौत हो गई। जिसके बाद कलीपुर गांव के वार्ड सदस्य सुल्दीप पासवान ने तुरंत पीपरा पुलिस के साथ 108 एम्बुलेंस को सूचना दी थी। मृतक के बड़े भाई विजय सिंह ने बताया कि गुरुवार की सुबह ही पीपरा थाना क्षेत्र के दमवा गांव शादी समारोह में शामिल होने गया था।उसे शराब पीने की लत थी। हो सकता है कि खाली पेट शराब पी होगी। मृतक शादी शुदा था, जिसे दो पुत्र एक नाबालिग पुत्री है।

### सड़क दुर्घटना में शिक्षक घायल, स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर।** मनातू थाना क्षेत्र के पदमा गांव के पास सड़क दुर्घटना में गुरुवार की सुबह शिक्षक संजय कुमार चौधरी उम्र 40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा उन्हें इलाज लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी सदर अस्पताल के चिकित्सको ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुवे उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। वही इस घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंच कर घायल संजय कुमार चौधरी को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर के एक प्राइवेट अस्पताल में लेकर गए है। वही जानकारी मिलने पर अन्य टीचर भी सदर अस्पताल पहुंच कर परिजनों से घटना के बारे में जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि संजय कुमार चौधरी हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दंगवार गांव के रहने वाले हैं। मनातू में वह यूएमएस स्कूल के टीचर हैं। गुरुवार की सुबह बाइक पर सवार होकर बच्चों को स्कूल में पढ़ाने जा रहे थे इसी बीच रास्ते में पदमा गांव के समीप एक दूसरे बाइक से उनकी टक्कर हो गई जिसमें वह बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के बाद भी उनका स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## एक नजर

### पवन सिंह पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की प्राथमिकी

**डेहरी-ऑन-सोन।** भोजपुरी अभिनेता व काराकाट लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा किए पवन सिंह व उनके सहयोगी अंबूज सिंह पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन करने की प्राथमिकी संझौली के सीओ ने कराई है। जिसमें स्वीकृत वाहन की संख्या से अधिक का उपयोग करने की बात कही गई है। रोहतास जिले के संझौली प्रखंड के सीओ किशोर पासवान ने थाना में कराई गई प्राथमिकी में कहा है कि पवन सिंह के रोड शो की अनुमति लेने वाले राजपुर निवासी अंबुज कुमार सिंह ने पांच वाहन की अनुमति मांगी थी। लेकिन रोड शो में अधिक वाहनों का उपयोग कर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया गया। सीओ की शिकायत पर अभिनेता पवन सिंह व उनके सहयोगी अंबुज कुमार सिंह के विरुद्ध भादवि की धारा 188, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127 के तहत प्राथमिकी हुई है। बिक्रमगंज, काराकाट, राजपुर में राजपुर में भी आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की प्राथमिकी अंबुज सिंह व हूटर लगे स्कार्पियो वाहन के स्वामी तथा चालक पर भी आइपीसी, लोक प्रतिनित्व कानून व बिहार नियंत्रण और उपयोग, लाउडस्पीकर अधिनियम के तहत की गई है।

### सात साल की बच्ची के साथ बलात्कार

**डेहरी-ऑन-सोन।** रोहतास जिले के नौहट्टा थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की शाम एक सात साल के नाबालिक लडकी के साथ बलात्कार होने का मामला प्रकाश मे आया है। मामले की एफआईआर पीडिता की मां ने बुधवार की देर शाम थाना मे करायी। एफआईआर होने के बाद पुलिस ने आरोपी अनुज कुमार को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष कमालुद्दीन के अनुसार लडकी मंगलवार को अपने घर मे खेल रही थी। खेलते-खेलते अनुज कुमार के घर मे चली गयी। उसके घर मे कोई नही था। अकेली लडकी देख अनुज ने मुंह काला कर लिया। लड़की रोते-रोते घर आयी। लडकी की मां ने उसके सारे कपड़े धोए। बुधवार को थाना पहुंची। थानाध्यक्ष कलामद्दीन ने बताया कि न्यायालय के आदेश आने पर लडकी का मेडीकल कराया जाएगा। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### देशी कट्टा और तीन कारतूस के साथ सद्दाम गिरफ्तार

**अररिया।** जिले की भरगामा थाना पुलिस ने एक देशी कट्टा और तीन कारतूस के साथ सद्दाम नामक बदमाश को गिरफ्तार किया है।भरगामा थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने थाना क्षेत्र के अकरथापा के रहने वाले हसीब के पुत्र सद्दाम को वीरनगर विशहरिया से हथियार के साथ रंगेहाथ बुधवार को गिरफ्तार किया। भरगामा थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसपी अमित रंजन के निर्देश पर वाहन चेकिंग के साथ संदिग्धों की जांच की जा रही है।इसी क्रम में सद्दाम को हथियार एक साथ गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार सद्दाम के खिलाफ भरगामा थाना में चार संगीन आपराधिक मामले पहले से दर्ज है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने गुरुवार को बताया कि अवैध हथियार बरामदगी के मामले में सद्दाम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है।

### एक पिस्टल और 16 कारतूस के साथ रविभूषण गिरफ्तार

**अररिया।** अररिया एसपी अमित रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा के नेतृत्व में डीआईयू और भरगामा थाना पुलिस के संयुक्त कार्रवाई में बुधवार को रविभूषण कुमार को एक पिस्टल और 16 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार रविभूषण कुमार भरगामा थाना क्षेत्र के मोझा वार्ड संख्या दो के रहने वाले देवेंद्र यादव के पुत्र हैं। अररिया एसपी अमित रंजन को यह गुप्त सूचना मिली थी कि भरगामा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध हथियार के साथ एक आदमी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के मूड में है,जिसके बाद एसपी ने फारबिसगंज एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा और भरगामा थाना पुलिस के साथ डीआईयू की टीम बनाकर छापेमारी करवाई तो रविभूषण कुमार पकड़ा गया।तलाशी के बाद उसके पास से एक पिस्टल, 16 कारतूस और एक मोबाइल बरामद किया गया।मामले को लेकर भरगामा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की तैयारी की जा रही है।

### एनसीसी कैडेटों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**भागलपुर।** लोक सभा आम चुनाव अंतर्गत भागलपुर में होने वाले 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए गुरुवार को जिला प्रशासन के अनुरोध पर एनसीसी द्वारा जिला कलेक्ट्रेट के परिसर से एक विशाल मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसे जिलाधिकारी डॉक्टर नवलकिशोर चौधरी ने झंडा दिखाकर रवाना किया। उक्त रैली में जिला प्रशासन द्वारा बैंड बाजा की भी व्यवस्था की गई थी। जिससे पूरा वातावरण हर्षोल्लास से भरा प्रतीत हुआ। यह जागरूकता रैली घंटाघर से होते हुए खलीफाबाग चौक और कोतवाली चौक से गुजरते हुए शहर के प्रमुख स्थानों से निकाली गई।

### भाजपा में शामिल हुए पार्षद सत्येन रॉय

**बैरकपुर।** उत्तर 24 परगना जिलान्तर्गत जगद्दल के मजदूर भवन में भाटपाड़ा नगरपालिका के 10 नंबर वार्ड के पार्षद सत्येन रॉय अपने समर्थकों के साथ गुरूवार को भाजपा में शामिल हो गए। इस मौके पर बैरकपुर के भाजपा उम्मीदवार अर्जुन सिंह और बैरकपुर भाजपा संगठनात्मक जिलाध्यक्ष मनोज बनर्जी उपस्थित थे। इस मौके पर अर्जुन सिंह ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि सत्येन रॉय लंबे समय के राजनीतिक कार्यकर्ता रहे हैं। उन पर किया गया हमला काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। हमने उनसे भाजपा में शामिल होने के लिए कहा। मुझे बेहद खुशी है कि आपने मेरी बात रखी।

# चौथे चरण में आठ केंद्रों पर मतदान के लिए गृह मंत्रालय से 750 कंपनी फोर्स की मांग

संवाददाता

**कोलकाता।** बंगाल में 263 कंपनी फोर्स के साथ लोकसभा चुनाव का पहला चरण शुरू हुआ था। संख्या धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। लेकिन चौथे चरण की वोटिंग में चुनाव आयोग बंगाल के लिए जितनी फोर्स मांगने जा रहा है, वह चौंकाने वाली है! आयोग के मुताबिक, चौथे चरण में आठ केंद्रों पर मतदान के लिए गृह मंत्रालय से रिकॉर्ड संख्या में 750 कंपनी फोर्स की मांग की जा रही है। चुनाव आयोग ने बंगाल में पहले चरण के मतदान के लिए सैनिकों की 263 कंपनियां तैनात किये थी। अगले शुक्रवार के दूसरे चरण में सेना की संख्या 334 कंपनियों पर है। 7 मई को तीसरे चरण में आयोग ने चार केंद्रों के लिए सैनिकों की 75 और कंपनियों आने की जानकारी दी।



हालांकि, चौथे चरण के लिए व्यापक गणना के बाद, यह देखा गया कि राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय द्वारा आवश्यक बलों की संख्या की सूचना दिल्ली के राष्ट्रीय चुनाव आयोग (भारत के चुनाव आयोग) को दी गई है, कई लोगों ने चौक गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय की ओर से दिल्ली को सूचित किया गया है कि चौथे चरण में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए केंद्रीय बल की कम से कम 60 हजार यानी 750 कंपनियां तैनात की जानी चाहिए। तीसरे चरण में जहां आयोग 407 कंपनी फोर्स के साथ चुनाव कराने को लेकर आश्वस्त है, वहीं चौथे चरण में इतनी बड़ी संख्या में फोर्स क्यों मांगी जा रही है?

आयोग के शीर्ष सूत्रों में से एक के अनुसार, इस रिकॉर्ड संख्या में बल मांगने का निर्णय उन आठ केंद्रों की सुरक्षा रिपोर्ट और विभिन्न चुनावी आंकड़ों को देखने के बाद ही लिया गया, जहां चौथे चरण में मतदान होना है। विशेष पुलिस पर्यवेक्षक से चर्चा कर पूर्व में हुए उपद्रवों पर चर्चा की गयी। चौथे चरण में 13 मई को दक्षिण बंगाल के चार जिलों के आठ निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। ये हैं कृष्णानगर, राणाघाट, बोलपुर, बीरभूम, बर्दवान पूर्व, बर्दवान-दुगार्पुर, आसनसोल और बहरामपुर। उनमें से, बीरभूम और बहरामपुर में अतीत में चुनावों के दौरान हर बार दंगे हुए हैं। ऐसे में इस प्रकरण में संवेदनशील बूथों की संख्या काफी अधिक है।

इसके अलावा हाल ही में रामनवमी के दिन मुर्शिदाबाद के शक्तिपुर और बेलडांगा में दंगे हुए थे। मुर्शिदाबाद जिले की चुनावी स्थिति से चिंतित होकर कोलकाता उच्च न्यायालय की अपनी टिप्पणी है कि बहरामपुर में मतदान स्थगित किया जाना चाहिए। बीरभूम और आसनसोल औद्योगिक क्षेत्रों में चुनाव संबंधी हिंसा के कई पुराने रिकॉर्ड हैं। इन सबको देखते हुए सूत्रों का कहना है कि इस चरण में 750 कंपनी फोर्स की मांग की जा रही है। दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट में दूसरे चरण में शुक्रवार को मतदान। इस चरण में रायगंज अंतर्गत इस्लामपुर पर अतिरिक्त ध्यान दिया जा रहा है।

### मेदिनीपुर की जनसभा में ममता का कटाक्ष

## बीजेपी करोगे तो बेल तृणमूल करोगे तो जेल

संवाददाता

**कोलकाता।** तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी केंद्रीय अभाव को लेकर फिर से आवाज उठाये हैं। जून माल्या के समर्थन में ममता ने गुरुवार को मेदिनीपुर में एक जनसभा की। उस बैठक में ममता ने कहा, "केंद्र ने 100 दिनों का पैसा रोक दिया है। हमने इसका निपटारा कर लिया है।" इसके बाद टारगेट करके कहा, 'वे कह रहे हैं कि लक्ष्मी भंडार बंद कर देंगे। मैं कहूंगा कि अगर आपको लक्ष्मी भंडार बंद करना है तो बीजेपी के भंडार को उखाड़ फेंको। ममता के टार्गेट इस दिन शुभेंदु अधिकारी थे। बिना नाम लिए 'गद्दार' करके संबोधित करते हुए ममता ने कहा, 'मेदिनीपुर में एक गद्दार है। उन्होंने कहा था कि बम बिस्पोट होगा । इसके बाद 26,000 शिक्षकों को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा। अब स्कूल कैसे चलेंगे?" ममता



के शब्दों में, "बीजेपी ने यह अपराध किया है ताकि कार्यकर्ता चुनाव में अपनी ड्यूटी न कर सकें। ममता का दावा, 'हम नौकरी दे रहे हैं और वो नौकरी ले रहे हैं' बीजेपी पर विभाजनकारी राजनीति का आरोप लगाते हुए ममता ने कहा, 'बीजेपी करोगे तो बेल मिलेगा। और अगर तृणमूल करोगे तो जेल होगा।" ममता ने सवाल उठाया कि दिलीप घोष को मेदिनीपुर से क्यों हटाया गया। 'बीजेपी पैसे देकर लोगों को जुलूस में ला रही है', ममता ने गेरुआ शिबिर पर भी कसा तंज।

## आईईएम ने क्वांटम कंप्यूटिंग के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस किया लॉन्च



संवाददाता

**कोलकाता।** इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (आईईएम), कोलकाता ने तकनीकी नवाचार में एक महत्वपूर्ण कदम को चिह्नित करते हुए क्वांटम कंप्यूटिंग के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस लॉन्च किया। 10 करोड़ के निवेश के साथ, कएट का लक्ष्य छात्रों और शोधकर्ताओं को सशक्त बनाना और क्वांटम कंप्यूटिंग-संचालित भविष्य का मार्ग प्रशस्त करना है। क्वांटम कंप्यूटिंग सामान्य कंप्यूटरों की तुलना में बहुत अधिक क्षमता रखने वाली मशीन है, जो मौजूदा कंप्यूटरों की तुलना में 100 मिलियन गुना तेज गति से काम कर सकती है। एक सामान्य कंप्यूटर को एक कार्य पूरा करने में 10,000 साल लगते हैं, लेकिन क्वांटम कंप्यूटिंग के साथ यह काम 200 सेकंड में किया जा सकता है।

यह केंद्र विभिन्न क्वांटम कंप्यूटिंग डोमेन पर ध्यान केंद्रित करता है और अनुसंधान में तेजी लाने के लिए आईबीएम क्वांटम नेटवर्क में शामिल हो गया है। डॉ. सत्यजीत चक्रवर्ती, निदेशक, आईईएम और यूईएम ने क्वांटम कंप्यूटिंग प्रयोगशाला में सालाना 2000 छात्रों को प्रशिक्षित करने और क्वांटम कंप्यूटिंग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की मदद से पश्चिम बंगाल के 200 से अधिक शोधकर्ताओं का समर्थन करने की अपनी योजना साझा की।

## सीबीआई दफ्तर में पार्थ का करीबी एजेंट सन्तु




संवाददाता

**कोलकाता।** पार्थ चटर्जी के करीबी एजेंट सन्तु गांगुली को सीबीआई ने पूछताछ के लिए निजाम पैलेस में बुलाया। सन्तु क्षेत्र में पार्थ का करीबी माना जाता है।

जांच एजेंसी के मुताबिक, बेहाला का रहने वाला सन्तु हुगली के निष्कासित तृणमूल नेता कुंतल घोष, व्यवसायी अयान शील और यहां तक कि कालीघाट के काकु के योगसूत्र है। सन्तु के घर पर पहले भी तलाशी ली गयी थी। हालांकि, सीबीआई ने उन्हें पहली बार समन किया है। हुगली के कारोबारी अयन ने भर्ती भ्रष्टाचार की जांच में ईडी को सन्तु का नाम बोला था। ईडी सूत्रों के मुताबिक, जब अयन से उसके भ्रष्टाचार के बारे में पूछताछ की गई तो उसने कहा कि सन्तु को 26 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था। कुंतल की कहने पर उसने यह पैसे दे दिए थे। जांचकर्ता जानना चाहते हैं कि संतू ने अयन के ये 26 करोड़ रुपये कहां रखे हैं। संतू के घर की तलाशी में कुछ नहीं मिला। लेकिन इस बार सीबीआई ने उनसे सीधे पूछताछ करेगी।

## उत्तर में येलो, 5 जिलों में रेड, कोलकाता में ऑरेंज, पूरे राज्य में लू की चेतावनी

संवाददाता

**कोलकाता।** बंगाल में पूरे अप्रैल तक लू जारी रहेगा। मौसम विभाग ने बंगाल के लोगों को चेतावनी दी है। इस बीच, 5 जिलों में लू की रेड चेतावनी और कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल के बाकी जिलों में ऑरेंज चेतावनी जारी की गई है। तीन उत्तरी जिलों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। ऊपरी उत्तर के कुछ जिलों को छोड़कर कुल मिलाकर राज्य के लोग धूप से जलेंगे।

मौसम विभाग के मुताबिक पूरे दक्षिण बंगाल में अप्रैल के पूरे महीने लू का दौर जारी रहेगा। सप्ताहांत में गर्मी प्रचंड रूप धारण करेगी। तापमान में भी 2-4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। गुरुवार और शुक्रवार को मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, पश्चिम बर्दवान और बांकुरा में भीषण गर्मी पड़ने की आशंका है। रेड अलर्ट पहले ही जारी किया जा चुका है। मौसम कार्यालय की ओर से



कोलकाता और दक्षिण बंगाल के अन्य जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसमें बीरभूम, पूर्वी बर्दवान, दक्षिण 24 परगना जिलों के कुछ हिस्से शामिल हैं। दोपहर बाद जिलों में झमाझम बारिश होगी।

गर्मी का असर उत्तरी जिलों पर भी पड़ेगा। मालदा, उत्तर और दक्षिण दिनाजपुर में लू जारी रहेगी। मालदा और उत्तरी दिनाजपुर ऑरेंज अलर्ट जारी हैं। उत्तरी दिनाजपुर में येलो अलर्ट जारी किया गया है। बारिश की कोई संभावना नहीं है। हालांकि उत्तर के ऊपरी 5 जिलों में बारिश बढ़ेगी। लाल-येलो-ऑरेंज चेतावनी का क्या मतलब है? रेड अलर्ट का मतलब है भीषण गर्मी। यदि चेतावनी का रंग ऑरेंज है, तो गंभीरता थोड़ी कम है। और येलो रंग का मतलब ही होता है लू। मौसम कार्यालय ने कहा, दूसरे शब्दों में, पूरे राज्य में गर्मी की लहर जारी रहेगी।

## अभिषेक के खिलाफ आयोग में बीजेपी!

### महिला प्रत्याशी के बारे में 'आपत्तिजनक' टिप्पणी का आरोप

संवाददाता

**कोलकाता।** बंगाल बीजेपी अभिषेक बनर्जी के खिलाफ कमीशन खोरी की तैयारी में है। तृणमूल के अखिल भारतीय महासचिव ने कथित तौर पर मालदा दक्षिण से एक महिला भाजपा उम्मीदवार पर आपत्तिजनक भाषा से हमला किया। इसलिए बीजेपी ने आयोग को ईमेल भेजकर उनके चुनाव प्रचार पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। तृणमूल भी पलटा दिया है। उनका कटाक्ष, जो पार्टी प्रदेश की महिला मुख्यमंत्री का सम्मान नहीं करती, वो फिर महिलाओं के सम्मान की बात कर रहे हैं!

पत्र में बीजेपी का दावा है कि अभिषेक ने मालदा दक्षिण से बीजेपी उम्मीदवार श्रीरूपा मित्रा चौधरी के बारे में 'स्त्रीद्वेषी' और 'आपत्तिजनक' टिप्पणियां की थीं। उन्होंने वास्तव में क्या कहा? बीजेपी द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो के मुताबिक, अभिषेक ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा, 'आप निडर नहीं हैं, आप निर्दयी हैं, आप निर्भीक हैं, आप लक्ष्यहीन हैं, आप असफल हैं। गेरुआ शिबिर ने इस 'आपत्तिजनक' शब्द के साथ अभिषेक के खिलाफ आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। उनकी मांग है कि इस टिप्पणी के लिए सजा के तौर पर तृणमूल के अखिल भारतीय महासचिव के चुनाव प्रचार पर प्रतिबंध लगाया जाए।

तृणमूल ने भाजपा को पलट बार किया है। पार्टी एक्स हैंडल पर शुवेंदु अधिकारी के भाषण का एक कोलाज वीडियो पोस्ट किया गया है। जहां दिखाया गया है कि कैसे उन्होंने बेलगाम भाषा में राज्य के मुख्यमंत्री और प्रशासन पर हमला बोला। जिसे तृणमूल पर कटाक्ष किया जाता है, पार्टी के नेता ऊपर से लेकर नीचे तक के कार्यकर्ता महिलाओं पर आपत्तिजनक भाषा से हमला करते हैं, वे फिर महिलाओं के सम्मान की बात कर रहे हैं।



### मजदूरो ने कहा,वोट देते हैं, लेकिन सरकार बिहार में रोजगार के लिए कुछ नहीं

## रोजगार की तलाश में पलायन को मजबूर प्रवासी मजदूर

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले में आगामी 25 मई को छठे चरण में लोकसभा चुनाव होना निश्चित है,जिसको लेकर चुनाव आयोग के निर्देश पर प्रशासनिक तैयारियां तेज है। इसके साथ ही मतदान का प्रतिशत बढाने को लेकर गांव गांव में जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। वही दुसरी ओर औधौगिक पतन व बेरोजगारी से बेहाल कृषि अर्थव्यवस्था आधारित इस जिले से मजदूरों का पलायन जारी है। गेहूं की कटाई समाप्त होते ही रोजी रोटी की तलाश में दिल्ली,मुंबई,पंजाब व कोलकाता जाने वाली सहित लंबी दूरी की हर ट्रेनों में रोज भर भर कर मजदूरों का जत्था अन्य प्रदेशो में जाने को मजबूर हैं। प्रवासियों मजदूरो ने बताया कि मन तो बहुत है, कि वोट दे,लेकिन क्या करे जिस कंपनी

रंजीत ने कहा, बड़ी मुश्किल से होली में छुट्टी लेकर घर आये थे, जिसके बाद गेहूं की कटाई में ऐसे ही लेट हो गया है। कंपनी वाला बारबार फोन कर रहा है, नहीं आने पर दुसरे मजदूर को रखने की बात कह रहा है



में काम करते है,अगर वहां समय पर नही गये तो वह मेरे जगह दूसरे मजदूर को काम पर रख लेगा और हमारा रोजी रोटी छिन जायेगा। बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर जननायक एक्सप्रेस पकड़ने के लिए बैठे बंजरिया प्रखंड निवासी मजदूरो का एक समूह में शामिल कृष्णा मुखिया,शत्रुध्न साह व रोहित बताते है,कि भाई अपना घर गांव छोड़कर दुसरे प्रदेश कौन जाना चाहता है। लेकिन क्या करे यहां रोजगार है नही? सप्तक्रांति एक्सप्रेस के इंतजार में बैठे छौड़ादानो प्रखंड के यमुना राय,हरिन्द्र और रंजीत बताते है,कि वोट देना जरूरी है, लेकिन पेट भी भरना जरूरी है। वोट देते है लेकिन सरकार बिहार में रोजगार के लिए कुछ करता तो है नहीं। वही मिथिला एक्ससप्रेस पकड़ने के लिए बैठे मधुबन व पकड़ीदयाल के मजदूरो के समूह में शामिल पंचमलाल,हरि पासवान,रामभरोस बताते है,कि हमे पता है, कि हमारे वोट की कितनी कीमत है,चुनाव में घर पर रहने की इच्छा तो बहुत थी, लेकिन कन्याकुमारी से कंपनी का ठीकेदार बारबार काम पर लौटने के लिए फोन कर रहा है, जिसके चलते उनको जाना पड़ रहा है। वही अवध एक्सप्रेस पकड़ने के लिए बैठे केसरिया के करीब बीस मजदूरो के समूह में शामिल चोकट सहनी हरेराम महतो व रंजीत बताते है ,कि बड़ी मुश्किल से होली में छुट्टी लेकर घर आये थे। जिसके बाद गेहूं की कटाई में ऐसे ही लेट हो गया है। कंपनी वाला बारबार फोन कर रहा है, नहीं आने पर दुसरे मजदूर को रखने की बात कह रहा है।

## भीषण गर्मी का कहर स्कूलों का बदला समय

एजेंसी

**पटना।** बिहार में भीषण गर्मी से लोग बेहाल हैं। खासकर स्कूल जाने वाले बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। इन दिनों पटना में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जा रहा है। बच्चों पर इस मौसम के पड़ते प्रभाव को देखते हुए डीएम ने एक बार फिर से स्कूल के समय में बदलाव किया है।

पटना जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने गुरुवार को आदेश जारी किया है। जिलाधिकारी सह जिला दण्डाधिकारी ने पटना जिले के सभी निजी/सरकारी विद्यालयों (प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित) में 10वीं कक्षा तक सभी कक्षाओं के लिए शैक्षणिक गतिविधियां पूर्वाह्न 10.30 बजे तक संचालित करने का आदेश दिया है। इससे पूर्व शैक्षणिक गतिविधियां को 11:30 बजे तक रखा गया था।



जिलाधिकारी ने आदेश जारी कर कहा है कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार पटना जिले में भीषण गर्मी एवं लू की स्थिति है, जिसके कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। ऐसे में पटना जिले के सभी निजी/सरकारी विद्यालयों (प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित) में 10वीं कक्षा तक सभी कक्षाओं के लिए शैक्षणिक गतिविधियां पूर्वाह्न 10.30 बजे से शाम 04.00 बजे तक एवं 11 व 12 की कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियों पर पूर्वाह्न 11.30 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक प्रतिबंध लगाया गया है।

## एक नजर

### एसएसपी के आदेश पर लिटिल फ्लॉवर स्कूल और यातायात पुलिस ने निकाली रैली



**जमशेदपुर।** जिले के एसएसपी किशोर कौशल के आदेश पर गुरुवार टेल्को स्थित लिटिल फ्लॉवर स्कूल प्रबंधन टीम और यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से स्कूल के विभिन्न कक्षाओं के छात्र/ छात्राओं तथा शिक्षकों के साथ यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के अनुपालन के लिए एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान सुरक्षित और सुगम यातायात नियमों के प्रति कई प्रेरक संदेश और नुक्कड़-नाटक, पोस्टर-पंपलेट आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया गया।

### विधायक ने राज्यपाल व सीएम से की सरकारी जमीन और परिसंपत्ति को मुक्त कराने की मांग





जमशेदपुर। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को एक स्मार पत्र भेजा है। जिसमें धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के घोषित प्रत्याशी ढुल्लू महतो द्वारा बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में जहां से वे सम्प्रति विधायक भी हैं, के ग्रामीणों पर उनके द्वारा किए गए अत्याचार का संक्षिप्त ब्यौरा है। विधायक के ग्रामवासी भी इससे अछूते नहीं है। उन्होंने ग्रामीणों और सरकार की लगभग 200 एकड़ जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। साथ ही जेल की ऊंची दीवार की तरह चहारदीवारी खडाकर चारों ओर से घेर लिया है। इसी तरह एक ग्रामीण पथ को भी चहारदीवारी के भीतर कर उसपर बड़ा सा गेट लगा दिया है। इस स्मार पत्र में उपर्युक्त के बारे में ग्रामीणों के नाम समेत आंखों देखा ब्यौरा भी दिया गया है और जो स्वतः स्पष्ट है। वहीं विधायक सरयू राय ने ग्रामीणों की रैयती जमीन से कब्जा हटाने के साथ साथ सरकारी जमीन एवं सरकारी परिसंपत्ति को कब्जा मुक्त कराने की मांग भी राज्यपाल और मुख्यमंत्री से की है।

### साकची बाजार में धु-धुकर जली बाइक दुकानदारों ने बुझाया



**जमशेदपुर।** साकची थाना अंतर्गत साकची बाजार स्थित जलेबी लाइन में खड़ी एक बाइक में अचानक आग लग गई। जिससे वहां मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि दो युवक बाइक पर सवार होकर बाजार पहुंचे थे। इसी बीच बाइक से धुआं निकलने लगा। जिसके बाद दोनों बाइक को स्टैंड पर खड़ी कर दूर जाकर खड़े हो गए। जिसके बाद बाइक धू-धू कर जलने लगा। जिसे देखकर दुकानदारों ने अग्निशामक सिलेंडर से आग बुझाने की कोशिश भी की। मगर वह काफी न रहा। जिसके बाद सभी ने मिलकर किसी तरह आग बुझाया। घटना में बाइक के सामने का हिस्सा काफी हद तक जल गया है। वहीं मालिक ने बताया कि दो माह पहले ही बाइक की सर्विसिंग कराई थी।

### झारखंड पार्टी के राजकुमार कुशवाहा 1 मई को करेंगे नामांकन दाखिल

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से झारखंड पार्टी (झापा) प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा (बब्लू कुशवाहा) 1 मई को झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इस नामांकन कार्यक्रम के अवसर पर झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का, केंद्रीय महासचिव अशोक भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष ऐनुल हक अंसारी सहित झारखंड पार्टी के कई पदाधिकारी शामिल होंगे। इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए झारखंड पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा ने बताया कि 1 मई को राजकुमार कुशवाहा के नामांकन कार्यक्रम में झारखंड पार्टी के नेताओं कार्यकताओं और समर्थकों सहित हजारों की तादाद में पुरे लोकसभा क्षेत्र से लोग शामिल होंगे। 1 मई को राजकुमार कुशवाहा के निवास स्थान तिलैया - झुमरा से मेरू, अमृत नगर, कोर्रा होते हुए मटवारी के गांधी मैदान में सभी एक जगह जमा होंगे और वहां से पैदल यात्रा करते हुए डिस्ट्रीक्ट बोर्ड चौक होते हुए समाहरणालय पहुंचेंगे। जहां जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। बताया कि उनके नामांकन कार्यक्रम को लेकर उनके समर्थकों और कार्यकताओं में काफी उत्साह का माहौल देखा जा रहा है जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर है।

# हर प्रक्रियाओं को बारीकी से अध्ययन करें: उपायुक्त

संवाददाता



**कोडरमा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के आलोक में मतदान केंद्रों पर पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों के रूप में कार्य करने वाले कर्मियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन में मतदान पदाधिकारी द्वितीय को प्रशिक्षण दिया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज और उप विकास आयुक्त श्री ऋतुराज ने अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन का दौरा किया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटि रहित संपन्न कराने के लिए ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने, मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई गई हर बात का बारीकी से अध्ययन करने एवं उसका पालन करने की बात कही।

साथ ही मशीन के एरर पर ध्यान देने और उसका निराकरण करना सीख लेने का निर्देश दिया। मास्टर ट्रेनर सुदीप सहाय, अश्विनी कुमार तिवारी, उमेश कुमार सिन्हा, सत्यजीत के द्वारा मतदान पदाधिकारी द्वितीय को मतदान के एक दिन पूर्व, मतदान के दिन का कार्य, वास्तविक मतदान के पूर्व का कार्य, वास्तविक मतदान की प्रक्रिया, सीलिंग का प्रक्रिया, पोस्टल बैलेट की जानकारी समेत अन्य बिंदुओं पर पूरी तरह से प्रशिक्षण दिया गया। आज 450 मतदान पदाधिकारी द्वितीय को प्रशिक्षण दिया गया।

**उपस्थितिः** इस मौके पर उप विकास आयुक्त श्री ऋतुराज, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रिंस कुजूर समेत मास्टर ट्रेनर मौजूद रहे।

## हजारीबाग लोकसभा के लिए 26 अप्रैल से मिलेगा नामांकन प्रप्रत्र



संवाददाता

**हजारीबाग।** नाम निर्देशन पत्र दाखिला, संविक्षा, नाम वापसी एवं निर्वाचन प्रतीक आवंटन का कार्य संपादन (26/04/24 से 06/05/24) तक समाहरणालय भवन परिसर के 200 की परिधि तक धारा 144 लागू रहेगी। समाहरणालय भवन में सरकारी वाहनों को छोड़कर कर अन्य वाहनों का प्रवेश रहेगा वर्जित, अभ्यर्थियों के लिए तीन वाहन अधिकतम के प्रवेश की रहेगी अनुमति। हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए नामांकन पत्र कल यानी 26 अप्रैल से जिला समाहरणालय भवन के तृतीय तल के सी विंग कमरा संख्या 302 निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि 26 अप्रैल से अभ्यर्थी (27 एवं 28 अप्रैल अवकाश छोड़कर) नामांकन प्रपत्र निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। तथा 3 मई (अंतिम तिथि) तक प्रपत्र भरकर निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते है।

## सुरभि शाखा ने बच्चों को दी गुड और बैड टच की जानकारी



संवाददाता

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम के चौथे दिन गुरूवार को एग्रिको स्थित पंजाब रिफ्यूजी मिडिल स्कूल के बच्चों को गुड टच, बैड टच एवं सोशल अवेयरनेस पर जानकारी देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान शाखा उपाध्यक्ष की बेटी पायल अग्रवाल द्वारा बच्चों को गुड टच और बैड टच का प्रदर्शन (डिमॉन्सट्रेशन) करके समझाया गया। बच्चों को शरीर के विभिन्न अंगो के बारे में अच्छे से जानकारी देते हुए गुड टच (अच्छा स्पर्श) और बैड टच (बुरा स्पर्श) में फर्क बताया गया। वहीं शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल के अनुसार कार्यशाला में यह भी बताया गया कि बच्चे और माता-पिता के बीच भरोसे की नींव मजबूत होनी चाहिए। ताकि बच्चे बिना डरे अपने माता-पिता को सब कुछ बता सके। बच्चों को यह भी बताया कि बच्चे मन से बेहद सरल होते हैं। अगर उन्हें कोई प्यार से कुछ खाने या खेलने को दे तो वह उनके साथ खेलने या खाने लग जाते हैं। ऐसे में उनका फायदा उठाया जाता है और जो गलत है। इसलिए बच्चों को अनजान व्यक्ति से कुछ भी लेने से मना किया गया। साथ ही अपने माता-पिता से हर वह चीज शेयर करने को कहा गया जो उनके साथ घटित हो।

## 27 व 28 अप्रैल को मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**झुमरीतिलैया।** रोटरी भवन पानी टंकी रोड में इनर व्हील क्लब कोडरमा के द्वारा दिनांक 27 एवं 28 अप्रैल को मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का कैंप लगाया जाएगा इस स्वास्थ्य शिविर में शहर के प्रसिद्ध चिकित्सकों के द्वारा विभिन्न रोगों का इलाज किया जाएगा शहर की प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर संगीता प्रसाद स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अलंकृता मंडल डॉक्टर श्रद्धा शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ भारती एवं डॉ अजय सेठ जनरल फिजिशियन डॉक्टर अभिषेक कुमार दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सागरमानी सेठ चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर समीक्षा इस शिविर में रजिस्ट्रेशन कराने वाले मरीजों का इलाज करेंगे मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार इस मौके पर मौजूद रहेंगे कार्यक्रम की परियोजना निदेशक रंजीता सेठ एवं आरती आर्य ने बताया कि इनर व्हील क्लब कोडरमा जिले में स्वास्थ्य सेवा के लिए हमेशा जागरूक रहती है और समय-समय पर जनहित में स्वास्थ्य शिविर कैंप लगती है।

## उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण, दिया निर्देश

संवाददाता



**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराने को लेकर ईवीएम के प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम को भौतिक रूप से अलग-अलग करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिसके तहत गुरुवार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अनन्य मित्तल ने कीताडीह स्थित ईवीएम वेयर हाउस पहुंचकर उक्त कार्य का अवलोकन किया।

इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। वहीं 24 से 28 अप्रैल तक सभी ईवीएम भौतिक रूप से अलग-अलग करते हुए छह विधासनभा क्षेत्र के संबंधित स्ट्रॉग रूम में रखे जाएंगे। साथ ही उन्होंने पूरी प्रक्रिया के वीडियोग्राफी कराने का निर्देश भी दिया है।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप निर्वाचन सम्बंधी सभी कार्य समय से पूरा कर लिया जाएगा। वहीं दूसरा रैंडमाइजेशन 10 मई को निर्धारित है।

जिसमें राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बूथ वार ईवीएम आवंटित किए जाएंगे।

बताते चलें कि जिले में लोकसभा चुनाव के अधिसूचना जारी होने की तिथि 29 अप्रैल निर्धारित है। प्रत्याशियों द्वारा नामांकन वापसी की तिथि 9 मई, मतदान तिथि 25 मई एवं 4 जून को मतगणना किया जाएगा। जिसके लिए बिस्टुपुर सर्किट हाउस स्थित को-ऑपरेटिव कॉलेज को सभी छह विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम रिसिविंग सेंटर के रूप में चिन्हित किया गया है और जहां मतगणना होगी। मौके पर डीडीसी मनीष कुमार, एडीएम (एसओआर) महेन्द्र कुमार, निदेशक एनईपी अजय साव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, एसडीओ घाटशिला सच्चिदानंद महतो, एसडीओ धालभूम पारूल सिंह समेत अन्य भी मौजूद थे।

## बचपन प्ले स्कूल में मनाया गया रेड कलर डे

संवाददाता



**कोडरमा।** बचपन प्ले स्कूल अ यूनिट ऑफ ग्रिजली पब्लिक स्कूल में बच्चों को रंगों के महत्व से परिचित कराने के उद्देष्य से कक्षा पी0जी0 के बच्चों के लिए रेड कलर डे का आयोजन हुआ। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने लाल रंग की पहचान की और जीवन में उसके महत्व को जाना। इस विषेष दिन को खास बनाने के लिए कक्षाओं को रेड कलर के गुब्बारों रिबन, बॉल, तितली, सेब, टमाटर, गाजर, स्ट्रॉबेरी, फ्रॉक, की आकृति से सजाया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चे अपने घर से लाल रंग की वस्तुएँ अपने टिफिन में लेकर आए। साथ ही साथ बच्चे व षिक्षिका भी लाल ड्रेस में थी।

इस दौरान षिक्षिकाओं ने बच्चों को बहुत सारी रेड कलर की वस्तुएँ, रेड कलर से संबंधित कविता तथा गीत को पाठ करवाया। बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस का भी आयोजन था। जिसमें अरनव, रिषन्या, अथर्व, आरूष आनंद (सेब), श्वेतज (कार), रूद्र, श्रव्या, चार्वी, मो0 अनस (स्ट्रॉबेरी), प्रथम (टमाटर), प्रीषा (लाल मिर्च) ने बनकर खूब मजा किया। फैंसी ड्रेस कार्यक्रम में पीजी की छोटी बच्ची शरण्या पांडेय आर्कषण का मुख्य केंद्र थी। जिसने रेड कलर में रक्तदान का संदेष दिया। बच्चों ने कक्षा में रेड एप्पल भी बनाया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने ह्लरेड कलर - रेड कलरह्ल गाने की धुन पर नृत्य की धमाकेदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में धमाल मचा दिया। इस अवसर पर प्राचार्या नीरजा ने कहा कि बच्चों में रंगों की पहचान के लिए नियमित षिक्षा के अलावा रेड डे, येलो डे, पिंक डे जैसे आयोजन उन्हें सीखने में मदद करते हैं। इस तरह के आयोजन से बच्चे मस्ती के साथ षिक्षा को ग्रहण कर पाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजिका पूजा झा, षिक्षिका अंजली सलूजा, ब्यूटी, शैलजा सेठ, श्वेता अग्रवाल, मनीमाला दत्ता, विकास गुप्ता एवं स्कूल के अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## स्वीप कार्यक्रम के अनुसार चलाया गया जगरूकता अभियान

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा के दिशानिर्देश के अनुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वीप गतिविधि के अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों ने रंगोली, पोस्टर, मेहंदी, स्लोगन राइटिंग, चुनावी पाठशाला, मॉक पोलिंग, वाद-विवाद समेत अन्य गतिविधियां कर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। स्वीप के तहत विगत चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाए गए। ₹वोट जरूर करेंगे₹ का संकल्प साझा किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बीएलओ द्वारा घर घर जाकर मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट का वितरण कर मतदाता को निर्भीक होकर मतदान करने की अपील किया गया।

## सीतारामडेरा व्यवहार न्यायालय पार्क में कंटेनर रखने पर अधिवक्ताओं ने किया हंगामा



संवाददाता

**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा स्थित व्यवहार न्यायालय जमशेदपुर के पार्क में गुरुवार ई-कोर्ट बनाने पर अधिवक्ताओं ने हंगामा किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर पार्क से ई-कोर्ट का कंटेनर नहीं हटाया गया तो अधिवक्ता आंदोलन करने को बाध्य होंगे। बताया जा रहा है कि आज सुबह अधिवक्ता जब कोर्ट पहुंचे तो देखा कि पार्क में कोर्ट का कंटेनर रखा हुआ है और जिसमें ई-कोर्ट बनाया गया है। जिसके बाद अधिवक्ताओं ने हंगामा शुरू कर दिया। अधिवक्ताओं का कहना था कि पार्क में ई-कोर्ट नहीं बनने दिया जाएगा। यह पार्क लोगों के बैठने के लिए है और यहां अधिवक्ता भी बैठते हैं। वहीं एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने बताया कि पार्क को पखवाड़े भर पहले तोड़ दिया गया था। तब भी अधिवक्ताओं ने विरोध किया था और उस वक्त जिला जज ने भरोसा दिलाया था कि पार्क को दोबारा बनवाया जाएगा। मगर ऐसा नहीं हुआ। साथ ही यहां कंटेनर लाकर रख दिया गया। उन्होंने बताया कि अधिवक्ताओं ने हड़ताल का ऐलान किया है। वहीं मांग नहीं माने जाने पर आंदोलन भी होगा। बताते चलें कि उक्त पार्क विधायक सरयू राय की निधि से बनाया गया था।

## कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल का जनसंपर्क अभियान

संवाददाता



**हजारीबाग।** लोकसभा के प्रखंडः गोला के नेमरा, उपरबरगा बाजार टांड, बलरंगा बाजार टांड, सरगडीह गांव, डिमरा चौक दुर्गा मंदिर, नवाडीह, चौकड़बेड़ा, कोराम्बे, मोहनबेड़ा, पुरबडीह, रायपुरा, बारघुद्ध मे किया जनसंपर्क अभियान। गुरुवार को अपने दौरे की शुरूआत प्रातः सुबह गोला प्रखंड के नेमरा से किया और समापन देर शाम को प्रखंड क्षेत्र के बारघुद्ध में जनसंवाद के साथ किया।

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में चुनावी महायुद्ध में कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के जनसंपर्क अभियान का तूफानी प्रभाव देखने को मिला। लोगों की भावनाओं और समर्थन को देखते हुए उनके प्रति विश्वास और आकर्षण ने प्रतिस्पर्धी दलों के लिए चिंता का विषय बना दिया है। बच्चों, युवाओं, महिलाओं समेत सभी वर्गों से लोगों ने उत्साह और सहयोग दिखाया। गर्मी के बावजूद जनता ने स्नेह और समर्थन जताते हुए प्रत्याशी के साथ खूबसूरत संवाद को साझा किया। प्रखंड गोला में कार्यकताओं संग परिचयात्मक बैठक के समन्वय स्थापित कर उनसे चुनाव अभियान में अपने तरीके से मैदान में उतरते और प्रचार प्रसार में सहयोग करने का अपील किया।

उन्होंने सामाजिक और आर्थिक समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने का आश्वासन दिया और लोकसभा में अपने प्रदर्शन के माध्यम से जनमानस की प्रतिध्वनि बनाए रखने का भरोसा दिया। उन्होंने अपने कामकाज कार्यक्रम में जनता के साथ साझेदारी पर जोर दिया और उनके विकास और कल्याण के लिए पूरी मेहनत और समर्थन की दावेदारी ली। इसके साथ ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए उनके सपनों को साकार करने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत और परिश्रम का संकल्प भी दिया। क्षेत्र की जनता कड़ी धूप और प्रचंड गर्मी के बावजूद सांसद प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के अथक मेहनत और परिश्रम को देखते हुए उन्हें खूब प्यार, स्नेह, आशिर्वाद और पूर्ण समर्थन का भरोसा जता रही है।

सांसद उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा की हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सम्मानित जनता जनार्दन द्वारा मिल रहा अपार स्नेह, सहयोग, समर्थन और आशीर्वाद से अभिभूत हूँ। लोगों से मिल रहा अपार जनसमर्थन आगामी चुनावों में इंडिया गठबंधन की प्रचंड विजय का शंखनाद है। जय प्रकाश भाई पटेल हजारीबाग के क्रांतिकारी परिवार से ताल्लुक रखते हैं और विस्थापन के दर्द को बखूबी समझते हैं। उन्होंने कहा कि अपने माटी के लाल जय प्रकाश भाई पटेल को सांसद चुनकर दिल्ली भेजें निश्चित रूप से विस्थापन के मुद्दे को संसद भवन में पुरजोर तरीके से उठाएंगे। क्षेत्र के नागरिकों ने उनकी सच्चाई और संवेदनशीलता को सामाजिक सभाओं में भी स्वागत किया।

## 30 जून तक होल्डिंग टैक्स जमा करने पर 15 प्रतिशत तक की छूट

संवाददाता



**कोडरमा।** शशि शेखर सुमन प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा के द्वारा बताया गया कि नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत 30 जून तक होल्डिंग टैक्स जमा करने पर करदाताओं को वित्तीय वर्ष 2024-25 के कर में अधिकतम 15 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है जो निम्न प्रकार है :- सभी कर दाताओं को 5 प्रतिशत की छूट मिल रही है।

इसके अतिरिक्त (1) होल्डिंग महिला के नाम होने से 5 प्रतिशत की छूट, (2) वरिष्ठ नागरिक होने से 5 प्रतिशत की छूट (3) स्वयं कार्यालय में आकर जमा करने पर 2.5 प्रतिशत की छूट, (4) आर्मी, ट्रांसजेंडर होने पर 5 प्रतिशत की छूट एवं (5) विकलांग होने पर 5 प्रतिशत की छूट, साथ ही यह छूट केवल आवासीय घृतियो पर लागू होगी। यदि आप बिना कार्यालय गए होल्डिंग टैक्स भरना चाहते हैं तो आप ऑनलाइन होल्डिंग टैक्स भी भर सकते हैं इसके लिए आपको विभाग के वेबसाइट पर जमा कर सकते हैं जिसमें आपको 5 प्रतिशत की छूट का प्रावधान है।

ऑनलाइन के लिए वेबसाइट पर जाकर अपना नगर निकाय चयन करना होगा इसके बाद वार्ड नंबर व होल्डिंग नंबर डालते ही भुगतान का विकल्प आ जाएगा ' इसमें क्रेडिट कार्ड व डेबिट कार्ड से पेमेंट कर सकेंगे' 30 जून के बाद बकाया टैक्स पर प्रतिमाह एक प्रतिशत की दर से ब्याज देना होगा'

## आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए रसिख को लगाई गई फटकार



**नई दिल्ली। एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम डार को बुधवार रात अरुण जेटली स्टेडियम में आईपीएल 2024 मैच में गुजरात टाइटंस पर अपनी टीम की रोमांचक जीत के दौरान आक्रामक जश्न मनाने के लिए फटकार लगाई गई है। रसिख ने मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए अपने चार ओवरों में 44 रन देकर तीन विकेट लिये, जिसमें बी साई सुदर्शन, शाहरुख खान और आर साई किशोर के विकेट शामिल थे। आईपीएल के एक बयान में कहा गया डार ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 का अपराध किया है। उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। आईपीएल की आचार संहिता के अनुसार, अनुच्छेद 2.5 में किसी खिलाड़ी द्वारा उपयोग की जाने वाली और उसके आउट होने पर बल्लेबाज की ओर निर्देशित कोई भी भाषा, क्रिया या इशारा शामिल है, जिसमें आउट होने वाले बल्लेबाज की ओर से आक्रामक प्रतिक्रिया भड़काने की क्षमता होती है।

दरअसल गुजरात की पारी के 19वें ओवर में पंत ने रसिख को गेंद फेंकी, जब मेहमान टीम को जीत के लिए 37 रनों की जरूरत थी। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने 18 रन दिए, लेकिन ओवर की अंतिम गेंद पर साई किशोर का महत्वपूर्ण विकेट ले लिया, रसिख ने किशोर को आउट करने के बाद आक्रामक तरीके से जश्न मनाया, जिसके बाद उन्हें फटकार लगाई गई।

### रांची में 30 अप्रैल से राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का आयोजन

# प्रतिभाओं की पहचान के लिए महत्वपूर्ण मंच के रूप में भी उपयोगी साबित होगा : भोलानाथ

- चरण-1 रांची में 30 अप्रैल से 9 मई 2024 तक आयोजित होगा
- देश में महिला हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा



**संवाददाता**

**रांची।** रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में 30 अप्रैल से देश की पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग (एनडब्ल्यूएचएल) का आयोजन होगा। यह नौ मई तक खेला जाएगा। इसमें युवा महिला खिलाड़ियों के हाथों हॉकी स्टिक का जादू देखने को मिलेगा। हॉकी झारखंड के प्रमुख और हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग हमारे महिला खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने और घरेलू स्तर पर उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। लीग का चरण-1 रांची में 30 अप्रैल से 9 मई 2024 तक आयोजित होगा जो देश में महिला हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा। अपनी तरह का यह पहला घरेलू लीग टूर्नामेंट होगा। इसमें देश की शीर्ष महिला हॉकी प्रतिभाओं का रोमांचक प्रदर्शन दिखेगा। एनडब्ल्यूएचएल का लक्ष्य खेल को ऊपर उठाना और स्थापित तथा महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए एक मंच प्रदान करना भी है। उद्घाटन चरण में हाल ही में संपन्न 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की शीर्ष आठ टीमों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि हॉकी लीग में हॉकी हरियाणा, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी झारखंड (मेजबान), हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी बंगाल, हॉकी मिजोरम, मणिपुर हॉकी, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा की टीम शामिल है।

सभी टीमें एक-दूसरे से एक-एक मैच खेलेंगी। युवा प्रतिभाओं को निखारने के लिए लीग में अंडर-21 आयु वर्ग की खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। जमीनी स्तर के खिलाड़ियों के विकास और भविष्य की पीढ़ी के हॉकी सितारों पर मजबूत फोकस करना इसका लक्ष्य है। हॉकी इंडिया के महासचिव सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग न केवल महिला हॉकी के लिए बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए भी एक गेम चेंजर साबित होगी। यह टूर्नामेंट राष्ट्रीय टीम के लिए प्रतिभाओं की पहचान और पोषण के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में भी उपयोगी साबित होगा। इस प्रतियोगिता के लिए टीमों का आगमन 28 अप्रैल से शुरू हो जाएगा। पांच टीमों को मोरहाबादी स्थित होटल पार्क प्राइम और 3 टीमों को होटल ली लैक में ठहराया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन अंतरराष्ट्रीय स्तर का किए जाने का प्रयास होगा। लाइव टेलीकास्ट भी होगा। निर्धारित दिनों में मैच सुबह 7 बजे, दोपहर बाद 4 बजे, 6 बजे और 8 बजे होंगे। 30 अप्रैल के बाद एक मई को मैच होंगे। इसके अलावा 4, 5, 7, 8 और 10 मई को मैच होंगे। 2, 5, 8 मई को रेस्ट डे रहेगा। दर्शकों के लिए इंट्री फ्री होगी।

## कुलदीप की बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी भी चमकी, यूथ ने जीता मैच

**लखनऊ।** फ्लैक्स कप टी-20 लीग मैच में यूथ क्रिकेट क्लब ने ब्रेवर्स क्रिकेट क्लब को 130 रन से हरा दिया। इस मैच में आल राउंडर कुलदीप चौहान की शानदार बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी भी चमकी। यूथ क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट गवांकर 217 रन बनाये। टीम के कप्तान व सलामी बल्लेबाज सार्थक दीक्षित ने पांच चौका और एक छक्का की मदद से 12 बाल पर 26 रन बनाये। सत्यम अवस्थी शून्य पर ही पवेलियन लौट गये।

विनायक निगम ने 10 चौका की मदद से 37 बाल पर 58 रन का योगदान दिया। कुलदीप चौहान ने आठ चौका और दो छक्का की मदद से 39 बाल पर 69 रन बनाये। कुलदीप ने गेंदबाजी में चार ओवर गेंद डालकर 29 रन देते हुए दो विकेट झटके। सौरभ सिंह ने 49 रन बनाये। ब्रेवर्स क्रिकेट क्लब की टीम 87 रन पर पवेलियन वापस लौट गयी और यूथ ने 130 रन से मैच को जीत लिया।

## एक नजर

### फीडे कैंडिडेट्स जीतने के बाद स्वदेश लौटे डी गुकेश, चेन्नई हवाई अड्डे पर हुआ जोरदार स्वागत

**चेन्नई।** भारतीय शतरंज खिलाड़ी डी गुकेश टोरंटो में आयोजित कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट 2024 में जीत दर्ज करने के बाद गुरुवार को स्वदेश लौट आए। सुबह चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। चेन्नई हवाई अड्डे पर 17 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी का प्रशंसकों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। भारत के शतरंज नायक के स्वागत के लिए कई लोग हवाई अड्डे पर एकत्र हुए थे। चेन्नई पहुंचने के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में युवा शतरंज खिलाड़ी ने कहा कि फीडे कैंडिडेट्स में जीत उनके लिए विशेष थी। गुकेश ने कहा कि वह फिलहाल विश्व चैंपियनशिप का इंतजार कर रहे हैं। गुकेश ने कहा मैं बहुत खुश हूं, यह मेरे लिए बहुत खास है...तमिलनाडु सरकार, मेरे परिवार, दोस्तों, गुरुओं और प्रायोजकों को विशेष धन्यवाद। मैं विश्व चैंपियनशिप का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

### लंदन ओलंपिक चैंपियन ये शिवेन ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**शेनझेन।** लंदन ओलंपिक चैंपियन ये शिवेन ने बुधवार को चीन की राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में महिलाओं की 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में स्वर्ण पदक जीता और 8 साल के इंतजार के बाद आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। ये ने ओलंपिक क्वालीफाइंग समय 2:23.91 से बेहतर करते हुए 2:22.55 में रेस जीती। तांग कि यांतिंग को रजत और झू लीजू को कांस्य पदक मिला। ये ने 16 साल की उम्र में लंदन ओलंपिक में दो स्वर्ण जीतकर दुनिया को प्रभावित किया। उन्होंने असफल रियो ओलंपिक के बाद 2017 में संन्यास लिया और फिर 2019 में संन्यास से बाहर आने का फैसला किया। वह टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहीं और फिर से संन्यास की घोषणा की। ये ने 2022 में अपनी दूसरी वापसी की और हांग्जो एशियाई खेलों में अपने गृहनगर में स्वर्ण पदक जीता।

### मैड्रिड ओपन : राफेल नडाल पूरी तरह से फिट नहीं, टूर्नामेंट में खेलने को लेकर अनिश्चितता

**मैड्रिड।** राफेल नडाल ने बुधवार को स्वीकार किया है कि वह अभी भी पूरी तरह से फिट नहीं हैं और मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलने को लेकर अनिश्चित हैं। नडाल ने बुधवार को पत्रकारों से कहा इस सप्ताह संवेदनाएं सही नहीं रहीं। अगर यह मैड्रिड नहीं होता तो शायद मैं नहीं खेलता। लेकिन इसमें बहुत सारी भावनाएं शामिल हैं। मुझे नहीं पता कि अगले तीन हफ्तों में क्या होने वाला है। मैं लड़ना जारी रखूंगा और वो चीजें करता रहूंगा जो मुझे लगता है कि पेरिस में खेलने के लिए मुझे करने की जरूरत है। और यदि यह संभव है, तो यह संभव है। यदि नहीं, तो नहीं। मैं पेरिस में उस तरह से खेलने नहीं जा रहा हूं जैसा मैं आज महसूस कर रहा हूं। नडाल ने कहा है कि यह संभवतः दौरे पर उनका विदाई वर्ष है।

## आईपीएल अंक तालिका में एक स्थान ऊपर आयी दिल्ली कैपिटल्स



**मुम्बई। एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स की टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में मिली जीत के साथ ही एक साथ का लाभ हुआ है और वह छठे स्थान पर आ गयी है। वहीं गुजरात की टीम सातवें नंबर पर खिसक गयी है। दिल्ली कैपिटल्स के अब 9 मैचों में आठ अंक हैं पर -0.386 के बेहतर नेट रन रेट के कारण वह रैंकिंग में गुजरात से ऊपर आ गयी है। गुजरात की टीम अंक तालिका में नौ मैचों में 8 अंकों के साथ ही छठे से खिसककर सातवें स्थान पर पहुंच गयी है। वहीं अंक तालिका में अभी राजस्थान रॉयल्स 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है जबकि 10-10 अंक लेकर कोलकाता नाइट राइडर्स, सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जाइंट्स दूसरे, तीसरे और चौथे नंबर पर है। चेन्नई के 8 मैचों में 8 अंक हैं जिस कारण वह पांचवें स्थान पर है।

मुंबई इंडियंस 6 अंक लेकर आठवें, पंजाब किंग्स 4 अंक लेकर नौवें और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 2 अंक लेकर 10वें स्थान पर है। ऑरेंज कैप के दावेदारों में आरसीबी के विराट कोहली सबसे ज्यादा रन बनाकर सबसे बड़े दावेदार बने हुए हैं। विराट के 379 रन हैं, दूसरे नंबर पर सीएसके के रुतुराज गायकवाड़ हैं उनके 349 रन हैं जबकि गुजरा के खिलाफ धमाकेदार पारी खेलकर 88 रन बनाने के साथ ही दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत कुल 342 रनों के साथ ही तीसरे नंबर पर आ गये हैं। पर्पल कैप की सूची में मुंबई इंडियंस के जसप्रीत बुमराह 13 विकेट लेकर पहले जबकि राजस्थान रॉयल्स के युजवेंद्र चहल 13 विकेट लेकर दूसरे नंबर हैं।

## आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के ब्रांड एंबेसडर बने उसेन बोल्ट



**नई दिल्ली। एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को ओलंपिक दिग्गज उसेन बोल्ट को आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 का ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है, जो 1-29 जून 2024 तक वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाएगा। बोल्ट ने रियो ओलंपिक खेल 2016 में इतिहास रचा जब उन्होंने लगातार तीन तीन स्वर्ण पदक हासिल किया। दुनिया भर में स्टारडम की उनकी यात्रा 2008 में बीजिंग में ओलंपिक खेलों में शुरू हुई, जहां उन्होंने 100 मीटर, 200 मीटर और 4७100 मीटर, सभी विश्व रिकॉर्ड समय में जीते।

बोल्ट के पास वर्तमान में 100 मीटर, 200 मीटर और 4७100 मीटर में क्रमशः 9.58 सेकंड, 19.19 सेकंड और 36.84 सेकंड के समय के साथ विश्व रिकॉर्ड हैं। उनका पहला विश्व रिकॉर्ड 2008 में 100 मीटर में था जब उन्होंने न्यूयॉर्क में 9.72 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने बीजिंग में 2008 ओलंपिक खेलों में इसे घटाकर 9.69 सेकेंड और फिर बर्लिन में 2009 विश्व चैंपियनशिप में इसे घटाकर 9.58 सेकेंड कर दिया। एक एंबेसडर के रूप में, बोल्ट इस आयोजन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिसकी शुरूआत अगले सप्ताह प्रतिष्ठित कलाकारों सीन पॉल और केस के साथ कार्यक्रम के आधिकारिक संगीत वीडियो के रिलीज में एक कैमियो उपस्थिति के साथ होगी।

## वेस्टइंडीज सीरीज में मिली हार के बाद पीसीबी ने महिला चयन समिति का किया पुनर्गठन




**लाहौर। एजेंसी**

वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में पाकिस्तानी टीम को मिली 3-0 की शर्मनाक हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने राष्ट्रीय महिला चयन समिति का पुनर्गठन किया है और इसे सात सदस्यों तक बढ़ा दिया है। नई चयन समिति में पिछले पैनल के बरकरार सदस्य अस्माविया इकबाल और मरीना इकबाल शामिल हैं। अब्दुल रज्जाक और असद शफीक (दोनों पुरुषों की राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य) और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, बतूल फातिमा भी समिति में शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, कोच और कप्तान राष्ट्रीय महिला चयन समिति में भी काम करेंगे। पीसीबी ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा पिछले पैनल के बरकरार रखे गए सदस्यों में अस्माविया इकबाल और मरीना इकबाल शामिल हैं। उनके साथ अब्दुल रज्जाक और असद शफीक (दोनों पुरुषों की राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य) और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, बतूल फातिमा भी शामिल हैं। पुरुषों की राष्ट्रीय चयन समिति के अनुरूप, कोच और कप्तान भी राष्ट्रीय महिला चयन समिति का हिस्सा होंगे। बयान में आगे कहा गया, नई चयन समिति का तत्काल कार्य इंग्लैंड के आगामी दौरे के लिए पाकिस्तान महिला टीम का चयन करना होगा, जहां उन्हें 11 से 29 मई तक तीन टी20ई और तीन आईसीसी महिला चैम्पियनशिप 2022-25 मैच खेलने हैं।ह्व वेस्टइंडीज से 0-3 की मिली हार के बावजूद, पाकिस्तान वर्तमान में 10-टीम आईसीसी महिला चैम्पियनशिप 2022-25 में पांचवें स्थान पर है। मेजबान भारत के साथ इस चैंपियनशिप की शीर्ष पांच टीमें सीधे आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के लिए क्वालीफाई करेंगी। शेष टीमें गुरुवार से शुरू होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर टूर्नामेंट में भाग लेंगी।

### टेबल टेनिस लीग का दूसरा सीजन 27-28 को

**मुंबई।** पहले सीजन की सफलता के बाद प्राइम टेबल टेनिस का दूसरा संस्करण 27-28 अप्रैल, 2024 को आयोजित किया जाएगा। पहला सीजन जहां, ठाणे जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के खिलाड़ियों पर केंद्रित था, वहीं दूसरे सीजन में महाराष्ट्र के शीर्ष खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। बुधवार को आयोजकों द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि दूसरा सीजन पलावा शहर के ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित किया जाएगा। लीग ने पहले ही महाराष्ट्र राज्य टेबल टेनिस एसोसिएशन के साथ 5 साल के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है, जो खेल को लोकप्रिय बनाने, इसे और अधिक सुलभ और आकर्षक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीजन 2 में आठ टीमें होंगी, जिसमें कुल 56 शीर्ष स्तरीय एथलीट होंगे और प्रत्येक टीम में 7 खिलाड़ी होंगे। खिलाड़ियों का चयन 5 नवंबर को आयोजित खिलाड़ी नीलामी के माध्यम से किया गया था। मार्की पुरुष वर्ग में, दीपित पाटिल, चिन्मय सोमैया, और सिद्धेश पांडे शीर्ष तीन खरीददार थे। वहीं, मार्की महिला वर्ग में श्रुति अमृते, श्रेया देशपांडे और समृद्धि कुलकर्णी ने सबसे अधिक बोली हासिल की, जो टेबल टेनिस प्रतिभा में बढ़ती रुचि और निवेश को दशार्ता है। प्रत्येक टीम ने एक पूर्ण और व्यापक टीम संरचना सुनिश्चित करने के लिए मुख्य कोच, सहायक कोच और प्रबंधकों की नियुक्ति भी की है। महाराष्ट्र राज्य टेबल टेनिस एसोसिएशन की विज्ञप्ति के अनुसार यतिन टिपनिस ने कहा, ़हम प्राइम टेबल टेनिस के आगामी दूसरे सीजन को लेकर रोमांचित हैं। हमें विश्वास है कि यह सीजन पहले सीजन से आगे निकल जाएगा, खासकर महाराष्ट्र के शीर्ष खिलाड़ियों को शामिल करने के साथ। और भी अधिक रोमांचक मैचों के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि दर्शकों को कौशल का मनोरम प्रदर्शन और खेल की शक्ति का सबूत देखने को मिलेगा।

# वाणिज्य



## शेयर बाजार ने लगाया मजबूती का पंच सेंसेक्स इंट्रा-डे में 1,015 अंक उछला



**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार लगातार पांचवें कारोबारी दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद से ही तेजड़ियों ने लगातार खरीदारी शुरू कर दी। लगातार हो रही लिवाली के कारण शेयर बाजार ने ओपनिंग के कुछ समय बाद ही शानदार रिकवरी कर ली। कारोबार में सेंसेक्स निचले स्तर से 1,015 अंक और निफ्टी निचले स्तर से 320 अंक की छलांग लगाने में सफल रहे। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.66 प्रतिशत और निफ्टी 0.75 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। कारोबार के दौरान पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, फार्मास्यूटिकल और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह एनर्जी, मेटल, इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑयल एंड गैस और एफएमसीजी इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। कंज्यूमर ड्यूरेबल इंडेक्स बिकवाली के दबाव की वजह से गिरावट के साथ बंद हुआ।

ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.71 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार का अंत किया। बाजार में आए उछाल के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद उछल कर 404.34 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया।

पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 401.37 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को कारोबार से करीब 2.97 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,934 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,079 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,716 शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

## जर्मन कंपनी ऑडी जून से वाहनों की कीमतों में दो फीसदी का करेगी इजाफा



**नई दिल्ली। एजेंसी**

जर्मन वाहन निमार्ता कंपनी ऑडी ने कार की कीमतों में बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। कंपनी कच्चे माल की बढ़ती कीमत के प्रभाव को कम करने के लिए एक जून से भारत में अपने विभिन्न मॉडल की कीमतों में दो फीसदी तक का इजाफा करेगी। कंपनी के इंडिया प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने जारी बयान में कहा कि एक जून से कीमतों में बढ़ोतरी का उद्देश्य ऑटोमेकर और उसके डीलरों के लिए सतत विकास सुनिश्चित करने के साथ ही ग्राहकों पर प्रभाव को कम करना है। कच्चे माल की बढ़ती लागत हमें कीमतों में दो फीसदी तक की बढ़ोतरी करने के लिए मजबूर कर रही है। ढिल्लों ने कहा कि ऑडी इंडिया की खुदरा बिक्री बीते वित्त वर्ष 2023-24 में सालाना आधार 33 फीसदी की वृद्धि के साथ 7,027 इकाई रही थी।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। ब्रेंट क्रूड 89 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल का भाव 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका है। मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.02 डॉलर यानी 0.02 फीसदी की बढ़त के साथ 88.04 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.01 डॉलर यानी 0.01 फीसदी उछल कर 82.82 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## ग्लोबल मार्केट से कमजोर संकेत एशियाई बाजारों में भी गिरावट का रुख



**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार दबाव में कारोबार करने के बाद सपाट स्तर पर बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार ने भी पिछले सत्र के दौरान कमजोरी के साथ कारोबार का अंत किया।

एशियाई बाजारों में भी बिकवाली का दबाव बना हुआ है। टेक कंपनियों के कमजोर नतीजों की वजह से अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। हालांकि कारोबार के अंत में खरीदारी का सपोर्ट मिलने की वजह से वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांक मामूली बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। डाउ जॉन्स 43 अंक की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.08 अंक की सांकेतिक तेजी के साथ 5,071.63 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 15,712.75 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 110.17 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करते रहे। एफटीएसई इंडेक्स 0.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,040.38 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सीएसी इंडेक्स ने 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,091.86 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

## एक नजर

### दुर्घटनावश गोली लगने से एक जवान की मौत

**रायपुर /दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा एवं नारायणपुर की सीमा पर गश्त के दौरान दुर्घटनावश गोली लगने से जहां एक जवान की मौत हो गई , वहीं एक जवान घायल हो गया ।मृतक जवान का नाम जोगराज कर्मा जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) दंतेवाड़ा है । घायल जवान परसूराम अलामी का उपचार जारी है। बस्तर आई जी सुंदरराज पी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दंतेवाड़ा जिले के बारसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हांदावाडा और हितावड़ा क्षेत्र में सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर बुधवार को दंतेवाड़ा और नारायणपुर के सीमावर्ती क्षेत्र में डीआरजी और ह्यबस्तर फाइटर्सह्ल के संयुक्त दल को गश्त पर रवाना किया गया था।गश्त के दौरान रात करीब 11 बजे दुर्घटनावश गोली चलने से आरक्षक जोगराज कर्मा और आरक्षक परसूराम अलामी घायल हो गए।अधिक रक्तस्त्राव से जोगराज कर्मा की मौत हो गई। घायल आरक्षक परसूराम को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रायपुर भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### बिस्कुट से भरी वाहन में लगी आग

**धमतरी।** गुरुवार की सुबह एक सामान से भरी चलती मेटाडोर में आग लग गई, जिससे मेटाडोर धू- धूकर जल गया। फायरबिग्रेड द्वारा आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। मेटाडोर में रखा काफी सामान जल चुका था। मिली जानकारी के अनुसार केरेगांव थाना से लगभग 200 मीटर दूर मेटाडोर आयसर वाहन एक प्रसिध्द कंपनी की बिस्कुट लेकर रायपुर से नगरी जा रहा था। सुबह लगभग आठ बजे चलती वाहन में अचानक आग लग गई। जैसे ही वाहन चालक राजेश निषाद को आग लगने की जानकारी हुई तो उन्होंने वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। अंदाजा लगाया जा रहा है कि वाहन में शार्ट सर्किट के चलते आग लगी होगी। बताया जा रहा है कि आगजनी से बिस्कुट व वाहन जलकर खाक हो गया है। वाहन में आग लगने की सूचना पर तत्काल केरेगांव थाना प्रभारी प्रदीप सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंची।

### शराब दुकान में तीन लाख रुपये की लूट

**कोरबा-पाली।** कोरबा जिले के सरहद क्षेत्र पाली थाना अंतर्गत बुधवार की रात देशी शराब दुकान में लूट की वारदात हुई है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में पुलिस की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था और जगह-जगह पर की जाने वाली जांच और चेकिंग के बीच अज्ञात लुटेरों ने इस दुस्साहस को अंजाम दिया है। प्रारंभिक तौर पर बताया गया है कि पाली मुख्य बाजार से लगभग 500 मीटर की दूरी पर स्थित एवं नेशनल हाईवे से लगे हुए क्षेत्र में संचालित देशी शराब दुकान में रात 9 से 10 बजे के मध्य अज्ञात लोगों ने बंदूक की नोक पर करीब तीन लाख रुपये की कलेक्शन राशि की लूट को अंजाम दिया है।

### पुलिस ने नष्ट किए अफीम के 60 हजार पौधे

**कुल्लू।** जिला कुल्लू के दूरदराज क्षेत्र ब्रो में पुलिस ने भारी मात्रा में अफीम की अवेध खेती को नष्ट करने में सफलता हासिल की है। नशे की खेती करने का मामला गत दिवस उस दौरान सामने आया जब पुलिस इलाके में गश्त पर थी। पुलिस शिलावटी के समीप पहुंची तो खेतों में अफीम की खेती की हुई पाई गई। पुलिस ने अफीम की अवैध खेती को नष्ट करके कब्जे में ले लिया। पुलिस अधीक्षक डॉ कार्तिकेयन ने बताया कि पुलिस ने मौका से 60 हजार 590 अफीम के पौधे नष्ट किए हैं। पुलिस ने शुरूआती जांच में पाया कि जिस भूमि पर अफीम की खेती की गई थी वह मुश्तरिका हिस्सेदार सुभाष चन्द व दोरजे छेरिंग निवासी धमोटा की है। पुलिस सभी तथ्यों को सामने रखकर जांच को आगे बढ़ा रही है।

### भारतीय वायुसेना का टोही विमान जैसलमेर में क्रैश

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर गुरुवार सुबह करीब 10 बजे भारतीय वायुसेना का एक टोही विमान क्रैश हो गया। हादसा पिथला-जाजिया गांव के नजदीक रोजाणियों की ढाणी में हुआ। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वायुसेना ने अपने अधिकारिक हैंडल 'एक्स' पर दुर्घटना की पुष्टि की है। वायुसेना की ओर से 'एक्स' पर लिखा गया है भारतीय वायु सेना का रिमोट संचालित विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान आज जैसलमेर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। किसी भी कर्मी या संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का गठन किया गया है। हादसे की जानकारी मिलने पर जिला प्रशासन के साथ वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

### लखनऊ में विकास की दौड़ जारी रखने के लिए राजनाथ सिंह को जिताएं : नीरज

**लखनऊ।** लखनऊ लोकसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के दिन-रात प्रचार में जुटे भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि लखनऊ में विकास की दौड़ जारी रखने के लिए भाजपा उम्मीदवार एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को रिकार्ड मतों से जिताएं। बशीरातगंज गणेशगंज वार्ड के पार्षद गिरीश गुप्ता की ओर से आयोजित सराय फाटक चौराहे के नुक्कड़ सभा में पहुंचे नीरज सिंह ने कहा कि पिछले पांच वर्षो में लखनऊ में जो विकास कार्य हुए, इस विकास की दौड़ को और बढ़ाना है। ब्रह्मोश मिसाईल के निर्माण संयंत्र, सुगम अवागमन के लिए पुल का निर्माण, युवाओं को रोजगार, महिलाओं को गैस सिलेंडर एवं गरीब परिवार को मुफ्त राशन समेत कई योजनाओं को लाभ मिला है।

# कांग्रेस इकोनॉमिक सर्वे कराकर गरीबों का धन छीनना चाहती है: डॉ. मोहन यादव

**खरगोन/सागर। एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को खरगोन लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र पटेल के समर्थन एवं सागर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी लता वानखेड़े के समर्थन में बड़तुमा में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में इकोनॉमिक सर्वे कराने की बात कही है। कांग्रेस इकोनॉमिक सर्वे कराकर गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों का धन छीनना चाहती है।

**कांग्रेस मेहनत से कमाया धन छीनना चाहती है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस देश के गरीबों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों सहित हम सबका मेहनत से कमाया हुआ धन छीनना चाहती है। यह लोकतंत्र में कभी नहीं हो सकता। वर्ष 2013 से पहले देश में कांग्रेस की सरकार थी और उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने भी यह बोला था कि इस देश पर पहला हक मुसलमानों का है। कितना दुर्भाग्य है कि कांग्रेस हमेशा से हिन्दू-मुसलमानों के बीच में फूट डालकर शासन करती रही। घमंडिया गठबंधन के लोग पानी पी-पीकर रोज एकमात्र व्यक्ति को गाली देते हैं। उन्हें कोई और नहीं मिलता। सोनिया गांधी इसलिए गाली देती हैं कि राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नहीं बनने दे रहे हैं, लालू यादव इसलिए गाली दे रहे हैं कि तेजस्वी को मुख्यमंत्री नहीं बनने दे रहे हैं, ममता बनर्जी इसलिए गाली देती हैं कि उनके भतीजे को आगे नहीं आने दे रहे हैं। यह सभी अपने-अपने खानदान को आगे बढ़ाने के लिए निकले हैं। इन्हें देश की चिंता नहीं है। देश और देश के 140 करोड़ लोगों की चिंता करने का काम प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं। वे भारत को मान-सम्मान दिलाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि निमाड़ की धरती हमेशा से वीरों की धरती रही है। टंट्या मामा जैसे महान योद्धा, जिन्होंने अंग्रेजों के दांत भी खट्टे कर दिए थे। टंट्या मामा ने आदिवासी, गरीबों के लिए लड़ाई लड़ी, लेकिन कांग्रेस ने कभी उनका सम्मान नहीं किया। इतने वर्षों तक देश-प्रदेश में शासन किया, लेकिन कांग्रेस ने टंट्या मामा को उनका सम्मान नहीं दिलाया। टंट्या मामा, रानी अवंती बाई लोधी इन सभी ने अपना जीवन भारत की प्रगति और आजादी के लिए खफा दिया, लेकिन दुर्भाग्य से कांग्रेस ने इनके लिए कभी कुछ नहीं किया। अब भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी उनको सम्मान दिला रहे हैं। हर वर्ष उनकी जयंती मनाई जा रही है। यह सिर्फ टंट्या मामा ही नहीं, बल्कि संपूर्ण आदिवासी वर्ग का सम्मान है।

**आदिवासी लोकनृत्य और गीतों के साथ निकला रोड शो, मुख्यमंत्री पर हुई फूलों की वर्षा**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खरगोन-बड़वानी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह पटेल के समर्थन में सभा को संबोधित करने के बाद नामांकन रैली में भी सहभागिता की। वे रथ पर सवार होकर खरगोन के प्रमुख मार्गों से निकले। इस दौरान आदिवासी लोकनृत्य और आदिवासी गीतों के साथ रोड शो निकाला गया। रास्ते भर मुख्यमंत्री पर फूलों की बारिश होती रही।

खरगोनवासियों ने मुख्यमंत्री के स्वागत, सत्कार में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। मुख्यमंत्री भी रास्तेभर लोगों का अभिवादन स्वीकारते हुए चलते रहे। जगह-जगह स्वागत मंच बनाकर मुख्यमंत्री के रथ पर फूलों की बारिश की गई एवं उनका स्वागत, सत्कार किया गया।



**भाजपा हर वर्ग के लोगों से प्रेम करती है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा हर वर्ग के लोगों से प्रेम करती है। हम गरीबों, आदिवासियों, मुसलमानों सभी से प्रेम करते हैं, तभी तो देश के सर्वोच्च पदों पर इन्हें बैठाते हैं। यह काम कांग्रेस की सरकार में कभी नहीं हुआ। उन्होंने कभी किसी आदिवासी को, किसी मुसलमान को देश का राष्ट्रपति नहीं बनाया। हम गरीबों से प्रेम करते हैं, इसलिए गरीब घर से निकले हुए व्यक्ति यहां पर प्रधानमंत्री बनते हैं, मुख्यमंत्री बनते हैं। यह काम सिर्फ भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी ही कर सकते हैं।

**पीएम ने पूरा जीवन सेवा में लगा दिया**

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से हनुमानजी का जीवन सदैव त्याग करने एवं दूसरों को देने के लिए रहा वैसे ही प्रधानमंत्री मोदी ने भी अपना पूरा जीवन देश सेवा को समर्पित कर दिया। जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तो उन्होंने अपने वेतन, भत्तों की राशि भी अपने कर्मचारियों के बच्चों को पढ़ाने-लिखाने के लिए दान कर दी। उन्होंने अपने लिए कभी कुछ नहीं किया। जो भी वेतन, भत्तों की राशि आती है उसे अब गंगा मैया की सेवा में लगा रहे हैं।

## बहुगुणा ने राष्ट्रीय राजनीति में बनाई अपनी पहचान: गणेश जोशी

**देहरादून। एजेंसी**

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने स्व.बहुगुणा को भावपूर्ण स्मरण करते हुए कहा कि हिम पुत्र ने पहाड़ की पगडंडियों से उन्होंने राष्ट्रीय राजनीति में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने राज्य और राष्ट्र हित में संकल्पित होकर विकास कार्य को किया,जिसे हमेशा याद किया जाएगा।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हिमालय पुत्र स्व.हेमवती नन्दन बहुगुणा की जयंती पर मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को घंटाघर स्थित उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि वह ओजस्वी वक्ता और प्रखर राजनेता थे। वे उत्तरप्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री और केन्द्र सरकार में मंत्री रहे। उन्होंने कहा स्व.हेमवती नंदन बहुगुणा ने राज्य हित के लिए कई कदम उठाये। पर्वतीय राज्यों के विकास के लिये सदैव तत्पर रहते थे। राजनीतिक क्षेत्र में उन्होंने जिस प्रकार से काम किया वह सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप, ज्योति कोटिया, महानगर महामंत्री सुरेंद्र राणा, संजय नौटियाल, भावना चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## अखिलेश के नामांकन का मतलब प्रदेश में सपा गठबंधन की जीत : रामगोपाल

**कन्नौज। एजेंसी**

उत्तर प्रदेश की इत्र नगरी कन्नौज लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गुरुवार को नामांकन कराने वाले हैं। नामांकन से पूर्व पार्टी के बड़े नेता और पदाधिकारियों समेत कार्यकताओं का कन्नौज पहुंचने का सिलसिला सुबह से ही जारी हो गया। जनपद में सबसे पहले सपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एवं सांसद प्रोफेसर राम गोपाल यादव पहुंचे। उन्होंने मीडिया से बात की और अखिलेश यादव के नामांकन और पार्टी को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि कन्नौज से अखिलेश यादव के नामांकन कराने का मतलब है कि उप्र की सभी सीटों पर समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन जीतने जा रहा है। रामगोपाल यादव ने पहले चरण में आठ सीटों पर हुए मतदान को लेकर कहा कि जिस तरह से पश्चिम में चुनाव की शुरूआत में रुझान मिला है, अब आगे के मतदान में उससे भी बेहतर होगा।

सपा और गठबंधन के पक्ष में हवा चल रही है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार सुब्रत पाठक द्वारा लगातार कन्नौज सीट पर सपा प्रत्याशी के हराने वाले बयान को लेकर कुछ बोलने से इंकार दिया। फिलहाल अखिलेश यादव के नामांकन को देखते हुए कन्नौज में सियासी पारा चढ़ गया है। स्थानीय सपा नेताओं के साथ कई जगहों से पार्टी नेता भी यहां पहुंच रहे हैं।

वहीं नामांकन में चाचा शिवपाल यादव, मैनपुरी से प्रत्याशी डिंपल यादव समेत कई पदाधिकारियों के पहुंचने की संभावना है। सपा और भाजपा उम्मीदवार के एक ही दिन नामांकन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने जिले में मुस्तैदी बढ़ा दी है।



### जज के रसोईये से मोबाइल झपटने वाले गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जगाधरी कोर्ट में कार्यरत जज के रसोईये से मोबाइल झपटमारी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को गुरुवार को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गांधीनगर पुलिस थाने के जांच अधिकारी सुभाष चंद्र ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर संदीप, रविन्द्र, नरेश और राधेश्याम सहित टीम का गठन कर कलकत्ता नर्सरी के पास घूम रहे दो युवकों को शक होने पर हिरासत में ले लिया। पूछताछ में खुलासा होने के बाद दोनों आरोपी मनोज निवासी मोती बाग, हिमांशु निवासी विशालनगर के खिलाफ केस दर्ज कर आज कोर्ट में पेश किया गया और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दोनों ही आरोपियों नशे के आदि है और पहले भी इन पर केस दर्ज है।

## यूक्रेन ने लंबी दूरी की मिसाइल से रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों को बनाया निशाना

- मिसाइल से 300 किलोमीटर दूरी तक के लक्ष्य पर निशाना साधा जा सकता है
- रूसी लक्ष्यों पर हमला करने की महत्वपूर्ण क्षमता प्रदान करती है

**वाशिंगटन। एजेंसी**

यूक्रेन ने अमेरिका से मिली लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों का पहली बार इस्तेमाल करते हुए रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों को निशाना बनाया है। यह जानकारी अमेरिकी अधिकारियों ने बुधवार को दी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले सप्ताह क्रीमिया में एक रूसी सैन्य हवाई क्षेत्र और एक अन्य कब्जे वाले क्षेत्र में रूसी सेना पर बमबारी की गई। अमेरिका ने गत अक्टूबर में दोगुनी मारक क्षमता वाली मिसाइल यूक्रेन को उपलब्ध कराई थी। इन मिसाइल से 300 किलोमीटर दूरी तक के लक्ष्य पर निशाना साधा जा सकता है। एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा हस्ताक्षरित नये सैन्य सहायता पैकेज के तहत इनमें से अधिक मिसाइल प्रदान कर रहा है।

इस बीच ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के उपाध्यक्ष ने कहा कि यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइल उपलब्ध कराने का यह सही समय है। यूक्रेन को बढ़ते रूसी हमलों का सामना करना पड़ रहा है। यूक्रेन लंबी दूरी की मिसाइल प्रणाली के लिए अनुरोध कर रहा था। अमेरिका द्वारा उपलब्ध कराई गई मिसाइल बहुत दूर स्थित रूसी लक्ष्यों पर हमला करने की महत्वपूर्ण क्षमता प्रदान करती है।



## धमतरी जिले में 10 हजार परिवारों में गायत्री महायज्ञ का लक्ष्य

**धमतरी। एजेंसी**

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा विश्व कल्याण के साथ अनीति एवं अत्याचार निवारण, लोगों में आपसी प्रेम, सद्भावना बढ़ाने एवं खुशहाल जीवन के लिए प्रतिवर्ष बुद्ध जयंती के अवसर पर गृहे गृहे यज्ञ अभियान का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 2024 में भी जिले के धमतरी,कुरुद, मगरलोड, नगरी एवं भखारा ब्लाक में 10 हजार परिवारों में गायत्री यज्ञ कराने का लक्ष्य रखा गया है। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने इस अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सन् 2018 से संचालित इस अभियान के अंतर्गत अभी तक जिले के 45 हजार से अधिक परिवारों में यज्ञ संपन्न कराया जा चुका है। यह अभियान अभी माता जी के जन्म शताब्दी समारोह 2026 तक जारी रहेगा। इस अभियान को पूरा करने जिले का लक्ष्य 10 हजार परिवारों में यज्ञ कराना है। प्रत्येक ब्लाक के लिए दो दो हजार एवं प्रत्येक इकाई के लिए दो दो सौ परिवार का लक्ष्य रखा गया है। दिलीप नाग ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा तैयार किए गए जिले भर से 500 परिजनों की टोलियां अपने सहयोगियों के साथ घर घर पहुंच कर यज्ञ संपन्न करायेंगे। कार्यक्रम में निर्धारित तिथि में सभी गायत्री परिजन प्रातः अपने निवास में पूरे परिवार के सदस्यों के साथ यज्ञ करायेंगे। आचार्य गण संक्षिप्त हवन विधि से या शांतिकुंज द्वारा निर्धारित विधि से एक से अधिक परिवारों में यज्ञ करा कर अपने दिये गये लक्ष्य को पूरा करने का भरपूर प्रयास करेंगे।



**कार्यक्रम** | **विश्वभर में धर्म और संस्कृति की पताका को फहराने का कार्य किया**

## स्वामी बागीश्वरानंद महाराज थे संत समाज का गौरव: रविन्द

- शिष्य महंत शिवम महाराज राष्ट्र की उन्नति और धर्म के उत्थान में अपना अतुल्य सहयोग प्रदान कर रहे है

**हरिद्वार। एजेंसी**

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और श्री पंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव श्रीमंहत रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि संतों का जीवन परमार्थ को समर्पित होता है। ब्रह्मलीन स्वामी बागीश्वरानंद महाराज संत समाज का गौरव थे। जिन्होंने हरिद्वार से विश्वभर में धर्म और संस्कृति की पताका को फहराने का कार्य किया। राष्ट्र निर्माण में उनका अतुल्य योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। वे भूपतवाला स्थित श्री चेतन ज्योति आश्रम में गुरुजन स्मृति श्रद्धांजलि समारोह में बोल रहे थे। यह समारोह चेतन ज्योति आश्रम के अध्यक्ष स्वामी ऋषिश्वरानंद महाराज के तत्वावधान और बाबा हठयोगी महाराज की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश और महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद महाराज ने कहा कि संतों का जीवन निर्मल जल के समान होता है। ब्रह्मलीन बागीश्वरानंद महाराज त्याग और तपस्या की साक्षात प्रतिमूर्ति थे। उनके किए गए सेवा प्रकल्पों में बढ़ोतरी करते हुए स्वामी ऋषिश्वरानंद महाराज और उनके शिष्य महंत शिवम महाराज राष्ट्र की उन्नति और धर्म के उत्थान में अपना अतुल्य सहयोग प्रदान कर रहे है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष बाबा हठयोगी महाराज ने कहा कि राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधने में संतों ने अग्रणी भूमिका निभाकर सदैव समाज को समरसता का संदेश दिया है। श्री चेतन ज्योति आश्रम और चेतन ज्योति संस्कृत महाविद्यालय द्वारा स्वामी ऋषिश्वरानंद महाराज भावी पीढ़ी को संस्कारवान बनाकर देश हित और सनातन धर्म के उत्थान के लिए समर्पित कर रहे हैं। समस्त समाज के लिए यह गौरव का विषय है।

श्री चेतन ज्योति आश्रम के अध्यक्ष स्वामी ऋषिश्वरानंद और महंत शिवम महाराज ने कहा कि संतों की सेवा करते हुए भारतीय संस्कृति और धर्म के उत्थान में सहयोग करना और गौ, गंगा संरक्षण के लिए युवा संतों को प्रेरित करना ही उनके जीवन का मूल उद्देश्य है।




## अजीत डोभाल ने रूसी समकक्ष से द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की

**मॉस्को। एजेंसी**

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने बुधवार को रूस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार निकोलाई पेत्रुशेव से द्विपक्षीय सहयोग पर जारी प्रगति की समीक्षा की। साथ ही आपसी हितों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। डोभाल की यह इस माह पेत्रुशेव से दूसरी बार मुलाकात है। मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि डोभाल ने सेंट पीटर्सबर्ग में सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्चाधिकारियों की 12वीं अंतरराष्ट्रीय बैठक के मौके पर पेत्रुशेव के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। पोस्ट में कहा गया है, दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की और आपसी हितों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। डोभाल ने 22 मार्च को मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल में हुए बर्बर आतंकी हमले की निंदा की थी और इस खतरे से निपटने में दोहरे मानदंडों से बचने का आह्वान किया था। इस महीने की शुरूआत में डोभाल ने अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों की सुरक्षा परिषदों के सचिवों की 19वीं वार्षिक बैठक के मौके पर पेत्रुशेव से मुलाकात की थी।



